05 जून 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार | वर्ष-31, अंक- 228, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## एक नजर

### पीएम मोदी ने 11 लोगों की मौत पर जताया दुख

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** बेंगलुरु भगदड़ हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हो जाएं।

### आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान भगदड़, 11 लोगों की मौत

**बेंगलुरु (हि.स.)।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री परेड के दौरान बुधवार को मची भगदड़ में कम से कम 11 लोगों की मौत की खबर है। जबकि, हादसे में 50 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में से 27 की हालत गंभीर है, जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद स्टेडियम में प्रशंसकों की मौजूदगी में आईपीएल की विजेता टीम को सम्मानित किया गया।

# बकरीद को लेकर पुलिस सतर्क, डीआईजी ने तीनों जिलों के एसपी को जारी किए निर्देश



- संवेदनशील इलाकों की पहचान, सोशल मीडिया पर नजर, उपद्रवियों पर कार्रवाई का आदेश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व 7 जून से मनाया जाना संभावित है, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए पलामू क्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम अंसारी ने पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि त्योहार की तिथि चांद के अनुसार बदल भी सकती है, लेकिन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडवांस प्लानिंग जरूरी है। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि सभी संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र के सभी नमाज स्थलों की सूची तैयार कर उन स्थानों को विशेष निगरानी में रखा जाए जहां सड़क पर नमाज या कुर्बानी के दौरान विवाद की आशंका रहती है। स्थानीय मौलवियों, अंजुमन समिति और समाजसेवियों से समन्वय स्थापित कर नमाज का समय पहले से ही निर्धारित कर लिया जाए ताकि भ्रम की स्थिति न बने। सोशल मीडिया पर नजर रखने और अफवाहों की रोकथाम के लिए ग्रुप एडमिन्स के साथ बैठक कर उन्हें स्पष्ट निर्देश देने को कहा गया है। पुराने विवादित मामलों और उपद्रवियों की पहचान कर उनके विरुद्ध 107 की कार्रवाई शुरू करने का भी आदेश दिया गया है। बकरीद की कुर्बानी सार्वजनिक जगहों पर न हो, इसके लिए प्रचार-प्रसार के साथ-साथ कुर्बानी के वेस्टेज का उचित और वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित करने के लिए भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी थानों को निर्देश दिया गया है कि पिछले पांच वर्षों में उनके क्षेत्र में घटित साम्प्रदायिक मामलों का विवरण तैयार करें, जिनमें दर्ज कांड, आरोप पत्र, लंबित मामले और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट हो। अवैध बूचड़खानों और पशु तस्करी पर पूर्णतः रोक लगाने को कहा गया है। डीआईजी ने दो समुदायों के धार्मिक स्थलों की भौगोलिक स्थिति का आकलन करने **शेष पेज 11 पर...**

## राहुल गांधी को इलाहाबाद हाई कोर्ट की फटकार, कहा-

# अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ सेना को बदनाम करना नहीं है

- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की थी टिप्पणी

एजेंसी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में लखनऊ की एक अदालत द्वारा जारी समन के खिलाफ गांधी द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।



कोर्ट ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है। ज्ञात हो कि राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था। उन्होंने कहा था कि चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। यह टिप्पणी वर्ष 2022 में राजस्थान में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान की गई थी। राहुल गांधी ने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा, यहां-वहां, अशोक गहलोत और सचिन पायलट और न जाने क्या-क्या के बारे में पूछेंगे। लेकिन, वे चीन द्वारा 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने, 20 भारतीय सैनिकों को मारने और अरुणाचल प्रदेश **शेष पेज 11 पर...**

## राज्य कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# गीग वर्कर्स के कल्याण के लिए होगा बोर्ड का गठन

- नगर विकास विभाग के ठेकेदारों के लिए अब जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य
- गृह विभाग में कार्यरत चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग में भेजने की मिली स्वीकृति

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर विकास और आवास विभाग के ठेकेदारों के लिए झारखंड का जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी वित सचिव प्रशांत कुमार ने दी। कैबिनेट में झारखंड नगर पालिका संवेदक निबंधन नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई। इसके तहत नगर विकास और आवास विभाग से जुड़े ठेकों में भाग लेने के लिए राज्य के साथ-साथ बाहरी संवेदकों को भी झारखंड का जीएसटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कैबिनेट ने जिन प्रस्तावों पर मुहर लगाई, उनमें गीग वर्कर्स के कल्याण के लिए बोर्ड का गठन भी शामिल है।



झारखंड प्लेटफॉर्म आधारित श्रमिक कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी दी गई। यह बोर्ड जोमैटो, स्विग्गी, ओला, उबर जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर काम करने वाले गीग वर्कर्स के कल्याण के लिए कार्य करेगा। इनके डाटा का संग्रहण ऑनलाइन मोड पर किया जाएगा और उनके लिए वेलफेयर फंड सृजित किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा सत्र में विधेयक लाया जाएगा। कैबिनेट ने गृह विभाग में कार्यरत चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग के अधीन करने की स्वीकृति दे दी है। उनकी सेवाओं को स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर किया जाएगा। अवैध खनन को रोकने के लिए अब निदेशक, खान और जिला स्तर के अधिकारियों को कार्रवाई और जुर्माना लगाने की शक्ति दी गई है। **शेष पेज 11 पर...**

### कैबिनेट के अन्य प्रमुख फैसले

- गढ़वा शहरी जलापूर्ति योजना के पुनरीक्षित प्राकलन के लिए 59.71 करोड़ रुपए की मंजूरी।
- पाकुड़-बरहड़वा मुख्य पथ से पश्चिम बंगाल सीमा तक 6.62 किमी सड़क के निर्माण के लिए 40.39 करोड़ रुपए की स्वीकृति।
- नवनिर्मित अभियंत्रण कॉलेज (बोकारो और गोड्डा) के लिए 85-85 शिक्षकों और 125 शिक्षकेतर कर्मियों के पद सृजित। इससे कुल 41.87 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा।
- राज्य के काराओं में सृजित चिकित्सक के पदों के हस्तांतरण की स्वीकृति दी गई।

# दो चरणों में होगी जातीय गणना के साथ जनगणना

- पहला चरण 01 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा
- दूसरे चरण की शुरुआत 01 मार्च 2027 से होगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश में जातीय गणना के साथ जनगणना दो फेज में कराई जाएगी। इसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 से शुरू होगा। वहीं, दूसरे चरण की शुरुआत एक मार्च 2027 से होगी। पहले फेज में जातिगत जनगणना चार राज्यों में कराई जाएगी, जिसमें पहाड़ी क्षेत्र उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। बता दें कि देश में पिछली बार जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना को मंजूरी दी गई थी। केंद्र सरकार के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि कांग्रेस की सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया है। वर्ष 1947 के बाद से जाति जनगणना नहीं हुई है। जाति जनगणना की जगह कांग्रेस ने जाति सर्वे कराया, यूपीए सरकार में कई राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से जाति सर्वे किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यों में यह कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ है, वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैर-पारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। पीआईबी ने अपने बयान में बताया कि जातियों की गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में कराने का निर्णय लिया गया है। जनगणना-2027 के लिए संदर्भ तिथि मार्च, 2027 के प्रथम दिन 00:00 बजे होगी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के असमकालिक बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि अक्टूबर, 2026 को होगी। जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 के प्रावधान के अनुसार उपरोक्त संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने के आशय की अधिसूचना संभवतः 16.06.2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। बयान में आगे बताया गया है कि भारत की जनगणना, जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम, 1990 के प्रावधानों के अंतर्गत की जाती है। **शेष पेज 11 पर...**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती का निधन

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** रांची की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती का 85 वर्ष की उम्र में बुधवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। डॉ चक्रवर्ती के निधन से चिकित्सा जगत में शोक की लहर है। डॉ शोभा चक्रवर्ती के निधन पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। चिकित्सा जगत



में उनके अमूल्य योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उनका जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं। ॐ शांति! डॉ शोभा चक्रवर्ती के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी शोक प्रकट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, झारखंड की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती जी के निधन का दुखद समाचार मिला। डॉ शोभा जी ने अपना पूरा जीवन महिला स्वास्थ्य की सेवा में समर्पित किया था। उनका चले जाना चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

रांची की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शोभा चक्रवर्ती की आकस्मिक निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार वाले को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें, यह प्रार्थना करता हूं। प्रदेश की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने डॉ चक्रवर्ती के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की। ज्ञात हो कि डॉ शोभा चक्रवर्ती रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) से जुड़ीं रही थीं।

## सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप के विरोध में आदिवासी संगठनों ने बुलाया था बंद

# झारखंड बंद का रहा मिलाजुला असर

- रांची जिले से छह और रामगढ़ से चार लिये गए हिरासत में
- बंद को लेकर सभी जिलों में किए गए थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप के निर्माण के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से बुधवार को बुलाए गए झारखंड बंद का मिलाजुला असर रहा। राजधानी रांची में बंद का असर देखने को मिला। पुलिस के मुताबिक विधि-व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में रांची जिले से छह और रामगढ़ से चार, कुल 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस की मुस्तैदी के कारण राज्य भर में देर शाम तक किसी भी अप्रिय घटना की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अभियान माइकल राज एस ने बताया कि बंद में कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बंद को लेकर सभी जिलों में सुरक्षा के **शेष पेज 11 पर...**

### संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्ष मांग कर रहा था 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की। लेकिन, केंद्र सरकार ऐसा करना नहीं चाहती थी, सो पहले तो उस पर चुप्पी साधे रही। लेकिन, जब 16 विपक्षी दलों ने पीएम को पाती लिख कर इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की, तो केंद्र सरकार ने 21 जुलाई से 12 अगस्त तक होने वाले संसद के मॉनसून सत्र की घोषणा कर दी। इस बारे में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मॉनसून सत्र आयोजित किया जाएगा। **शेष पेज 11 पर...**

## इंडिया

# हार अगर महाराणा प्रताप गए थे, तो घास की रोटी किसने खाई थी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बुतरस घाली ने कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा पाकिस्तान को सिंधु नदी का पानी रोकने और चीन का ब्रह्मपुत्र का पानी रोकने की भभकी का मामला कितना आगे जाएगा यह तो भविष्य की बात है पर इतना तय है कि वर्तमान में वैचारिक विश्व युद्ध सोशल मीडिया पर ही लड़ा जा रहा है जिसके उपयोगकर्ता कम पढ़े लिखे से लेकर उच्च शिक्षित तक हैं और जिन्हें पुस्तकों का अध्ययन करने की फुर्सत नहीं जिस कारण झूठी या आधी-अधूरी जानकारी से लेकर एआइ निर्मित फर्जी वीडियो तक से भ्रम फैलाना आसान हो गया है। इसमें लगे साइबर सैनिक भाड़े पर काम करते हैं और हर चुनाव के पहले पाला तक बदल लेते हैं जिससे एक बनावटी विचारधारा इस चालाकी से थोपी जाती है कि वह सच से ज्यादा विश्वसनीय लगती है और ये साइबर सैनिक उसे लाखों करोड़ों लोगों की पसंद दिखाते हैं जिससे किसी कि भी मिटटी पलीद करने का कुप्रयास किया जाता है। अभी ऐसे ही प्रयास में भारत के महापुरुषों को जातीय आधार पर बांटने और उनके त्याग तपस्या को तुच्छ साबित करने का अभियान चल रहा है जिस कारण सोशल मीडिया पर चल रहा है कि यदि सिकंदर महान था तो पोरस,सम्राट अशोक,वीर शिवाजी,पृथ्वीराज चौहान और घास की रोटी खाकर पत्थर पर सोने के बाद भी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं करने वाले महराणा प्रताप कौन थे ? इस विवाद को हवा तब मिली जब राजघराने से संबंध रखने वाली राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में एक कार्यक्रम में कहा, "हल्दीघाटी के शिलालेख में लिखा था कि महाराणा प्रताप यह युद्ध हार गए थे। मैंने उस शिलालेख को बदलवाया। और आज वहां लिखा है कि महाराणा प्रताप युद्ध जीते थे।" तत्कालीन संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पूर्व लिखित शिलापट्ट हटाने का आदेश दिया था।असल में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (एएसआई) ने 2021 में राजस्थान के राजसमंद ज़िले के रक्ततलाई से वो विवादित शिलालेख हटा दिया था, जिस पर



लिखा था कि 1576 में हल्दीघाटी की लड़ाई में महाराणा प्रताप की सेना को पीछे हटना पड़ा था। बहुचर्चित हल्दीघाटी के भीषण युद्ध में मुग़ल बादशाह अकबर की ओर से सेनापति मानसिंह और महाराणा प्रताप की ओर से सेनापति हकीम ख़ान सूर लड़ रहे थे। जोधपुर के एएसआई सुपरिटेंडेंट बिपिन चंद्र नेगी ने मीडिया से कहा था, ''1975 में जब इंदिरा गांधी इन इलाक़ों में आई थीं तब चेतक समाधि, बादशाह बाग़, रक्ततलाई और हल्दीघाटी में ये पट्टियाँ लगाई गई थीं। उस वक़्त ये स्मारक केंद्र की देखरेख में नहीं आते थे। इन स्थानों को 2003 में राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया था, ''इतिहास के जानकारों और जनता के प्रतिनिधियों से इन शिलालेखों को हटाने के लिए कई अनुरोध आये थे। इन्हीं को देखते हुए, मैंने स्वतः संज्ञान लिया।" 2017 में राजस्थान बोर्ड की किताबों के पाठ्यक्रम में हल्दीघाटी के युद्ध के विवरण बदल दिए गए थे जिसे लिखने वाले चंद्रशेखर शर्मा ने दावा किया था कि 'ऐसे कई तथ्य हैं जो इस ओर इशारा करते हैं कि लड़ाई के नतीजे महाराणा प्रताप, मेवाड़ के राजपूत राजा के पक्ष में रहे। परिणाम की समीक्षा के लिए कुछ बिंदु विचारणीय हैं। अकबर का उद्देश्य भीलों के सहयोग से अजेय युद्ध कर रहे महाराणा प्रताप को ज़िंदा पकड़ना था और वो मेवाड़ को मुग़ल साम्राज्य में मिलाना चाहता था और दोनों ही उद्देश्यों में वो विफल रहा। इससे साबित होता है कि अकबर की विजय नहीं हुई। मुग़लों का मेवाड़ की सेना का पीछा न करना। ये ऐसे बिंदु हैं जो हल्दीघाटी का परिणाम प्रताप के पक्ष में लाकर खड़ा कर देते हैं।" 'महाराणा प्रताप-द इनविंसिबिल वारियर' की लेखिका रीमा आहूजा के अनुसार, "इस युद्ध में महाराणा प्रताप और मान सिंह के बीच ज़बरदस्त लड़ाई हुई और मानसिंह के हाथी की सूंढ़ में लगी तलवार से प्रताप का घोड़ा चेतक बुरी तरह घायल हो गया।" "मेवाड़ की फ़ौज के जनरलों ने तय किया कि पीछे हट जाना चाहिए और महाराणा प्रताप को युद्ध क्षेत्र से निकल जाना चाहिए। यह लड़ाई उसी दिन समाप्त हो गई थी।" हल्दीघाटी की लड़ाई को मुग़लों की स्पष्ट जीत नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अबुल फ़ज़ल समेत उस समय के कई इतिहासकारों ने लिखा है कि अकबर इस लड़ाई के परिणाम से बहुत ख़ुश नहीं थे।उनका कहना है कि उन्होंने बहुत समय तक इस लड़ाई के सेनापतियों मान सिंह, आसफ़ ख़ाँ और काज़ी ख़ाँ को अपने दरबार में पेश होने की इजाज़त नहीं दी।हल्दीघाटी की लड़ाई के बाद महाराणा प्रताप अकबर की सेना के ख़िलाफ़ छापामार युद्ध करने लगे। वो मुग़लों पर घात लगाकर हमला करते और फिर जंगलों में ग़ायब हो जाते।क़रीब दो दशक तक वह इसी तरह युद्ध लड़ते रहे। 1596 में शिकार खेलते समय घायल होने के दो साल बाद 57 साल की उम्र में उनका देहांत हो गया। राजनीति जो कहे पर राजस्थान की वीर भूमि के लोकगीतों और भारत की लोककथाओं में महाराणा आज भी गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक हैं।

## शहीद सैनिकों को नमन

# हम एक थे, एक हैं और एक ही रहेंगे




वसंत जमशेदपुरी

हमारा देश भारत आरंभ से ही एक शांतिप्रिय देश रहा है, दूसरे की संप्रभुता का सदैव सम्मान किया है हमने, किंतु इसे कुछ दुराग्रही हमारी कमजोरी समझते हैं और जब-तब हमारी सहिष्णुता को आघात पहुंचाते रहते हैं। ऐसा ही कुछ पिछले दिनों हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान ने किया। अपने आतंकवादियों को भेज कर हमारे 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। यह हमारी सहनशीलता को खुली चुनौती थी। फिर क्या था, हमारे प्रधानमंत्री जी ने सेना को खुली छूट दे दी। सेना ने भी कुशल रणनीति का परिचय दिया और सीमा पार की हर कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दिया। जल सेना, वायु सेना और थल सेना ने दुश्मन के आतंकी ठिकानों को तहस-नहस कर दिया और उसके सैनिक ठिकानों को भी निशाना बनाया। पूरा विश्व हतप्रभ रह गया भारत की इस आक्रामकता को देख कर। हमारे देश ने इस अभियान का नाम दिया 'ऑपरेशन सिंदूर'। दुश्मन दो ही दिन में घुटने के बल आ गया और युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने लगा। भारत ने भी युद्ध विराम को स्वीकृति दे दी, क्योंकि शत्रु को पर्याप्त उत्तर मिल चुका था। शत्रु पर इस कठिन प्रहार का पूरे देश ने स्वागत किया। सेना के सम्मान में तिरंगे फहराए गए। शहीद सैनिकों को नमन और श्रद्धांजलि। देश ने एक बार फिर से सिद्ध कर दिया कि हम एक थे, एक हैं और एक ही रहेंगे। जय हिंद, जय हिंद की सेना।

## एक नजर

### शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**ऊंटारी रोड।** बकरीद पर्व को लेकर ऊंटारी रोड थाना परिसर में आयोजित शांति समिति बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी वासुदेव राय ने की। संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। अंचलाधिकारी ने लोगों से आपसी सहयोग और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। थाना प्रभारी प्रदीप दुबे ने कहा कि असामाजिक तत्वों की जानकारी प्रशासन को दी जाए। बैठक में एसआई संजय कुमार सिंह, सुशील ठाकुर, सत्यनारायण तिवारी, खताबुद्दीन अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### अवैध खननः 'धरती बचाओ, भविष्य बचाओ' का दिया संदेश

**ऊंटारी रोड।** कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि पलामू में अवैध खनन गंभीर संकट बन चुका है, जिससे पर्यावरण, समाज और प्रशासनिक तंत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ जनता की जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने ₹धरती बचाओ, भविष्य बचाओ₹ का आह्वान करते हुए सभी से मिलकर अवैध खनन रोकने की अपील की।

### नौडीहा थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति बैठक सम्पन्न

**नौडीहा।** थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी रामराज्य खलखो ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने किया। दोनों अधिकारियों ने शांति और सहयोग के साथ पर्व मनाने की अपील की। मौके पर जिप सदस्य सुदामा प्रसाद, प्रमुख रेशम कुमारी, मुख्तार अंसारी, जुमई साहब समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### लेस्लीगंज में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना परिसर में बकरीद को लेकर आयोजित शांति समिति बैठक में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। संचालन तनवीर आलम ने किया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और आमजनों ने भाग लिया। सभी ने अफवाहों से दूर रहने और प्रशासन को सहयोग देने की सहमति दी।

### शांति समिति की बैठक, बकरीद पर्व को लेकर लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

**हुसैनाबाद।** थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ एस. मो. याकूब की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने संचालन किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों से नमाज के समय की जानकारी ली गई और अफवाहों से बचने की सलाह दी गई।

# पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ पर कारीमाटी घाटी में सड़क दुर्घटना, एक की मौत, दो गंभीर

**घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पांकी चौक पर किया प्रदर्शन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ स्थित कारीमाटी घाटी में मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धूमा (तरहसी) से खपिया (हेरहंज) में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए लोग ऑटो से जा रहे थे। इसी दौरान कारीमाटी घाटी में खड़ी एक ट्रक से ऑटो की टक्कर हो गई। दुर्घटना में ऑटो सवार बीरेंद्र राम (45 वर्ष), पिता स्व. तपेश्वर राम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना में ऑटो सवार गिरेंद्र राम और सरजू राम गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कुछ अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद बुधवार सुबह गुस्साए ग्रामीणों ने पांकी मुख्य चौक को जाम कर दिया और शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलते ही पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के तुरंत बाद वे बीरेंद्र राम को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन दो घंटे तक इंतजार करने के बावजूद वहां एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। अंततः निजी वाहन से रेफरल के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने प्रशासन से घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और उचित मुआवजे की मांग की है।

## हैदरनगर के लपेया गांव में दो किसानों के मोटर पंप की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत के लपेया गांव में बुधवार की रात चोरों ने दो किसानों–प्रवेश सिंह और अभिषेक कुमार मेहता–के घर का ताला तोड़कर मोटर पंप चोरी कर लिया। इस घटना से आक्रोशित किसानों व ग्रामीणों ने मुखिया की अध्यक्षता में बैठक की और बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन महीनों में सात मोटर पंप और अन्य कृषि उपकरणों की चोरी हो चुकी है। बैठक में मुखिया राजकुमार राम, किसान देवदत्त सिंह, सुरेश सिंह, संजय मेहता, अर्जुन राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

## डगरा पंचायत में महिलाओं ने ली माहवारी स्वच्छता की शपथ



**नौडीहा।** डगरा पंचायत के गनशा गांव में 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' कार्यक्रम के तहत महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पंचायत की स्वास्थ्य सहिया एवं जलसहिया ने सभी महिलाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता बनाए रखने और उचित अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी दी गई।

## राजद नेता ने स्वास्थ्य मंत्री से की महिला चिकित्सक की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के पूर्व उपाध्यक्ष और राजद नेता ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने बुधवार को रांची में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात की और हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में महिला चिकित्सक की नियुक्ति की मांग की। सिद्दीकी ने कहा कि हुसैनाबाद राज्य मुख्यालय से 250 किलोमीटर और पलामू जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर है। यहां एक भी महिला चिकित्सक नहीं है, जिससे महिलाओं को प्रसव जैसी स्थितियों में गंभीर संकट झेलना पड़ता है। कई मामलों में रास्ते में ही मौतें हो चुकी हैं। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि हुसैनाबाद में जल्द महिला चिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी।

### राजद प्रखंड अध्यक्ष के आवास से स्कॉर्पियो चोरी

**हरिहरगंज।** बेलोदर गांव स्थित आवास से राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की स्कॉर्पियो जीप (जेएच 03 एआर 8529) चोरी हो गई। घटना मंगलवार रात की है। मामले की शिकायत हरिहरगंज थाना में दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग महेंद्र यादव के आवास पहुंचे।




## हुसैनाबाद में 33,000 वोल्ट का तार टूटने से 11 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित, जर्जर तार ने बढ़ाई समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के कई इलाकों में इन दिनों बिजली संकट गहराया हुआ है। खासकर मोहल्ला, जहां जर्जर बिजली तारों के कारण लोगों को लगातार बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार की रात आए तेज आंधी और बारिश ने पहले से बदहाल बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। रात 8 बजे के आसपास आई तेज हवा के चलते जपला दातानगर के समीप 33,000 वोल्ट का मुख्य विद्युत तार टूटकर गिर गया। इसके साथ ही हुसैनाबाद मे रातभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। बुधवार को 9 बजे के करीब पेड़ को काटकर हटाने के बाद तार को दुरुस्त किया गया। इसके चलते पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और हजारों उपभोक्ता रात भर अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। गनीमत रहीं की रात के समय ऐसी घटनाएं घटी वरना दिन में बड़ा कोई हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में वर्षों से जर्जर तारों का मकड़जाल के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है। बारिश या हल्की सी हवा चलने पर भी तार टूट कर गिर जाते हैं, जिससे बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। रात में मरम्मत कार्य के लिए कोई बिजली विभाग का कर्मचारी उपलब्ध नहीं था, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य बुधवार सुबह तक टल गया। सुबह 8:00 बजे बिजली मिस्त्रियों ने पुराने, जर्जर तारों को ही जोड़-तोड़ कर बिजली आपूर्ति बहाल की। परंतु नियमित बिजली शाम को मिली, दिनभर समय मरम्मत कार्य में ही लगा दिया। स्थानीय व्यापारी का कहना है कि बिजली कटौती से हो रहे नुकसान पर चिंता जताते हुए बताया कि बार-बार बिजली जाने से भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए हुसैनाबाद वासियों ने जर्जर तारों को बदलने और आपातकालीन स्थिति में रात में भी विद्युत कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है। ताकि बिजली व्यवस्था में सुधार किया जा सकें। सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो ने कहा कि मुख्य विद्युत लाइन बहुत कम खराबी होती है, लेकिन केबल का कार्य किया गया है, उसपर क्षमता से अधिक बोझ पड़ने के कारण भी लाइन फॉल्ट हो जाता है।

## देवरी में पिस्टल का भय दिखाकर यात्री के साथ लूटपाट, पीड़ित ने थाना में दिया लिखित आवेदन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी ओपी क्षेत्र के जपला देवरी मुख्य सड़क के महुरॉव खेल मैदान के समीप मंगलवार की रात नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर लुटपाट की घटना को अंजाम दिया है । इस संबंध में देवरी खुर्द गांव निवासी सतेंद्र मेहता ने देवरी ओपी में लिखित आवेदन दिया है। लिखित आवेदन में कहा है की मैं और मेरी पत्नी रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से जपला स्टेशन उतरकर अपने बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे, इसी क्रम में महुरांव फील्ड के समीप दो अज्ञात नकाबपोश लोगों ने मेरे बाइक को ओवरटेक कर बाइक को रोकवा दिया और पिस्टल दिखाकर ट्राली बैग और पत्नी के पास रखे हैंडबैग को छीन लिया। उक्त ट्रॉली बैग कीमती सामान और वस्त्र था और पत्नी के पर्स में रखे 3000 हजार रुपया नगद, सोने की चैन और मोटोरोला का मोबाइल था। जिसका नंबर 6205687906 है। लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस इस घटना में शामिल लुटेरों का छानबीन शुरू कर दी है।

## ब्लैकआउट व उमस से लोग बेहाल, मानसून की देरी से चिंतित किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बुधवार की दोपहर बिना बादल के अचानक आधे घंटे तक बारिश हुई, जिससे तापमान 38 से घटकर 33 डिग्री हो गया। हालांकि इससे उमस और अधिक बढ़ गई, जिससे लोगों को दिनभर परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, रात में तेज आंधी के कारण हैदरनगर के पास बिजली तार टूटकर गिर गया, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। यह लगातार दूसरी बार है जब आंधी में तार टूटकर बिजली गुल हुई, जिससे तार की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। लंबे समय तक बिजली नहीं रहने से सिंचाई कार्य और लोगों की सेहत पर असर पड़ा है। किसानों की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि मानसून की देरी से खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है। कुछ किसान सिंचाई के वैकल्पिक साधनों से बिचड़ा डालने लगे हैं, पर अधिकांश किसान नक्षत्र अनुसार बारिश की प्रतीक्षा में अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं।

## मोहम्मदगंज के लटपौरी व गोड़ाडीह में चला 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान



**मोहम्मदगंज।** अभियान के छठे चरण के तहत मोहम्मदगंज प्रखंड के लटपौरी और गोड़ाडीह पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक किशोरियों और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, भ्रांतियों से बचाव, अपशिष्ट निपटान और संक्रमण से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों, जलसहिया, सखी मंडल की दीदियों और जेएसएलपीएस की एफएलसीआरपी की सक्रिय भागीदारी रही।

## बकरीद पर्व को लेकर पांकी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर बुधवार की शाम पांकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने की। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि, धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिनिधि, गणमान्य लोग और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्र में त्योहार को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि विधि-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी जा सके। उन्होंने अफवाहों से सतर्क रहने और किसी भी आपत्तिजनक या संदिग्ध जानकारी मिलने पर तुरंत थाने को सूचित करने की अपील की। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का अनुरोध करते हुए पांकी बाजार और अन्य प्रमुख चौक-चौराहों पर जाम की समस्या को तत्काल दूर करने की मांग अंचलाधिकारी के समक्ष रखी। बैठक में प्रखंड उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, भाजपा मंडल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हैदरनगर में दो चरणों में मिलेगा तीन माह का राशन

**हैदरनगर।** सरकार के निर्देश पर जून माह में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभुकों को तीन महीने का राशन दो चरणों में वितरित किया जाएगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि जून और जुलाई माह का राशन 1 से 15 जून तक दिया जाएगा, जबकि अगस्त माह का वितरण 16 से 30 जून तक किया जाएगा। उन्होंने डीलरों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी लाभुकों को समय पर राशन दिया जाए। किसी को भी परेशानी होने पर तत्काल सूचना देने की अपील की गई है।

## भाकपा ने सतबरवा प्रखंड कार्यालय का किया घेराव, घंटों बंद रहा मुख्य गेट

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और आम जनता की उपेक्षा के विरोध में बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की प्रखंड कमेटी के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों की रैली दुलसुलमा गांव से निकलकर प्रखंड कार्यालय पहुंची, जहां धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गई। इस दौरान कार्यालय का मुख्य द्वार तालाबंद कर घेराव किया गया, जिससे घंटों कामकाज ठप रहा। प्रदर्शनकारियों ने ₹भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ₹, ₹गरीबों का शोषण बंद करो₹, जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाकपा के जिला सचिव एवं डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रूचिर कुमार तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सतबरवा प्रखंड और अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना घूस के गरीबों, किसानों और मजदूरों का कोई भी काम नहीं होता। अधिकारी आम जनता से सीधे मिलने से बचते हैं और निजी एजेंटों के माध्यम से कार्य करवाते हैं। तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना हो या अबुआ आवास योजना में खुलेआम रिश्वतखोरी हो रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी और दलित परिवारों को उनकी पुश्तैनी जमीन की रसीद तक नहीं दी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं किया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। वहीं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने कहा कि वर्षा पूर्व अरहर, मक्का और धान की खेती के लिए बीज उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन किसानों को बीज मुहैया कराने में भारी लापरवाही बरती जा रही है। प्रदर्शन के अंत में एक आठ सूत्रीय मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को सौंपा गया।

### सुरेंद्र यादव बने राजद के पांडू प्रखंड अध्यक्ष

**पांडू।** प्रखंड के राम स्वरूप यादव के आवास पर बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता राम प्रवेश यादव ने की, जबकि जिला स्तर से पर्यवेक्षक के रूप में रमेश चौबे उपस्थित थे। बैठक में पांडू प्रखंड के सभी पंचायतों से राजद कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पर्यवेक्षक रमेश चौबे ने बताया कि पूर्व में मतभेद के चलते अध्यक्ष का चयन नहीं हो सका था, लेकिन सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अब सुरेंद्र यादव को राजद का पांडू प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ राजद नेता दामोदर यादव, कृष्णा यादव, जमराती अंसारी, इजहार अंसारी, मोहम्मद कुतबुद्दीन अंसारी, फागुनी पासवान, हरेंद्र कुमार पासवान, सुनील साह, जनेश्वर साह, फूलकुमारी देवी, नैना देवी, सरोज देवी, सीता देवी सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने नए अध्यक्ष को बधाई दी और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## न्यूज बॉक्स

### श्वेता कुमारी बनी टॉपर, इंटर साइंस में हासिल किए 410 अंक

**नौडीहा।** कोरामी गांव की श्वेता कुमारी ने श्री कृष्ण मुरारी सिंह इंटर कॉलेज में 410 अंक प्राप्त कर कॉलेज में टॉप किया है। वहीं विवेक कुमार दूसरे स्थान पर रहे। श्वेता के पिता लालबहादुर राम कोलकाता में कार्यरत हैं और मां फुलवा देवी पूर्व प्रमुख एवं वर्तमान पंचायत समिति सदस्य हैं। श्वेता ने बताया कि वह आगे जेपीएससी या इंजीनियरिंग की तैयारी करना चाहती हैं।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में दो महिलाओं ने लगाई फांसी

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात और बुधवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में प्राथमिक जांच में पारिवारिक तनाव और वैवाहिक संबंधों में खटास की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। **पहली घटनाः** रबदा गांव की विवाहिता ने पति से विवाद के बाद दी जान चैनपुर प्रखंड के रबदा गांव निवासी विकास कुमार रवि की 25 वर्षीय पत्नी उषा देवी ने मंगलवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, मृतका का पति किसी अन्य महिला से संबंध रखता था, जिसका वह विरोध करती थी। इसी बात को लेकर मंगलवार की रात पति-पत्नी के बीच बहस हुई। घटना के दिन घर में उषा की दो ननदों की बारात आने वाली थी, और मृतका नहीं चाहती थी कि उसके पति की महिला मित्र को शादी में बुलाया जाए। रात में उषा अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह जब घरवालों ने दरवाजा नहीं खुला देखा तो दरवाजा तोड़ा गया, जहां उषा देवी को फंदे से झूलता पाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची चैनपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि परिजनों की ओर से अब तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। दूसरी घटनाः ससुराल लौटने के एक दिन बाद विवाहिता ने की आत्महत्या चैनपुर थाना क्षेत्र के मतौली गांव निवासी जितेंद्र कुमार की 19 वर्षीय पत्नी सविता कुमारी ने मंगलवार की शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### हैदरनगर में माहवारी स्वच्छता अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**हैदरनगर।** माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए ह्यचुप्पी तोड़ो अभियानह्व के तहत बुधवार को हैदरनगर पश्चिमी पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुखिया शहनाज परवीन की अध्यक्षता में महिलाओं ने स्वच्छता के प्रति शपथ ली। कार्यक्रम में प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि, जल सहिया नुसरत परवीन, सामाजिक कार्यकर्ता सज्जू खान सहित कई पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, सेविका, सहिया व पत्रकार शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि माहवारी स्वच्छता को लेकर समाज में जागरूकता लाकर इसे सामाजिक आंदोलन बनाया जाएगा।

## बकरीद को लेकर हैदरनगर में शांति समिति की बैठक, लिया गया कई महत्वपूर्ण निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से हैदरनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस. मो. याकूब विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसडीओ गौरांग महतो ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं धार्मिक समुदायों से शांति, भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने के समय की जानकारी दी गई। डीएसपी याकूब ने बताया कि बकरीद के दिन गश्ती बढ़ाई जाएगी और सभी प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में नरेंद्र सिंह, डॉ. अजय जयसवाल, कमल कुमार कौशल, राजेश मेहता, डॉ. अनिमुल हक अंसारी, जितेंद्र पासवान, आनंदी पासवान, सज्जू खान, मो. शमीम, असरफ हसन समेत कई लोग मौजूद रहे।

**ग्रामीणों की सजगता से उजड़े जंगलों में लौट रही हरियाली**

# ऑक्सीजन की किल्लत ने लोगों को पर्यावरण का महत्व समझाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कभी 43% भूभाग पर फैले घने जंगल अब केवल 7-8% हिस्से में ही बचे हैं। अत्यधिक कटाई और दोहन से पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ा है। लेकिन कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की किल्लत ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व एक बार फिर से याद दिलाया। मोहम्मदगंज प्रखंड के रामनगर और राजनडीह गांवों के ग्रामीणों ने स्वप्रेरित सजगता दिखाते हुए उजड़े जंगलों को फिर से हरा-भरा करने की दिशा में अनुकरणीय पहल की है। ग्रामीणों द्वारा पेड़ों की कटाई और चराई पर रोक लगाने जैसे छोटे लेकिन प्रभावशाली कदमों का परिणाम यह है कि अब डीहई और लकड़ही जैसी पहाड़ियों पर हरियाली लौटने लगी है। ग्रामीणों की इस जागरूकता के पीछे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम समेत कई स्थानीय लोगों की प्रेरणा रही है। रामजन्म राम ने बुधवार को समीपवर्ती पहाड़ियों का निरीक्षण करते हुए कहा कि एक समय यहां के जंगलों का बड़े पैमाने पर दोहन हुआ था, जिससे हरियाली पूरी तरह समाप्त हो गई थी। मगर अब इन क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़-पौधों ने घने वन का रूप लेना शुरू कर दिया है। विशेष रूप से बोगदा, कादल और खेरगंजवा की पहाड़ियों पर पेड़-पौधों का अप्रत्याशित रूप से विकास देखने को मिल रहा है। अब यहां हिरण जैसे वन्य प्राणी और अन्य जीव-जंतु भी देखे जा रहे हैं, जो इस क्षेत्र के पुनर्जीवित होते पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत हैं।

### विभागीय पहल की जरूरत

रामजन्म राम ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि वे ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर इन पहाड़ियों पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सजगता से इन पौधों की देखरेख प्रभावी ढंग से हो सकेगी, जिससे वन क्षेत्र का स्थायी और सुनियोजित विकास संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय स्तर पर सहयोग और प्रोत्साहन मिलने से ग्रामीणों का मनोबल और उत्साह और बढ़ेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण की यह मुहिम और मजबूत होगी।

## शाहपुर व लकड़ाही बाजार में महीनों से जल मीनार खराब



**नौडीहा बाजार।** शाहपुर कब्रिस्तान क्षेत्र में पिछले एक महीने से जल मीनार खराब पड़ा है, जिससे अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र के लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। वहीं खैरादोहर पंचायत के लकड़ाही बाजार स्थित जल मीनार छह महीने से खराब है। ग्राम शिल्दा खूर्द निवासी गुलटेन सिंह के घर के पास स्थित जल मीनार की मरम्मत के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर टास्क फोर्स की बैठक, औचक छापेमारी का निर्देश

- उपायुक्त ने बाल श्रमिक नियोजन पर कार्रवाई के निर्देश दिए, आमजन से भी सहयोग की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को बाल श्रम उन्मूलन को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक एतवारी महतो से विगत वर्षों में बाल श्रम उन्मूलन के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली।

उपायुक्त ने जून माह में बाल श्रम के विरुद्ध छापेमारी अभियान को औचक रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। इसके तहत ढाबा, लाइन होटल, ईंट भट्ठा, गैरेज, वाशिंग सेंटर आदि स्थानों पर विशेष रूप से जांच अभियान चलाने को कहा गया। उन्होंने कहा कि विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में निर्देश दिया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्य में लगाने वाले नियोजकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए तथा प्रति बाल श्रमिक 20,000 रुपये का जुर्माना वसूला जाए। साथ ही विमुक्त बाल श्रमिकों की ट्रैकिंग और पुनर्वासन के लिए मानक कार्य पद्धति के अनुसार कार्रवाई करने को कहा गया।

इस अवसर पर पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विमुक्त बच्चों के बौद्धिक स्तर के अनुसार उचित कक्षा में नामांकन की आवश्यकता पर बल दिया। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि चिन्हित बच्चों को विशेष रूप से शिक्षा प्रदान की जाए और विमुक्त बच्चों की अद्यतन स्थिति की जानकारी 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाए।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम को बाल श्रम उन्मूलन को लेकर रील व अन्य माध्यमों से जनजागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने आम लोगों से भी अपील की कि वे जिले को बाल श्रम से मुक्त कराने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं बाल श्रम होता दिखाई दे तो इसकी सूचना डीसी पलामू के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या राज्य हेल्पलाइन नंबर 18003456526 पर दी जा सकती है।

बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधि, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब फेमिना ने वितरित किए थरमस किट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लायंस क्लब फेमिना डालटनगंज द्वारा मिल्टन फलास्क थरमस किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शहर थाना परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन विशेष रूप से मौजूद रहीं। दोनों पदाधिकारियों ने लायंस क्लब के इस मानवीय प्रयास की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की पहलें ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य करती हैं।

लायंस क्लब फेमिना की अध्यक्ष ममता तुलस्यान ने कहा कि "तेज गर्मी हो या सर्दी, पुलिसकर्मी हमेशा हमारी सुरक्षा में लगे रहते हैं। ऐसे में हमारा भी दायित्व बनता है कि हम उनकी सुविधा का ख्याल रखें। इसी सोच के तहत यह थरमस किट वितरित किया गया है।"

इस कार्यक्रम में लायंस क्लब फेमिना डालटनगंज की सचिव डॉली सिंह, कोषाध्यक्ष बिंदु तुलस्यान सहित संगीता शंकर, संजू सिंह, मनीषा केडिया, आभा केजरीवाल, सबिता सराफ, वंदना सिंह, आशा साहनी, तनु आनंद, रेखा शर्मा, उषा शाह आदि सदस्याएं उपस्थित थीं।

### बकरीद को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

## आपसी सौहार्द और कानून का पालन करते हुए मनाएं पर्व : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार को सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन से मांग की कि पर्व के दौरान उपद्रवी तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि अब तक सदर क्षेत्र में बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता रहा है, और इस बार भी सभी मिलकर त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएंगे।

बैठक में मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि सुलेमान अंसारी ने कहा कि पोखराहा खुर्द गांव में लगभग 500 परिवार हैं, जो वर्ष भर बकरीद के लिए बकरा पालते हैं और इस पर्व का इंतजार करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुर्बानी के बाद हड्डियों का उचित तरीके से निपटान किया जाता है — उन्हें जमीन में गाड़ दिया जाता है, जिससे किसी को आपत्ति न हो। थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने सभी लोगों से अपील की कि वे सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें।

**उन्होंने कहा कि:** सड़क पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचें। कोई भी गलत सूचना मिलते ही तत्काल थाना को सूचित करें। खुले स्थान पर कुर्बानी नहीं दी जाए। असामाजिक तत्व यदि पर्व में खलल डालने की कोशिश करते हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन सभी सुझावों पर गंभीरता से अमल करेगा और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहेगा। बैठक में अंचल निरीक्षक पोली कर्क तिर्की ने भी सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सौहार्द ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में एसआई मनोज मुंडा, एएसआई संजय कुमार दुबे, एएसआई आनंद सिंह, एएसआई पंकज तिवारी सहित थाना स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## समाज कल्याण योजनाओं के तहत चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले में समाज कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के तहत रिक्त पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को आज उपायुक्त समीरा एस द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मिशन वात्सल्य योजना के तहत चयनित 9 अभ्यर्थियों को संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के संप्रेषण गृह में रिक्त दो पदों पर भी नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कुल 11 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि नियुक्त किए गए सभी पद महत्वपूर्ण हैं और उनसे सामाजिक सरोकार जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त कर्मी अपने दायित्वों का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने यह भी कहा कि आज से आप सभी जिला प्रशासन का हिस्सा हैं, इसके लिए आप सभी को शुभकामनाएं।

इस मौके पर पलामू पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।



# आर्केस्ट्रा में डांस करने गई नाबालिग की इलाज के दौरान मौत, परिजन ने जताई शंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** चफला निवासी बबलू चौधरी द्वारा आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में डांस के लिए ले जाई गई 12 वर्षीय बालिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की मां ने बताया कि लगभग 15 दिन पूर्व बबलू चौधरी उसकी पुत्री को आर्केस्ट्रा में डांस के लिए अपने साथ ले गया था। इतने दिन बीतने के बाद भी जब बेटी वापस नहीं लौटी, तो उन्होंने संपर्क कर बेटी को वापस लाने की मांग की। दो दिन पूर्व बबलू ने घायल अवस्था में बेटी को लौटाया। 3 जून को उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे लेकर गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचीं, जहां प्राथमिक



उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बाहर ले जाने की सलाह दी। इसी दौरान रात करीब 8 बजे अस्पताल के गेट पर ही वह दम तोड़ दिया। शव को उसी रात करीब 10 बजे रंका स्थित स्कूलडीह डेरा लाया गया। मामले की सूचना पर रंका थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 4 जून को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या अपराध की पुष्टि होती है तो आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतका की मां ने संदेह जताया है कि उसकी बेटी के साथ गलत हुआ है और उन्होंने न्याय की मांग की है।

### गड्ढे में गिरने से बाइक सवार महिला की मौत



**रंका।** एनएच-343 लरकोरिया मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम करीब 4 बजे बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई, जिससे बाइक पर सवार 50 वर्षीय महिला बसंती देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद दस वर्षीय पोते ने बताया कि वे रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) वार्ड संख्या 13 के निवासी हैं और कमता जा रहे थे। बाइक उनके चाचा दीपु कश्यप चला रहे थे। हादसे के बाद स्थानीय लोग उन्हें रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कांडी-मझिआंव रोड पर सड़क हादसा, पिता-पुत्र सहित तीन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे एक कार और बाइक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना रामलखन पेट्रोल पंप के सामने हुई, जहां डुमरसोता से गढ़वा जा रही एर्टिगा कार ने ओलमा से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में काचर गांव निवासी 45 वर्षीय कामेश्वर साव और उनके दो पुत्र, 13 वर्षीय सुजीत कुमार व 10 वर्षीय राजा कुमार घायल हो गए। सभी को 108 एंबुलेंस से इलाज हेतु गढ़वा भेजा गया। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि दोनों वाहनों को थाने लाया गया है। आवेदन मिलने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

## किसान मित्र संघ की कांडी इकाई का पुनर्गठन, इमामुद्दीन बने अध्यक्ष

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय किसान मित्रों की बैठक जिला कमिटी के निर्देश पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपेंद्र नारायण द्विवेदी ने की। बैठक में पुरानी समिति को भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें इमामुद्दीन खान को प्रखंड अध्यक्ष, राकेश कुमार को सचिव एवं जयप्रकाश मेहता को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इमामुद्दीन खान ने कहा कि किसान मित्रों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा और उनकी हक-अधिकार की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी। उन्होंने हड़ताल में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। बैठक में विजय कुमार पांडेय समेत कई किसान मित्र उपस्थित थे।

## अबुआ आवास की राशि लेकर भी निर्माण कार्य नहीं शुरू करने वालों पर होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंडरिया, कैलान और बनसानी पंचायतों में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों को राशि प्रदान किए जाने के बावजूद कई लाभुकों ने निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है। इसे गंभीरता से लेते हुए बीडीओ नंदजी राम व आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार ने बुधवार को संबंधित लाभुकों के घर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सभी लाभुकों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने का सख्त निर्देश दिया और चेतावनी दी कि निर्धारित समय में कार्य शुरू नहीं होने पर न केवल राशि की रिकवरी की जाएगी, बल्कि प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023झ24 में 503 लाभुकों को पहली किस्त भेजी गई थी, लेकिन इनमें से 96 ने अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। लाभुकों में पंडरिया, कैलान और बनसानी पंचायत के कई नाम शामिल हैं। बीडीओ ने यह भी कहा कि जिन लाभुकों ने अंतिम किस्त प्राप्त करने के बाद भी आवास का निर्माण पूरा नहीं किया है, उन्हें भी शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

## मझिगावां के आजाद नगर में आग से तबाही, एक बकरी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के आजाद नगर टोले में मंगलवार शाम आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की घटना बबीता कुंवर, पति स्व. शैलेंद्र शर्मा के घर में हुई। बताया गया कि शॉर्ट सर्किट के कारण बिजली मीटर में आग लगी, जिससे एक बकरी जलकर मर गई और घर में रखे कपड़े, बर्तन व अन्य जरूरी सामान भी जल गए। घटना के समय पीड़िता घर में मौजूद नहीं थीं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। सूचना पर पंचायत के मुखिया पति शंभूनाथ साह पहुंचे और हालात की जानकारी ली। ग्रामीणों ने पीड़िता को सरकारी सहायता दिलाने की मांग की है।

## मोटरसाइकिल पोल से टकराई, युवक गम्भीर रूप से घायल, गढ़वा रेफर

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत सोनेहाराझरमना मुख्य मार्ग के चुंदी गांव में मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार बाइक बिजली पोल से टकरा गई। मोटरसाइकिल (खल्र-14ङ 6862) चला रहे सिंघीताली निवासी 25 वर्षीय शंकरदेव भूइयां असंतुलित होकर गिर गए और बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना रमना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को करचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां स्थिति गंभीर होने पर गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मुखिया ने घासी टोला में किया जनसंवाद समस्याओं के समाधान का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पूर्वी पंचायत के मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत सचिव व वार्ड सदस्यों के साथ घासी टोला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुशहर व घासी समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा और उनका विस्तृत सूचीकरण कर योजनाओं से जोड़ा जाएगा। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान हेतु वीडियो सतीश भगत व सीओ जसवंत नायक से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई की बात कही। इस दौरान वोटर आईडी, आधार कार्ड और बैंक खाता खुलवाने के लिए निर्देश भी दिए गए। मौके पर पंचायत सचिव राधा कुमारी, प्रियंका कुमारी, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी, देव कुमार राम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का आह्वान



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में कुबार्नी का त्योहार मनाने का निर्णय लिया। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने लोगों से शांति, भाईचारे व सतर्कता के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और ऐसी स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचित करें। पुलिस प्रशासन हर समय अलर्ट रहेगा और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिप सदस्य बाला रानी, पूर्व प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, लक्ष्मण राम, अमरनाथ पांडेय, प्रमोद कुमार राम, तस्लीम खान, मुश्ताक अहमद शेख, महमूद आलम, विरेंद्र प्रसाद, अनुराग सोनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा में अनैतिक व्यापार के आरोपित होटल परिसर को किया गया सील



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के वीरेंद्र तिवारी मार्ग पर स्थित 'जय श्री पैलेस' (मैरिज हॉल) में अनैतिक व्यापार की शिकायत के बाद की गई छापेमारी के बाद बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर उक्त परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया। छापेमारी के बाद पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी गढ़वा थाना कांड संख्या 249/2025 के तहत हुई थी। स्थानीय नागरिकों ने भी इस परिसर को बंद करने की मांग की थी। बुधवार को गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण, अंचल अधिकारी सफी आलम, थाना प्रभारी बृज कुमार एवं नगर परिषद के सिटी मिशन मैनेजर कौशल ठाकुर की टीम ने संयुक्त रूप से परिसर को सील किया। जांच के क्रम में होटल परिसर के एक अन्य हिस्से में एक महिला किरायेदार के पास से कुछ नामी कंपनियों के डुप्लीकेट उत्पादों के निर्माण सामग्री और पैकिंग सामग्री पाई गई। कमरे की तलाशी लेने पर पैकिंग और लेबलिंग के प्रमाण भी मिले। इसे देखते हुए उस कमरे को भी सील कर दिया गया। संबंधित मामले में गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के समय एसडीएम संजय कुमार, एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

## तीन आंगनबाड़ी केंद्रों और एक पीडीएस दुकान का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, मिली कई अनियमितताएं

**नवीन मेल संवाददाता**




**कांडी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को लमारी कला पंचायत अंतर्गत तीन आंगनबाड़ी केंद्रों और एक सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। बीडीओ राकेश सहाय ने प्रेस बताया कि लमारी कला पंचायत के सन्नी गांव स्थित नोक ओला आंगनबाड़ी केंद्र, सन्नी पतरिया टोला आंगनबाड़ी केंद्र और हरिगावा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि इन केंद्रों का संचालन निर्धारित मानकों और नियमों के अनुसार नहीं हो रहा है। इस पर उन्होंने तीनों ही केंद्रों की सेविकाओं और सहायिकाओं से स्पष्टीकरण मांगा है। इसके अतिरिक्त बीडीओ ने सन्नी गांव में प्रीतम स्वयं सहायता समूह के संचालन में चल रहे पीडीएस दुकान का भी औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि डीलर द्वारा जून और जुलाई महीने का राशन अब तक लाभुकों के बीच वितरित नहीं किया गया है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने डीलर से भी स्पष्टीकरण की मांग की है। निरीक्षण के समय लमारी कला पंचायत की मुखिया शशि कुमारी के प्रतिनिधि रिंकू सिंह भी उपस्थित थे।

## बकरीद पर सौहार्द व शांति बनाए रखें : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनीया।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर चिनीया थाना प्रभारी अमित कुमार ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। बुधवार शाम 5 बजे उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। थाना प्रभारी ने कहा कि नमाज सिर्फ निर्धारित स्थलों पर ही अदा करें। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भ्रामक, भड़काऊ फोटो, वीडियो या संदेश साझा करने से बचें। उन्होंने चेताया कि अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पुलिस की सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी है। यदि कोई व्यक्ति भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करता है, तो उसकी सूचना नजदीकी थाना या गढ़वा पुलिस को दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि चिनीया पुलिस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है और आम लोगों से सहयोग की अपेक्षा करती है।

### कॉफी विद एसडीएम में कोचिंग संस्थानों ने रखे सुझाव

## शैक्षणिक विकास में कोचिंग संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**




**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार द्वारा आयोजित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के अंतर्गत बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कोचिंग संस्थानों की समस्याओं और उनके सुझावों पर चर्चा हुई। एसडीएम ने सभी बिंदुओं पर यथासंभव पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि नीरज कुमार ने कहा कि सभी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिए ताकि क्षेत्र में अनुशासित ढंग से कार्य हो सके। एसडीएम ने सुझाव दिया कि सभी संस्थान कम से कम नगर परिषद में पंजीकरण अवश्य कराएं। कॉमर्स शिक्षक लखन कश्यप ने कहा कि बेहतर रिजल्ट देने वाले कोचिंग संस्थानों को प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाए, जिससे सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा मिले। एसडीएम ने इस पर पहल का भरोसा दिया। अमित कश्यप, रंजन कुमार व चंदू चंद्रवंशी ने कहा कि कोविड के बाद ऑफलाइन कोचिंग संस्थानों की स्थिति चुनौतीपूर्ण हो गई है। छात्रों की संख्या में भारी गिरावट आई है। प्रतिनिधियों ने कहा कि कोचिंग संस्थानों का कोई साझा संगठन नहीं है, आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण यह अब तक संभव नहीं हो सका था। ₹कॉफी विद एसडीएम₹ के जरिए पहली बार सभी एक मंच पर आए हैं और अब संगठन गठन की पहल होगी। कुछ संचालकों ने सुझाव दिया कि प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी कभी-कभी छात्रों को मार्गदर्शन देने हेतु कक्षाएं लें। एसडीएम ने इस पर सहमति जताई। प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि शहर के समुचित विकास के लिए एक मास्टर प्लान बनना चाहिए ताकि योजनाबद्ध तरीके से कार्य हो। सुबह और शाम के कोचिंग समय में छात्राओं को परेशान किए जाने की घटनाओं को देखते हुए संचालकों ने इन समयों में पुलिस गश्ती की मांग की। एसडीएम ने इस पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर लखन कश्यप, देववंश यादव, अनिल देव सहित कई ने भूमि विवाद से जुड़ी समस्याएं रखीं। एसडीएम ने उन्हें नियमानुसार समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सभी ने एसडीएम की इस पहल की प्रशंसा की और भविष्य में प्रशासन के साथ सहयोग करने की इच्छा जताई। मौके पर लखन कश्यप, आदित्य चौधरी, रवि रंजन, चंदन महतो, देववंश यादव, प्रभात कुमार, दीपा कुमारी, राज नारायण मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, नीरज कुमार, मिथिलेश कुमार शामिल थे। कश्यप कॉमर्स कोचिंग, सेकंड स्कूल, इंजीनियर्स अकैडमी, ज्ञान गंगा, श्योर सक्सेस, भारत कंप्यूटर सेंटर, इंटेंस कंप्यूटर, शिक्षा हब, लक्ष्य कोचिंग, आइंस्टीन स्टडी सर्किल सहित एक दर्जन से अधिक संस्थान शामिल हुए।

## थाना परिसर में भूमि विवाद निपटारे हेतु लगेगा साप्ताहिक शिविर



**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र में भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिए हर मंगलवार और शुक्रवार को थाना परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी वीडियो सतीश भगत ने दी। उन्होंने बताया कि भूमि विवादों के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में थाने में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सभी मुखिया, पंचायत सचिवों और अंचल निरीक्षकों को इसकी जानकारी दे दी गई है। वीडियो ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान कराने की अपील की है।


जिला प्रशासन, लोहरदगा

होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर, लोहरदगा
(अभियांत्रिकी/मेडिकल प्रवेश परीक्षा तैयारी हेतु)

के तत्वाधान् में आगामी 10 जून (मंगलवार) एवं 11 जून (बुधवार) को 11 बजे से वर्ग 10वी, 11वीं, 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं हेतु एक कैरियर कांउसिलिंग सत्र् का आयोजन टॉउन हॉल, लोहरदगा में आयोजित किया गया है, जिसमें परंपरागत् कैरियर विकल्प के साथ–साथ आधुनिक कैरियर विकल्पों से संबंधित जानकारियों को साझा किया जाएगा।

उक्त कैरियर काउंसिलिंग में आप सादर आमंत्रित है।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 354221 (Lohardaga)25-26*D

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited (JBVNL)
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102
email:gm_mdnjseb@yahoo.in, Telephone:-06562-295539

1st e-TENDER Time Extension Notice

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No.05/PR/JBVNL/2025-26 (Related with Vendor Empanelment), under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 26.06.2025 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 26.06.2025 17:00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of submission of online tender fee | Up to 26.06.2025 16:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender | 28.06.2025 at 15:30 Hrs. |

Tender Notice is also available on our website : www.jharkhandtenders.gov.in
For any clarification please contact: 9835574043
Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 352082

Sd/-
General Manager-cum-GM
Electric Supply Area, Medininagar

PR 354278 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 189/PR/JUSNL/2025-26 | Repairing of 01 no. of defective 315 kVA 33/0.4 kV Sub-station Transformer of GSS Garhwa Road under Transmission Sub-division Garhwa Road. | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 7500/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **05.06.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **26.06.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **26.06.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **27.06.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 354273 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D

# झारखंड बंद के दौरान लातेहार में आदिवासी संगठनों का सड़क जाम, एनएच -39 पर यातायात बाधित

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड बंद के समर्थन में बुधवार सुबह पारंपरिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था लातेहार द्वारा NH-39 पर उदयपुरा के निकट सड़क जाम किया गया। प्रदर्शनकारियों ने दस सूत्री मांगों को लेकर नारेबाजी की। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई।

सड़क जाम की सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर थाना पुलिस ने दोपहर ढाई बजे जाम हटवाया और यातायात सामान्य कराया।

प्रमुख मांगों में पेसा कानून लागू करना, धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ बंद करना, आदिवासियों की जमीन पर कंपनियों के कब्जे को समाप्त करना शामिल था। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।






### झारखंड बंद का महुआडांड़ में मिला-जुला असर, रांची-गुमला रूट की बसें रहीं बंद

**महुआडांड़।** झारखंड बंद का आह्वान सिरमटोली सरना समिति स्थल बचाओ संघर्ष मोर्चा द्वारा किया गया था, जिसका असर महुआडांड़ में मिला-जुला रहा। रांची, लोहरदगा और गुमला जाने वाली यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा, जबकि पलामू और लातेहार रूट की बसें यथावत चलीं। जिला परिषद बस स्टैंड पर बसें खड़ी रहीं और लंबी दूरी के यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## बालूमाथ में आदिवासी समाज ने किया सड़क जाम, राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बालूमाथ।** झारखंड बंद के समर्थन में बुधवार को बालूमाथ में आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने शहीद चौक पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने सिरमटोली सरना स्थल पर फ्लाईओवर निर्माण रोकने,



सरना धर्म कोड लागू करने और लातेहार में कोल ब्लॉक कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव, ऐश्वर्य उरांव समेत कई वक्ताओं ने आदिवासियों की जमीन, जल, जंगल और धार्मिक स्थलों की रक्षा की मांग दोहराई और सरकार को चेताया कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## जीएम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना




● पर्यावरण दिवस पर आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना में चला स्वच्छता अभियान

**टंडवा (चतरा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को एनटीपीसी आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मियों ने मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। सीएसआर विभाग के अधिकारी मोहसिन रज़ा ने जानकारी दी कि जागरूकता रथ के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, और पौधारोपण के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जीएम ऑपरेशन ए.के. बी. सिंह, परियोजना पदाधिकारी मो. अकरम, के.के. पांडा, मोनू कुमार राय, ओमप्रकाश रंजन सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## सरना स्थल निर्माण में अनियमितता की शिकायत, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

● बेतला पंचायत के कुटमू गांव में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

**बेतला (लातेहार)।** लातेहार जिला कल्याण विभाग द्वारा बरवाडीह प्रखंड के कुटमू गांव में सरना स्थल पर चहारदीवारी सह शेड निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता बरते जाने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर योजना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है और न ही कार्य विवरण अंकित किया गया है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार द्वारा निम्न गुणवत्ता की सामग्री जैसे कि बंगला भट्ठे की ईंट, 10-8 एमएम के छड़ (जबकि मानक 12 एमएम है), घटिया बालू और सीमेन्ट का उपयोग कर निर्माण कराया जा रहा है। नींव की खुदाई भी मानक के अनुरूप नहीं की गई, जिससे योजना की स्थायित्व पर शुरू से ही संदेह व्यक्त किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को एक लिखित आवेदन देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में यह भी बताया गया है कि फर्जी ग्राम सभा कर लाभुक समिति का गठन किया गया है। आरोप है कि बेतला पंचायत की मुखिया मंजु देवी के पति संजय सिंह को लाभुक समिति का अध्यक्ष और संतोखी सिंह को सचिव बना दिया गया है, जो कथित रूप से बिचौलिया की भूमिका निभा रहे हैं।

## विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने एसपी से की मुलाकात




● खेल गतिविधियों की जानकारी दी, हरसंभव सहयोग का मिला आश्वासन

**चतरा।** चतरा जिले के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल से बुधवार को विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि (कला, संस्कृति, पर्यटन एवं खेलकूद विभाग) विकास कुमार केशरी ने किया। प्रतिनिधियों ने एसपी को पौधा भेंट कर ताइक्वांडो संघ, टेबल टेनिस संघ, तलवारबाजी संघ, स्केटिंग संघ, पतंजलि योग पीठ सहित अन्य खेल गतिविधियों की जानकारी दी। एसपी ने खेलों के प्रति अपनी रुचि जताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में मो. जमालुद्दीन, कुमार विवेक सिंह, सचिन्द्र पासवान, संजीत मिश्रा, सूरज कुमार, देवानंद, पियूष, जुगल, सुनीता समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### बिजली समस्याओं को लेकर हम व लोजपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा छह सूत्री मांग पत्र

## समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शहर की बिजली समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता के नाम छह सूत्रीय मांग पत्र एसडीओ और कनीय अभियंता को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हम पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी और लोजपा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किया।



प्रतिनिधिमंडल ने विभाग को एक माह का अल्टिमेटम देते हुए स्पष्ट किया कि अगर तय समय सीमा के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो आर-पार की लड़ाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो बिजली विभाग कार्यालय में तालाबंदी और सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

मांग पत्र के जवाब में विभाग के एसडीओ और जेई ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि एक से डेढ़ महीने के भीतर सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि शहरी क्षेत्रों में एक कमेटी का गठन कर जांच की जाएगी और आम नागरिकों को राहत दिलाई जाएगी।

भ्रष्टाचार पर सख्ती का दावा

बिजली विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा और यह पूरी तरह निःशुल्क सेवा है। यदि किसी कर्मचारी द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है तो जनता से अपील की गई कि वे विभाग को इसकी सूचना दें। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर संबंधित कर्मचारी को जेल भेजा जाएगा। इस मौके पर आशुतोष तिवारी और राकेश सिंह ने कहा कि जनता की बिजली समस्याओं को लेकर वे हर स्तर पर संघर्ष को तैयार हैं और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में हम पार्टी के जिला महासचिव भरत द्विवेदी, जिला सचिव वारिस आलम, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पाठक, जिला संगठन सचिव कुमार उमेश, मनोज पाण्डेय, एससी-एसटी मोर्चा अध्यक्ष रमेश उरांव, शाहनवाज खान, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, राजेन्द्र शुक्ला, लोजपा नेता रंजीत पासवान, संजित तिवारी, विवेक सिंह, विकास कुमार, मनोज पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## एनटीपीसी में कार्यरत भवानी कंस्ट्रक्शन के सैकड़ों कामगारों ने जताया विरोध

● कामगारों ने शोषण और दमन के खिलाफ स्थानीय थाना में दर्ज कराया विरोध

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी टंडवा परियोजना में कार्यरत भवानी कंस्ट्रक्शन कंपनी के सैकड़ों कामगारों ने बुधवार को कंपनी द्वारा हो रहे शोषण और दमन के खिलाफ स्थानीय थाना पहुंचकर विरोध जताया। मजदूरों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें गेट पर ही काम पर जाने से रोक दिया गया, जिससे वे आक्रोशित हो उठे। कंपनी में बतौर फिटर कार्यरत सुनील सिंह ने बताया कि सभी कामगार विगत कई महीनों से सरकार द्वारा निर्धारित सर्कुलर रेट के अनुसार भुगतान, लीव, बोनस, नोटिस पे, हाइट अलाउंस जैसे लाभों की मांग कर रहे थे। लेकिन कंपनी प्रबंधन ने उनकी बात सुनने के बजाय उनके खिलाफ साजिशन प्राथमिकी दर्ज करा दी।

प्राथमिकी की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में कामगार स्थानीय थाना पहुंचे और अपना पक्ष लिखित रूप में पुलिस को सौंपा। कामगारों को समर्थन देते हुए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता संतोष नायक ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि मजदूरों की जायज मांगों को नजरअंदाज कर उनके ऊपर दबाव बनाना गलत है। वहीं भू-रैयत नेता रामदेव पासवान ने कहा कि जो मजदूर अपने हक और अधिकार की आवाज उठा रहे हैं, उनका दमन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार द्वारा तय मजदूरी दर में कटौती कर मजदूरों को भुगतान किया जा रहा है, तो यह गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। फिलहाल, स्थानीय पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में जुट गई है। मजदूरों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे।

### उपायुक्त ने बेतला व बरवाडीह क्षेत्र में किया विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण

**बेतला (लातेहार)।** लातेहार जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आईटीआई भवन में संचालित सुविधाओं और अवस्थापना संरचनाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही उपायुक्त ने आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता और व्यवस्था की जांच की। मौके पर पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से लाभुकों तक पहुंचे, इसके लिए नियमित निरीक्षण और निगरानी जरूरी है।

## इंसानियत का रिश्ता संस्था ने नई संस्कृति सोसाइटी को सौंपे वस्त्र व खिलौने



● युवाओं से सामाजिक कार्यों में भागीदारी की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्था 'व्हाट्सएप ग्रुप इंसानियत का रिश्ता' के संचालक धीरज मिश्रा ने बुधवार को डालटनगंज स्थित 'नई संस्कृति सोसाइटी' के कार्यालय में संस्था के संचालक अजीत कुमार पाठक को जरूरतमंदों के बीच वितरण हेतु वस्त्र और खिलौने सौंपे। इस अवसर पर धीरज मिश्रा ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता करके पुण्य के भागी बनना चाहिए। उन्होंने पलामू प्रमंडल के सभी नागरिकों से अपील की कि वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी इस तरह के सहयोगात्मक कार्य जारी रहेंगे।

संस्था के संचालक अजीत पाठक ने धीरज मिश्रा के इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और अन्य लोगों से भी ऐसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

इस मौके पर संस्था के सदस्य उदय कुमार झा, हिमांशु त्रिवेदी और सामाजिक कार्यकर्ता परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी एवं शशिकांत तिवारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर निकला जागरूकता मार्च, संत मरियम स्कूल के छात्रों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को पलामू जिला नगर प्रशासन और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता मार्च निकाला गया। इस मार्च में संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने आवासीय छात्रों के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया।

मार्च का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान श्री देव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पर्यावरण की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई और पेड़-पौधे, जल स्रोतों की रक्षा का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक परिस्थिति चिंताजनक है। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है, जंगल कट रहे हैं, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, हवा और मिट्टी दोनों विषाक्त होती जा रही हैं। यह समय सिर्फ भाषण देने का नहीं, बल्कि ठोस कार्य करने का है।




देव ने कहा कि पचास साल पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा जब इस दिवस की नींव रखी गई थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि आज स्थिति इतनी भयावह हो जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों और आम नागरिकों से आह्वान किया कि हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए और उसे बचाए, तभी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह पाएगी।

जागरूकता मार्च में नगर परिषद, वन विभाग के कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थी, शिक्षक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएँ दीं और इसे जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

## न्यूज बॉक्स

### रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के ज़रिए दी गई रेल यातायात सुरक्षा की जानकारी

**लातेहार।** पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के निर्देश पर लातेहार रेलवे स्टेशन में बुधवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को रेल यातायात सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नाटक मंडली के कलाकारों ने मंचन के दौरान बताया कि यात्रा के समय ज्वलनशील पदार्थ जैसे गैस सिलिंडर, चूल्हा, स्टोव आदि नहीं ले जाना चाहिए, क्योंकि इससे बड़ी दुर्घटना की संभावना होती है। उन्होंने ट्रेन यात्रा के दौरान धूम्रपान नहीं करने, मानव रहित समपार फाटकों पर रुकने, गेट मित्र की सलाह मानने, और फाटक पार करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की। कलाकारों ने यह भी कहा कि आपके परिजन आपके लौटने का इंतज़ार करते हैं, इसलिए सुरक्षित यात्रा आपकी ज़िम्मेदारी है। इस जागरूकता कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में यात्री व आम नागरिक उपस्थित थे। सभी ने रेलवे नियमों का पालन करने का संकल्प लिया और इसे एक प्रभावी व शिक्षाप्रद आयोजन बताया।

### कुंदा थाना में आयोजित विधिक शिविर में लोगों को मिले कानून संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना परिसर में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकार मित्र अजित कुमार ने लोगों को विधिक अधिकारों और सहायता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अधिकार मित्र ने बताया कि थाना में आवेदन लिखने या कानूनी प्रक्रिया समझने में किसी प्रकार की समस्या होने पर लोग उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छोटे-मोटे पारिवारिक मामलों में कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने की बजाय डालसा कोर्ट की मदद से सुलह-समझौते के जरिए समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि डालसा (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) आम लोगों को मुफ्त में सहायता देने हेतु प्रतिबद्ध है और सभी को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए।

### होल्डिंग टैक्स भुगतान में 30 जून तक विशेष छूट महिला, दिव्यांग व पूर्व सैनिकों को 15% तक राहत

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र के होल्डिंगधारियों के लिए राहत भरी खबर है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के होल्डिंग टैक्स पर महिला, दिव्यांग, सीनियर सिटीजन, सेना के पूर्वकर्मी और ट्रांसजेंडर नागरिकों को 15 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। यह छूट केवल 30 जून तक के लिए प्रभावी रहेगी। नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने सभी होल्डिंगधारियों से समय पर टैक्स जमा करने की अपील करते हुए बताया कि 1 जुलाई से टैक्स पर विलंब शुल्क (पेनाल्टी) के साथ भुगतान करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों के बकाया टैक्स पर यह छूट लागू नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन नागरिकों ने अभी तक अपने भवन का असेसमेंट या रिएसेसमेंट नहीं कराया है, वे जल्द इसे पूरा कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

### 3669 लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल, 5 जून तक चलेगा फाइलेरिया जांच अभियान

**लातेहार।** लातेहार जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत रात्रिकालीन रक्त पट्ट के माध्यम से फाइलेरिया संचरण की निःशुल्क जांच जारी है। यह विशेष अभियान 26 जनवरी से प्रारंभ हुआ था, जो 5 जून तक प्रखंडवार चलेगा। अब तक कुल 3669 लोगों के रक्त सैंपल लिए जा चुके हैं। बुधवार की रात 8:30 बजे से यह अभियान गारू के कबरी, महुआडांड़ के राजडंडा, बरवाडीह के बवंडीह-2, चंदवा के चतरो और हेरहंज बाजार में संचालित होगा।

### बकरीद को लेकर महुआडांड़ में शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने का संकल्प

**महुआडांड़।** स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को आगामी बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने की। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों ने मिलकर त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। पुलिस निरीक्षक मोहम्मद पीर ने अपील की कि लोग सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचें और शांति व्यवस्था बनाए रखें। बैठक में लावारिस पशुओं से फसल की क्षति और युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर भी चिंता जताई गई। मौके पर डीएसपी शिवपूजन बहेलिया, सीओ-सह-बीडीओ संतोष कुमार बैठा, थाना प्रभारी मनोज कुमार, जिला परिषद इस्तेला नगेसिया समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मयूरहंड थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर छापेमारी, भारी मात्रा में जावा महुआ नष्ट

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के बड़ाकर नदी किनारे बुधवार को अवैध महुआ शराब के निर्माण में लगी तीन भट्ठियों को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। थाना प्रभारी आशीष प्रसाद के नेतृत्व में यह कार्रवाई अहले सुबह की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर सैकड़ों लीटर जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस अब अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इस अभियान से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### अज्ञात चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर उड़ाए 20 हजार के सामान

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के पांडेपुरा-गेजना मोड़ पर स्थित एक गुमटी में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर अंदर रखे 5 हजार रुपये नकद समेत लगभग 15 हजार रुपये के सामान चोरी कर लिए। गुमटी मालिक प्रदीप यादव, निवासी इंदिरा गांव, ने पांडेपुरा पिकेट में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बुधवार सुबह जब वे गुमटी पहुंचे, तो दरवाजे की कुंडी टूटी मिली और अंदर का सामान बिखरा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह, 52 में से 50 छात्र प्रथम श्रेणी से सफल

**बारियातू।** ब्लॉक रोड स्थित मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर में मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने की जबकि मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक जानकी नंदन राणा और जेएमएम नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव उपस्थित रहे। कोचिंग संचालक सानु कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष सेंटर के 52 विद्यार्थियों में से 50 ने प्रथम श्रेणी और 2 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। जिला टॉपर बनी नेहा रानी को राज्य में नवां स्थान मिला। टॉप करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### बकरीद को लेकर एसपी ने की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने का निर्देश

**चतरा।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) के मद्देनज़र बुधवार को पुलिस केंद्र सभागार में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं शीला ओपी प्रभारी शामिल हुए। बैठक में एसपी ने सभी अधिकारियों को पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी तरह की अफवाह, धार्मिक उकसावे या आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट पर त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों की नियमित निगरानी करने का निर्देश भी दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने बैठक में दिये गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करने की बात कही।

### झारखंड बंद का कैरो प्रखंड में दिखा असर

# सरना कोड लागू करने को लेकर सड़क पर उतरे आदिवासी संगठन

नवीन मेल संवाददाता



**कैरो/लोहरदगा।** झारखंड बंद के आह्वान पर मंगलवार को कैरो प्रखंड क्षेत्र में भी बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता हाथों में सरना झंडा और विभिन्न मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे और बंद को सफल बनाने के लिए जनसमर्थन जुटाया। प्रखंड मुख्यालय समेत नरौली, खंडा, उतका, कैरो, नयाटोली आदि गांवों में बंद समर्थकों ने लोगों से दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील की। बंद के दौरान "आदिवासी धर्म-संस्कृति को छेड़ना बंद करो", "सरना कोड लागू करो", "सरकार की शराब नीति नहीं चलेगी", "रांची सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप हटाओ" जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया गया। हालांकि बाजार बंद रहे, लेकिन सड़कों पर आवागमन सामान्य रूप से चलता रहा और किसी को आवाजाही में कोई विशेष परेशानी नहीं हुई। बंद शांतिपूर्ण रहा और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मौके पर बुधूवा उरांव, किशोर उरांव, विजय कुमार एक्का, तिला उरांव, विकास उरांव, काली उरांव, प्रेम उरांव, आशीष उरांव, पन्ना उरांव, संतोष उरांव, जगबंधन उरांव, अजय उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को कुडू पुलिस ने किया जब्त

**लोहरदगा।** कुडू के बड़की चांपी पिकेट के पास कुडू थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा जब्त किया गया। जप्त ट्रैक्टर को पिकेट परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस संबंध में कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की सूचना जिला खनन पदाधिकारी, लोहरदगा को दे दी गई है और अग्रेतर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। प्रशासन द्वारा अवैध खनन और परिवहन पर निगरानी के उद्देश्य से की जा रही कार्रवाई के तहत यह कदम उठाया गया है। मामले की जांच जारी है।

## भू-अर्जन शाखा अंतर्गत संचालित पांच परियोजनाओं की समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने भू-अर्जन शाखा अंतर्गत संचालित पांच परियोजनाओं की समीक्षा की। इसमें कुडू-घाघरा पथ में रैयतों का लंबित भुगतान, लोहरदगा बायपास रोड में रैयतों के वंशावली का वेरिफिकेशन कराने व बिना विवाद वाले रैयतों का भुगतान व भूमि संबंध निष्पादन दो सप्ताह में करने का निर्देश दिया गया। एन-75 कुडू-उदयपुरा पथ में भूमि अधिग्रहण दर संबंधित मामले की समीक्षा की गई। पथ निर्माण विभाग का पथ नदिया-इरगांव पथ परियोजना में ग्राम सभा का प्राप्त प्रतिवेदन एक ही प्रारूप में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सेन्हा-भण्डरा पथ की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में तेजी लायें। बिना किसी ठोस वजह से कोई फाइल नहीं रोकें। अपने कार्य को प्राथमिकता दें। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, संबंधित अंचल अधिकारी, सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम-2.0 अभियान आज

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर आज " एक पेड़ मां के नाम-2.0" अभियान का प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य है माँ और धरती माँ के प्रति प्रेम एवं सम्मान भाव को दर्शाते हुए वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रुप देना है। डीएसई ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विद्यालय परिसर में यथा केला,पपीता, मुनगा/मोरिंगा/सहजन, कटहल आदि पौधा लगाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त कार्य मे सहयोग हेतु सभी विद्यालयों में इको क्लब का गठन किया गया है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम 05 जून 2025 से 30 सितंबर 2025 तक संचालित किया जाना है, जिसमें शत-प्रतिशत विद्यालयों में वृक्षारोपण का कार्य सुनिश्चित किया जाए। पीएम पोषण पोर्टल पर शत-प्रतिशत विद्यालयों की इंट्री कार्य करना सुनिश्चित किया जाए।

### 10 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन आज

**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा ज़िला अध्यक्ष सह वर्ग सर्व व्यवस्था प्रमुख रितेश कुमार ने बतलाया कि विगत 27 मई से शीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर परिषर में चल रहे विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल का 10 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन आज हो जायेगा। 5 जून को शाम 4.30 बजे से समापन समारोह मेंअभी तक के सिखाये गये शारिरिक और बौद्धिक अभ्यास का प्रदर्शन आगन्तुक अतिथियों तथा सहयोगकर्ताओं के बीच प्रशिनार्थियों द्वारा किया जायेगा। अतः विहिप् जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने लोहरदगा ज़िला के समस्त सनातन परिवार तथा युवाओ से अपील की है कि इस समापन समारोह में अवश्य आवें तथा प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थीयों के सिखाए गुर के प्रदर्शन देख बाकी के युवा प्रेरणा लें तथा अभिवावकगण इनकी हौसला को बढ़ाए।

### डीसी ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

# समय पर अस्पताल पहुंचे चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी : डॉ ताराचंद

- डीसी के निरीक्षण के दौरान अधिकांश ड्यूटी डॉक्टर रहे नदारद
- जन औषधि केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला के सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अधिकांश चिकित्सक अपने निर्धारित रोस्टर के अनुसार मौजूद नहीं थे। मेडिकल कचरा का प्रबंधन बेहतर नहीं था। जो दवाइयां चिकित्सक ने मरीज को लिखी वह अस्पताल परिसर स्थित जन औषधि केंद्र में नहीं मिली। ओपीडी का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। इस संबंध में सिविल सर्जन लोहरदगा और अस्पताल प्रबंधक को व्यवस्था में सुधार के सख्त निर्देश दिये। साथ ही, उपायुक्त ने कहा कि जो रोस्टर चिकित्सकों का है उसके अनुसार चिकित्सक मौजूद रहें। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। चिकिस्कों के समय पर नहीं रहने पर मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में आइसीयू, ऑपरेशर थिएटर, आयुष्मान भारत की स्थिति, ड्रेसिंग रूम, फिजियोथेरेपी, आंख व दंत चिकित्सक वार्ड, रजिस्ट्रेशन काउंटर, आंख/कान/गला विशेषज्ञ वार्ड, हड्डी रोड विशेषज्ञ वार्ड, ब्लड बैंक, मेटरनल वार्ड, शिशु वार्ड, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर, लैब, ऑक्सीजन प्लांट, अस्पताल परिसर स्थित जर्जर भवनों, जन औषधि केंद्र आदि का निरीक्षण किया। ब्लड बैंक में विभिन्न ब्लड ग्रुपों के खून की उपलब्धता के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन कॉलेज, समाहरणालय परिसर आदि स्थानों पर आयोजित कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। जन औषधि केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परिसर में जो भी पुराने जर्जर भवन है उन्हें जर्जर घोषित करते हुए उसकी जगह पार्किंग का एरिया बनाये जाने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, अस्पताल प्रबंधक, डीपीएम नाजिश अख्तर समेत अन्य उपस्थित थे।

### डीसी ने नए समाहरणालय भवन का किया निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने नये समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इसमें उन्होंने ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर और सेकेंड फ्लोर में बने विभिन्न पदाधिकारियों, कॉन्फ्रेंस हॉल, मीटिंग हॉल, कोर्ट रूम, विभिन्न कार्यालयों के लिए चिन्हित कमरों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से नये समाहरणालय भवन के बीचों-बीच सुरक्षा जाल अधिष्ठापित करने, कार्यालयों की आवश्यकतानुसार आकार का कमरा आवंटित करने, राज्यकर आयुक्त का कार्यालय के लिए नये समाहरणालय भवन में कमरा आवंटित करने, उद्योग केंद्र कार्यालय के लिए कमरा आवंटित करने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमण्डल कार्यपालक अभियंता को उपायुक्त कक्ष, कोर्ट रूम में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, भवन प्रमण्डल कार्यपालक अभियंता रामपद हांसदा, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य उपस्थित थे।

## छः लाभुक किसानों के बीच मुर्गी चूजा का वितरण किया

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत छः लाभुक किसानों के बीच मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। वही भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत किसानों का जीविकोपार्जन के लिये मुर्गी चूजा, गाय, बकरी, बतख पालन योजना सहित विभिन तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को लाभ मिले और दोगुनी आय हो साथ ही बताया कि यह योजना वर्ष 2023 - 24 और 2024 -25 के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के छः किसान करियो उराइन, दिगम्बर चिक बड़ाइक, रामवृत उरांव, बांदो भगत, जतरी उराइन और रामनवमी देवी के बीच 500-500 मुर्गी चूजा, दवा और मुर्गी पालन हेतु सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही कहा गया कि समय समय पर पशु चिकित्सकों से परामर्श लेकर खाना के साथ दवा भी देने का निर्देश दिया गया। जिसे मुर्गियों में होने वाली बीमारी न पनपे और सुरक्षित रहे। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह और करियो उराइन, दिगम्बर चिक बड़ाइक, रामवृत उरांव, जतरी उराइन, बांदो भगत, रामनवमी देवी समेत अन्य लाभुक किसान उपस्थित थे।

## एसपी ने किया भंडरा थाना का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिज़वी ने भंडरा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, मालखाना, मेस, बैरक तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। थाना की व्यवस्थाओं को देखकर पुलिस अधीक्षक ने संतोष व्यक्त किया। मौके पर उन्होंने अपराध रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर तथा भूमि विवाद रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया और थाना क्षेत्र में घटित अपराधों की जानकारी ली। बकरीद पर्व को लेकर एसपी श्री रिज़वी ने असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने एवं सतर्क रहने के निर्देश थाना प्रभारी अरविंद सिंह और उपस्थित पुलिस अधिकारियों को दिए। साथ ही, सभी अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का विधिक समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा अपराध नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने थाना में पेयजल संकट और पुरुष-महिला बैरक को संसाधन युक्त करने का अनुरोध पुलिस अधीक्षक से किया। साथ ही कुम्बा टोली में एक युवती की हत्या की घटना से भी उन्हें अवगत कराया। निरीक्षण के समय एसआई, एएसआई सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद रहे।

### लोहरदगा जिला कांग्रेस की मासिक बैठक आयोजित

# संगठन सृजन व जनसमस्याओं के समाधान पर दिया गया जोर



- जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में हुई बैठक, प्रखंड कमेटी की सूची का सत्यापन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन सृजन की प्रक्रिया को गति देना, कार्यकर्ताओं की सक्रियता सुनिश्चित करना और जमीनी स्तर की जनसमस्याओं के समाधान के लिए रणनीति तैयार करना रहा। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 1 से 15 तारीख के बीच जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जानी है। इसका उद्देश्य गांव, पंचायत और प्रखंड स्तर के आम जनों और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनना और समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करना है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय सांसद और विधायकों से मिलकर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। संगठन सृजन की प्रक्रिया आगामी 30 जून तक जारी रहेगी, जिसके तहत प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का सत्यापन कर नामों की घोषणा की जाएगी। पार्टी सभी स्तरों पर पर्यवेक्षकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं की समीक्षा कर रही है। लोहरदगा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सत्यदेव भगत द्वारा प्रखंड पदाधिकारियों की सूची जिला अध्यक्ष को सौंपी गई, जिसका सत्यापन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। आगामी दो दिनों में इस सूची की घोषणा कर दी जाएगी और नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, संतोषी उरांव, शामुल अंसारी, सदरुल अंसारी, सलीम अंसारी, सीमा परवीन, विशाल डुंगडुंग, मुश्ताक अहमद, प्रकाश उरांव, सत्यदेव भगत, जुगल भगत, विनोद सिंह खैरवार, राजू भगत, ऐनुल अंसारी, कबीर अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी के अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, सिंचाई कूप, बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना सहित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने संबंधित पंचायत कर्मियों से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन व योजनाओं की भौतिक स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना से संचालित सिंचाई कूप लंबित रहने को लेकर मनरेगा से जुड़े कर्मियों को फटकार लगाया है।

साथ ही कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि पंचायत में संचालित विकास योजना को समय से पूरा करना है। निर्धारित समय पर योजना को पूर्ण नहीं करने वाले लापरवाह पंचायत कर्मियों पर कार्रवाई तय है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत लाभुकों को सामग्री उपलब्ध नहीं होने से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत मिलती है, तो उसकी सूचना प्रखंड कार्यालय दें। साथ ही पंचायत कर्मियों को अपूर्ण योजना को पूरा करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है।

## न्यूज बॉक्स

### हर्ष वैभव ने लहराया परचम, आईआईटी में पाई ऑल इंडिया 5232वीं रैंक



**लोहरदगा।** बीआईडी निवासी हर्ष वैभव ने अखिल भारतीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस में ऑल इंडिया 5232वीं रैंक प्राप्त कर जिले एवं समाज का नाम रोशन किया है। हर्ष वैभव धर्मवीर कुमार के सुपुत्र एवं चुन्नीलाल हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय कृष्णा राम प्रजापति के पौत्र हैं। वे कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति के भतीजे भी हैं। हर्ष की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे प्रजापति समाज में हर्ष का माहौल है। हर्ष ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पण और अनुशासन से यह दिखा दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी किसी से कम नहीं हैं। कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट, लोहरदगा की ओर से हर्ष वैभव को आने वाले दिनों में सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता समाज के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा देगी।

### आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा में सफल छात्रों को डीसी ने किया सम्मानित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने मंगलवार को आईआईटी-जेईई एडवांस की परीक्षा में ऑल इंडिया 3401वीं रैंक हासिल करनेवाले वीर पोद्दार, 10900वीं रैंक हासिल करनेवाले सात्विक गुप्ता और 15930वीं रैंक हासिल करनेवाली प्रशंसा प्रिया को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के माता-पिता व अभिभावक भी उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि काफी मेहनत के बाद आप सभी ने जो स्थान हासिल किया है इसमें आपकी कड़ी मेहनत और आपके माता-पिता व अभिभावको का त्याग है। आप मन लगा कर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करें। आज देश को बढ़िया इंजीनियर्स की जरूरत है। देश के विकास में इंजीनियर्स की बड़ी भूमिका रही है। देश में महान व प्रसिद्ध इंजीनियर सर एम. विश्वेश्वरैया हुए हैं जिन्होंने भारत में इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी याद में प्रत्येक वर्ष इंजीनियर्स डे भी मनाया जाता है। आज भी युवाओं का इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने का बहुत अधिक क्रेज है।

### दफादार-चौकीदार पंचायत समिति ने पुलिस अधीक्षक से की शिष्टाचार भेंट



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत समिति, लोहरदगा जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिज़वी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने बुके भेंट कर पुलिस अधीक्षक को शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल से शांतिपूर्ण वातावरण में संवाद किया और चौकीदारों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि "चौकीदार पुलिस विभाग का एक महत्वपूर्ण अंग हैं, जो जमीनी स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते हैं।" उन्होंने प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निभाएं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कमले नदी में आज होगा नदी पूजन समारोह

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर विकास भारती बिशनपुर द्वारा लोहरदगा जिले के बड़की चापी स्टेशन के निकट कमले नदी पर नदी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस विशेष अवसर पर ग्रामीणों, महिला मंडलों, पारंपरिक पहन पुजारों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नदी पूजन विधिवत रूप से सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विकास भारती बिशनपुर के क्षेत्रीय समन्वयक देवेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि संस्था द्वारा 14 अप्रैल 2025 से 5 जून 2025 तक पूरे झारखंड राज्य में पर्यावरण जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 2000 से अधिक गांवों में दीवार लेखन, जागरूकता बैठकों और संवाद के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, विशेषकर जंगल की आग से होने वाले नुकसानों के प्रति सचेत किया गया। इस जनजागरूकता महा अभियान का समापन पांच जून को नदी पूजन के साथ होगा, जो पर्यावरण के प्रति श्रद्धा, संस्कृति और संरक्षण के संदेश को एक सूत्र में जोड़ता है।

### बिजली खंभा गिरने से युवक की मौत

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़गांव गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 26 वर्षीय युवक फरीद अंसारी की मौत हो गई। यह हादसा अपराह्न करीब 4 बजे उस समय हुआ जब एक क्षतिग्रस्त बिजली खंभा अचानक गिर पड़ा और फरीद उसकी चपेट में आ गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम पसर गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उक्त बिजली खंभा कुछ समय पहले ही किसी अज्ञात ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया था। खंभा झुका हुआ था और उससे जुड़े बिजली के तार पेड़ पर लटक रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी सूचना बिजली विभाग को कई बार दी गई थी, लेकिन मरम्मत नहीं की गई। मंगलवार को फरीद अंसारी जब गांव के पथ से गुजर रहा था, उसी दौरान खंभा अचानक टूटकर गिर पड़ा। वह खंभे की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

### 10-11 जून को होगा करियर काउंसलिंग सत्र, छात्र-छात्राएं होंगे लाभान्वित

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन लोहरदगा एवं होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर, लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 10 जून (मंगलवार) एवं 11 जून (बुधवार) को नया नगर भवन, लोहरदगा में दो दिवसीय कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह सत्र प्रातः 11 बजे से आरंभ होगा। यह कैरियर काउंसलिंग सत्र विशेष रूप से कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं तथा 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पारंपरिक कैरियर विकल्पों जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, सरकारी सेवाओं के साथ-साथ आधुनिक कैरियर विकल्प जैसे डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, डिज़ाइनिंग एवं स्टार्टअप आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को न केवल कैरियर की विभिन्न संभावनाओं से अवगत कराया जाएगा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति स्पष्टता भी विकसित की जाएगी।

# झारखंड बंद से गुमला में जनजीवन रहा ठप

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सिरमटोली बचाव मोर्चा और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को झारखंड बंद का गुमला में व्यापक और तीव्र असर देखने को मिला। आदिवासी अस्मिता, धार्मिक स्थलों की रक्षा, और जनजातीय अधिकारों को लेकर सड़क पर उतरे हजारों प्रदर्शनकारियों ने पूरे जिले में जनजीवन को पूरी तरह से ठप कर दिया।सुबह से ही गुमला जिला मुख्यालय के साथ-साथ पालकोट, कामडारा, बसिया, सिसई, घाघरा, भरनो, चैनपुर और अन्य ग्रामीण इलाकों में बंद समर्थक सक्रिय हो गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख चौकों और सड़कों पर टायर जलाकर जाम लगा दिया। बाजार, दुकानें, सरकारी कार्यालय, स्कूल-कॉलेज, परिवहन सेवा पूरी तरह ठप रही। शहर से लेकर गांव तक आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**उग्र रूप में दिखा विरोध :** प्रदर्शनकारियों ने हाथों में लाठियां, पारंपरिक हथियार और तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। बस स्टैंड, कोर्ट परिसर, टावर चौक, लोहरदगा रोड उरांव छात्रावास, कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप प्रदर्शन कर रहे बंद समर्थकों के कारण यात्री कई घंटों तक फंसे रहे। कुछ स्थानों पर बंद समर्थकों द्वारा जबरन दुकानें बंद कराई गईं, जिससे व्यापारियों में असंतोष भी देखा गया।

**सरकार को आंदोलनकारियों की चेतावनी :** आदिवासी संगठनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो यह आंदोलन भविष्य में और बड़ा रूप ले सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आदिवासियों की संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक संरचना से खिलवाड़ बंद किया जाए और नशा, धर्मांतरण, पलायन जैसे मुद्दों पर तत्काल ठोस कार्रवाई हो। गुमला में झारखंड बंद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आदिवासी समुदाय अब अपने अधिकारों, संस्कृति और पहचान के सवाल पर किसी भी हद तक संघर्ष के लिए तैयार है। यह बंद न केवल एक विरोध था, बल्कि सरकार को चेतावनी भी कि अब समय आ गया है जब उसे जमीन पर आदिवासियों की आवाज सुननी ही होगी। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। मुख्य चौकों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी, लेकिन कई स्थानों पर पुलिस मूकदर्शक बनी रही और प्रदर्शनकारियों को रोकने में निष्क्रिय दिखाई दी।

**शांति रही लेकिन भय का माहौल बना :** हालांकि पूरे दिन बंद शांतिपूर्ण रहा और किसी बड़े हिंसक टकराव की सूचना नहीं मिली, फिर भी लोगों में पूरे दिन यह डर बना रहा कि कहीं कोई अप्रिय घटना न हो जाए। जिले के स्कूल-कॉलेज, बैंक और दफ्तरों में उपस्थिति बेहद कम रही।



## झारखंड बंद के समर्थन में सिसई के आदिवासी संगठनों ने निकाला जुलूस

**सिसई (गुमला)।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित केन्द्रीय सरना स्थल सिरमटोली गेट के सामने फ्लाईओवर रैंप के विरोध में आदिवासी संगठनों के द्वारा आहूत झारखंड बंद का सिसई में बुधवार को मिला जुला असर देखने को मिला। आपातकालीन मेडिकल सेवाएं, अस्पताल, दूध वाहन, बाराती वाहन को बंद से मुक्त रखा गया था। बंद के समर्थन में केन्द्रीय सरना समिति, अखिल भारतीय आदिवासी विद्यार्थी परिषद, आदिवासी बचाव मोर्चा एवं जेएलकेएम के द्वारा आदिवासियों व सरना धर्म पर हो रहे अत्याचार व अन्याय के विरोध में जूलूस निकाला गया, साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस दौरान आदिवासी संगठनों ने आदिवासियों के धर्म और आस्था से जुड़े स्थलों पर कथित रूप से अतिक्रमण एवं अवैध क जा कर उनकी परंपरा को आघात पहुंचाने,कई प्राचीन आदिवासी धर्मस्थलों पर सरकार की ओर से कराए जा रहे निर्माण पर आपत्ति जताई गई, साथ ही सरना कोड व पेशा कानून लागू करने, आदिवासियों पर अत्याचार बंद करने,आदिवासियों की जमीन वापस करने, आदिवासी अधिकार का हनन पर रोक लगाने सहित राज्य सरकार के विरोध में नारे लगाए गए।

## भरनो में झारखंड बंद का दिखा व्यापक असर, एनएच-23 पर घंटों जाम



**भरनो (गुमला)।** रांची के सीरम टोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल के पास बनाए गए रैम्प को हटाने सहित कई मांगों को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों के आह्वान पर बुधवार को झारखंड बंद का भरनो में व्यापक असर देखने को मिला। बंद के समर्थन में स्थानीय आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भरनो मिशन चौक पर राष्ट्रीय राजमार्ग 23 (रांची-गुमला मार्ग) को जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह 7 बजे से शुरु हुए इस सड़क जाम का नेतृत्व आदिवासी नेता मुकेश उरांव और सुकेश उरांव कर रहे थे। बंद समर्थक सड़कों पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे - "आदिवासियों पर अत्याचार बंद करो", "सरना स्थल से रैम्प हटाओ", "पेसा कानून लागू करो", "सरना कोड लागू करो" आदि। जाम की सूचना मिलते ही भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति और प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया।

## झारखंड बंद का चैनपुर में नहीं दिखा असर



**चैनपुर।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा और अन्य संगठनों द्वारा सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप निर्माण, पेसा कानून, और शराब नीति के विरोध में बुलाए गए झारखंड बंद का चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में कोई खास असर देखने को नहीं मिला। सुबह कुछ दुकानें बंद जरूर थीं, लेकिन दोपहर होते-होते ज़्यादातर दुकानें खुल गईं और जनजीवन सामान्य हो गया।बंद के आह्वान के बावजूद, प्रखंड में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानें और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से खुले रहे।सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी सामान्य रही और कुछ पैसेंजर बसें भी नियमित तौर पर चलती दिखीं।झारखंड बंद को लेकर चैनपुर में किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन या जबरन बंद कराने की घटना सामने नहीं आई है। इससे यह साफ है कि स्थानीय लोगों ने इस बंद को खास समर्थन नहीं दिया, जिससे प्रखंड में शांति और सामान्य जनजीवन बना रहा।

### बिजली आपूर्ति में तेजी लाने के निर्देश

# डीसी ने योजनाओं की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में विद्युत आपूर्ति और सुदृढ़ बिजली व्यवस्था को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना तथा आरडीएसएस जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पीवीटीजी गांवों में बिजली आपूर्ति के कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित एजेंसी को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि कार्य में तुरंत गति लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्धारित समयसीमा का कड़ाई से पालन हो और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जनशक्ति की तैनाती की जाए। उपायुक्त ने एजेंसी को एक माह के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना की धीमी प्रगति पर भी उपायुक्त ने असंतोष जताते हुए एजेंसी को सख्त निर्देश दिए कि समयबद्ध ढंग से सभी कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने जिले में बिजली आपूर्ति से जुड़ी सभी योजनाओं को गति देने और आमजन को लाभ दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य करने को कहा। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता, अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कार्य निष्पादन कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## आंजन धाम सौंदर्यीकरण व नए डीपीआर तैयार करने के निर्देश

**गुमला।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिले में खेल एवं पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंजन धाम, पेरवाघाघ, मसरिया डैम और बाघमुंडा जलप्रपात सहित कई पर्यटन स्थलों के विकास पर विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त ने आंजन धाम के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मसरिया डैम, पेरवाघाघ और बाघमुंडा जलप्रपात का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) शीघ्र तैयार करने को कहा, ताकि इन स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया जा सके। बैठक में खेल पदाधिकारी द्वारा सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के पंजीकरण की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने जिला परिषद को अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और जिला खेल पदाधिकारी को ओपन थिएटर निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल का चयन करने का निर्देश भी दिया। बैठक में जिले के अन्य पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और पर्यटन को बढ़ावा मिले।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी स्कूलों में गूंजेगा हरियाली का संदेश

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के निर्देशानुसार 05 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के सभी कोटि के विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालयों के पुनः खुलने के दिन ही निर्धारित किया गया है, जिससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना का विकास हो। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने जानकारी दी कि इस अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत सभी विद्यालयों में पौधरोपण किया जाएगा।

## शराब दुकान खोलने के फैसले का झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने किया विरोध

**गुमला।** झारखंड सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर शराब दुकानें खोलने के फैसले का तीखा विरोध शुरू हो गया है। झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष देवकी देवी ने इस फैसले को सामाजिक पतन की ओर एक खतरनाक कदम बताया है। देवकी देवी ने कहा कि आज बिना सरकारी दुकान के ही हमारे बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं, और सरकार अब पंचायत स्तर तक शराब को पहुंचाकर पूरे समाज को बर्बादी की ओर ले जाना चाहती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, "जब अभी से ही 10-12 साल के बच्चे नशे में डूब रहे हैं, हमारी बेटियाँ भी इसकी चपेट में आ रही हैं, तो कल का भविष्य क्या होगा? क्या सरकार ने इसके परिणामों पर विचार किया है?" उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार खुद नशे को बढ़ावा देकर झारखंड के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। खासकर गुमला जिला पहले से ही नशे की मार झेल रहा है, और अब पंचायत स्तर पर शराब दुकानों के खुलने से स्थिति और भयावह हो जाएगी। देवकी देवी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि इस फैसले के खिलाफ हर नागरिक को एकजुट होकर विरोध करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि जो लोग समाज और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं, वे इस मुहिम में आगे आकर सरकार को उसका निर्णय वापस लेने पर मजबूर करेंगे।

### 'प्रोजेक्ट अजीत' के तहत प्राथमिक शिक्षा में नवाचार की नई लहर

# शिक्षण गुणवत्ता व रचनात्मकता पर विशेष फोकस

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट अजीत' के अंतर्गत नवाचारी प्रयासों की श्रृंखला जोर पकड़ रही है। झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के माध्यम से न केवल विद्यालयों को सजाया-संवारा जा रहा है, बल्कि बच्चों की भाषा और गणितीय समझ, रचनात्मक सोच एवं पठन संस्कृति को विकसित करने के लिए सृजनात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने जानकारी दी कि जिले के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-कक्षों को आकर्षक बनाकर शिक्षण को रुचिकर और प्रभावी




बनाया जा रहा है। अब तक 1290 में से 586 विद्यालयों के कक्षा कक्षों का साज-सज्जा कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अलावा 543 विद्यालयों में 'रीडिंग कार्नर' स्थापित किए गए हैं, जिससे बच्चों में स्वैच्छिक पठन की आदत को बढ़ावा मिल रहा है। प्रोजेक्ट अजीत के तहत नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सभी शिक्षकों को टीएलएम के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया है। साथ ही विद्यालयों में 'प्रेरणा मंच' की शुरुआत की गई है, जहां महापुरुषों की जीवनी, सेवानिवृत्त शिक्षकों, पूर्व सैनिकों और प्रेरक व्यक्तित्वों के अनुभव विद्यार्थियों से साझा किए जाते हैं। शिक्षकों और कर्मियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले के 12 प्रखंडों से एक-एक प्रेरक शिक्षक का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकुल साधनसेवियों एवं परियोजना कर्मियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान प्रदान किया गया है। गुमला जिले के 12 प्रखंडों में स्थित 100 संकुल संसाधन केंद्रों को प्रेरणा, नवाचार और जनसहभागिता के मंच के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## बकरीद को लेकर चैनपुर में शांति समिति की बैठक

**चैनपुर।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुमला पुलिस अधीक्षक हारीश बिन ज़मां ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों को गांव-गांव में शांति समिति की बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया है, ताकि आपसी सद्भाव और भाईचारा कायम रहे।इसी क्रम में, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, चैनपुर थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, दिनेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक नंदकिशोर कुमार, निर्मल राय सहित अन्य पुलिस जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए बरवेगर, जमगाई, चैनपुर और लंगड़ा मोड़ जैसे महत्वपूर्ण गांवों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में संबंधित गांवों के कई प्रबुद्धजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।बैठकों के दौरान, पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों के साथ बकरीद पर्व को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से, पुलिस ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कड़ी चेतावनी दी। पुलिस पदाधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले या गलत संदेश/अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बकरीद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

गुमला। आगामी 7 जून 2025 को मनाए जाने वाले बकरीद (ईद-उल-जुहा) पर्व को लेकर मंगलवार को नगर भवन, गुमला में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमान ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक संगठन, गणमान्य नागरिक, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने सभी समुदायों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि गुमला की आपसी एकता और सौहार्दपूर्ण परंपरा को बनाए रखते हुए बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से लिया गया है। विशेष रूप से साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और यातायात व्यवस्था को



प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और फेक न्यूज से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कोई भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश सामने आता है, तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें। उन्होंने जिलेवासियों को बकरीद की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमान ने कहा कि गुमला जिले में पर्वों के दौरान शांति और व्यवस्था की परंपरा रही है और यह आगे भी कायम रहे, इसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी, रात्रि गश्ती और नियंत्रण कक्ष की सक्रियता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए पर्व को मिल-जुलकर मनाने की बात कही।

बैठक के दौरान समिति सदस्यों द्वारा पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, बाजार में भीड़ नियंत्रण तथा सामुदायिक समन्वय से संबंधित विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रशासन ने इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हाल ही में पदभार ग्रहण करने वाले उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमान का समिति सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने गुमला जिले की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विविधता से दोनों अधिकारियों को अवगत कराते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, एसडीओ सदर राजीव नीरज, एसडीपीओ गुमला, नगर परिषद प्रतिनिधि समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**पालकोट।** बकरीद पर्व को लेकर पालकोट थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय उरांव ने की। इस दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर बल दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बकरीद पर्व को आपसी मेल-जोल और शांति के साथ मनाया जाएगा। प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

## थाना प्रभारी ने मुस्लिम बहुल गांवों का किया दौरा

**भरनो।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ बैठक कर भाईचारे और एकता की मिसाल कायम रखने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी ने सुपा पबेया, पहाड़केसा, परसा, डोम्बा, मलगो, लालटोली, बांधडीपा सहित कई गांवों में जाकर मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भरनो प्रखंड में हमेशा से सभी समुदायों ने आपसी सौहार्द और मेल-जोल के साथ सभी पर्व-त्योहार मनाए हैं, और यही वजह है कि अब तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। यह पूरे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक उदाहरण है, जिसे बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# न्यूज बॉक्स

## नवनियुक्त डीसी व एसपी का मारवाड़ी युवा मंच ने किया स्वागत



**गुमला।** जिले की नवनियुक्त उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां का मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंच की प्रतिनिधियों ने उपायुक्त और एसपी को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मौके पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष आंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, स्वाति गोयल और कांता साबू ने मंच द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रतिनिधियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा और रक्तदान जैसे क्षेत्रों में मंच द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों से अधिकारियों को अवगत कराया। शाखा के सदस्यों ने जिला प्रशासन के सहयोग से भविष्य में जनहित में और अधिक प्रभावशाली कार्य करने की इच्छा भी व्यक्त की। इस पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने मंच के कार्यों की सराहना की और सामाजिक विकास में मंच के योगदान की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## भरनो में हाथी का आतंक : कच्चा मकान तोड़ा, एक क्विंटल अनाज खाया

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड के डोम्बा पंचायत अंतर्गत डोम्बा बघीयाटोली गांव में बीते मंगलवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने गांव के निवासी विनोद उरांव के कच्चे मकान को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। इस दौरान घर के भीतर रखा एक क्विंटल



अनाज खा गया और दीवार गिरने से कई बर्तन व आवश्यक सामान टूटकर बर्बाद हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने मशाल जलाकर हाथी को गांव से खदेड़ने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि यह जंगली हाथी बीते एक सप्ताह से भरनो व करंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में घुसकर घरों को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग को सूचना देने के बावजूद हाथी को भगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों को हर रात हाथी के डर से रातजगा करना पड़ रहा है। बुधवार सुबह डोम्बा पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी और समाजसेवी शनिचरवा उरांव मौके पर पहुंचे और विनोद उरांव के घर जाकर हाथी द्वारा किए गए नुकसान का जायजा लिया।

## माहौल को गंदा करने वाले शरारती तत्वों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी : थाना प्रभारी

**घाघरा।** घाघरा थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी पुनीत मिंज एवं सब इंस्पेक्टर उपेंद्र पाठक सब इंस्पेक्टर विकास कुमार सब इंस्पेक्टर अनिकेत कुमार गुप्ता ने की। बकरीद त्योहार को लेकर दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुए एवं शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि पिछले कुछ त्योहारों में हिंदू मुस्लिम की सौहार्द देखने को मिला है कई युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं ऐसी स्थिति में आपकी सहयोग अत्यंत जरूरी है,ब्राउन शुगर के साथ लोगों को पकड़ना है जिसमे सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराना है ,सरकार के द्वारा निर्धारित की गई मापदंड को पालन करना है। जो भी सोशल मीडिया में गलत मैसेज डालेंगे उन पर कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।वही थाना प्रभारी ने कहा की शांतिपूर्वक त्योहार मनाए ,सरकार की गाइडलाइन का पालन करें ,शिकायत का मौका नहीं दें ,जो भी गलत करेंगे उनको छोड़ा नहीं जाएगा। गार्जियन अपने बच्चों को गलत संगत से बचाए। अच्छे संस्कारों से जोड़कर रखें। इनकी रही उपस्थित घाघरा पंचायत मुखिया योगेंद्र भगत कल्याणकारी मानव विकास संस्था के सचिव अनिरुद्ध चौबे कांग्रेस जिला महासचिव कृष्णा लोहरा मुस्लिम समाज के सदर सेक्रेटरी भोला खान साबित खान चापका मुखिया अग्नि उरांव जावेद खान इनुश राय उपस्थित रहे।

## कृषि यंत्रीकरण से बढ़ेगा उत्पादन : डॉ. संजय




**गुमला।** प्रखंड सिसई के अंतर्गत 9 पंचायतों में दिनांक 4 जून 2025 को "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "यंत्रीकरण आज की आवश्यकता" रहा, जिसमें वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजय ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत मुखिया रबी उरांव की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों और यंत्रीकरण की दिशा में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात डॉ. संजय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में कृषि को लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए यंत्रीकरण अनिवार्य हो गया है। पारंपरिक तरीकों से खेती करना न केवल समय लेने वाला है बल्कि श्रम और लागत की दृष्टि से भी महंगा पड़ता है। वहीं, पावर टिलर, रीपर, थ्रेशर, मल्टीक्रॉप प्लांटर, स्प्रिंकलर जैसे आधुनिक यंत्रों के उपयोग से किसान कम समय में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. संजय ने बताया कि झारखंड जैसे राज्य में, जहां खेती के लिए श्रमिकों की उपलब्धता सीमित होती जा रही है, वहां कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान (सब्सिडी) दी जा रही है, जिससे छोटे और सीमांत किसान भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग, आत्मा और कृषि विज्ञान केंद्र के तकनीकी सहायकों द्वारा विभिन्न कृषि यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पर पावर वीडर, मिनी राइस मिल, ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर सहित कई यंत्रों का प्रदर्शन (डेमो) किया गया, जिसे देखकर किसानों में विशेष उत्साह देखा गया।

## चैनपुर प्रखंड में बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**चैनपुर।** बिरसा हरित चेतना अभियान के अंतर्गत आज चैनपुर प्रखंड के तिगावल ग्राम में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में श्री आशीषण तिर्की, अतिरिक्त महानिदेशक, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। यह कार्यक्रम वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को वन संरक्षण, वन्य पशुओं के संरक्षण तथा पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूक करना था। सभा के दौरान ग्रामीणों को उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने हेतु व्यावसायिक खेती अपनाने और दोहरी फसल प्रणाली पर जोर देने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों को नशामुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया गया, जिससे एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

संपादकीय

## आभासी दुनिया के ग्लैमर का काला सच

कुछ दिनों पूर्व एक समाचार कौंधा कि रील बनाने वाले ने मर्सिडीज कार खरीदी जिसके बाद रील बनाने वालों की बाढ़ आ गई। जबकि ज्योति मल्होत्रा का मामला एक इन्फ्लुएंसर की दुनिया के अंधेरे पक्षों को उजागर करता है। हरियाणा की रहले वाली ट्रैवल व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा की हाल ही में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हुई गिरफ्तारी ने देश के सुरक्षा प्रतिष्ठानों और समाज में भी खलबली मचा दी है। चुलबुली ज्योति या जो, जिस नाम से वह सोशल मीडिया पर जानी जाती है, एक औसत यूट्यूबर इन्फ्लुएंसर के रूप में सामने आती है, जो अब तक स्वतंत्रता और अपने अनुभवों पर आधारित जिंदगी जी रही थी। लेकिन अब जैसा हम देख रहे हैं, यह मामला यूट्यूबरों की दुनिया के अंधेरे पक्षों को उजागर करता है, जो इन्फ्लुएंसर की पहचान और पैसे से जुड़ा है। यह मामला सोशल मीडिया, राजसी जीवन की चाह और राष्ट्रीय सुरक्षा के जटिल त्रिकोण को इंगित करता है। इससे यह भी स्पष्ट है कि डिजिटल युग जासूसी और सामाजिक व्यवहार के पारंपरिक प्रतिमानों को कैसे बदल रहा है। एक युवा जीवनशैली-उन्मुख यात्री, जो अपनी यात्राओं का रिकॉर्ड रखने के लिए यूट्यूब, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नेपचैट जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करती है। सुनने में यह बेहद सरल और सामान्य लगता है। पाकिस्तान की यात्राओं को प्रदर्शित करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाली उसकी सामग्री (कंटेंट), सौम्य पर्यटन और सांस्कृतिक रुचि के साथ मेल खाती प्रतीत होती है। हालांकि, पूर्व सुरक्षा विशेषज्ञ जोर देते हैं कि इस तरह की खुली गतिविधियों का इस्तेमाल गुप्त अभियानों के लिए किया जा सकता है और कथित तौर पर उसके मामले में ऐसा ही हुआ। धारणाओं के वैश्विक युद्ध में पाकिस्तान जैसे नाम मात्र के लोकतांत्रिक और नापाक इरादों वाले देश इन इन्फ्लुएंसरों को आसानी से उपलब्ध वस्तु के रूप में देखते हैं, जिनका इस्तेमाल लोगों की सोच को आकार देने में किया जा सकता है। पाकिस्तान की उसकी व्यापक यात्राएं और आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश को देखने का उसका गुलाबी चश्मा, पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारियों के साथ उसके निजी संबंध, जिस ओर इशारा करते हैं, उसी दिशा में बातें भी हो रही हैं। डिजिटल युग में खुद को खानाबदोश घुमक्कड़ और संस्कृति ब्लॉगर के रूप में प्रस्तुत करना एक आवरण के रूप में काम कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्यक्तिगत अभिव्यक्ति, जुड़ाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए अभूतपूर्व अवसर प्रदान करते हैं। फिर भी, जैसा कि मल्होत्रा के मामले से पता चलता है कि वे सौम्य बातचीत की आड़ में जासूसी की सुविधा भी देते हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ उसकी सहभागिता व सोशल मीडिया के जरिये राजनयिक कार्यक्रमों में भागीदारी, इन प्लेटफॉर्म के सचेत उपयोग के जरिए खुफिया उद्देश्यों से संबंध बनाने की आशंकाओं को ही जाहिर करती है। वह स्वतंत्र रूप से बातचीत करती दिखती है, कुछ का तो यहां तक कहना है कि उसने एक पाकिस्तानी व्यक्ति के साथ रोमांटिक समीकरण विकसित किया हुआ है। यह मामला बहुत चिंताजनक है और समाज में मौजूद कमजोरियों के प्रति हमारी आंखें खोलता है।

*सोशल मीडिया, राजसी जीवन की चाह और राष्ट्रीय सुरक्षा के जटिल त्रिकोण को इंगित करता है।*

# फिर बोतल से बाहर आ रहा है कोरोना का जिन्न



आज की बात



मनोज कुमार अग्रवाल

दुनिया के अन्य देशों के साथ भारत में भी कोरोना के मामलों में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है, कोविड-19 संक्रमण एक बार फिर से तेजी के साथ पैर पसार रहा है। देश में कोरोना के मामले 4 हजार के करीब पहुंच गए हैं। यानी किसी भी वक्त कोविड-19 के मामले 4 हजार के आंकड़े को पार कर सकते हैं। इस वक्त सबसे ज्यादा कोविड संक्रमित मरीज केरल (1435) में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र (506) और तीसरे नंबर पर दिल्ली (483) हैकोविड संक्रमण के कारण मौत के आंकड़ों की बात करें तो अब तक 32 कोविड मरीजों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे के अंदर 4 लोगों ने संक्रमण के कारण दम तोड़ा है। मरने वालों में एक मरीज दिल्ली, एक केरल, एक महाराष्ट्र और एक तमिलनाडु का है। तेजी से बढ़ते संक्रमण और संक्रमित मरीजों के मौत के मामले ने सभी को डरा दिया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में पिछले 24 घंटे के अंदर एक कोविड पॉजिटिव केस मिला है, जिसके बाद कोविड संक्रमितों की तुलना अब 63 हो गई है, जिसमें महिला 31 और पुरुष 32 हैं। कोविड के केस लगातार बढ़ना थोड़ी चिंता की बात जरूर है। कारण है कि काफी तेजी से मामले बढ़ रहे हैं, उंगलियों पर गिने जाने वाले आंकड़े हफ्ते भर में ही हजारों में पहुंच गए। मरने वालों की संख्या में भी वृद्धि देखी जा रही है। कोरोना में यह बढ़ोत्तरी ऐसे समय में देखने को मिल रही है, जब दुनिया मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जनजीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी, लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड के मामले बढ़कर 4000 के पास पहुंच चुके हैं। सबसे अधिक 1435 मामले केरल में मिले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 506 और दिल्ली में 483 एक्टिव मामले हैं। शुक्रवार से शनिवार के बीच कोविड के 685 नए केस सामने आए है आए हैं। वहीं इससे 4 मौतें हुई हैं, जिसमें दिल्ली , कर्नाटक, उत्तर प्रदेश में एक-एक मौत हुई है। अब तक कोरोना से 32 मौतें हो चुकी हैं। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में एनबी. 1.8.1 और एलएफ. 7 वेरिएंट्स के कारण मामलों में वृद्धि हो रही है। दरअसल एनएफ.1.8.1 और एलएफ. 7 ओमिक्रॉन के जेएन. 1 वेरिएंट और इसमें हुए म्यूटेशन से उत्पन्न सब-वैरिएंट्स हैं। वैज्ञानिकों ने इसे बेहद सक्रामक बताया है। इतना ही नहीं एनबी. 1.8.1 से होने वाले खतरों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में क्लासीफाई किया है। इसे अब तक वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में रखा गया था। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक एनबी. 1.8.1 रिकॉम्बिनेंट वैरिएंट एक्सडीवी. 1.5.1 से निकला है। इसका सबसे पहला सैंपल 22 जनवरी साल 2025 को इकट्ठा किया गया था। इस वेरिएंट में कुछ एसेम्यूटेशन देखे गए हैं, जो इम्यूनिटी को भी चकमा दे सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार इन नए वेरिएंट्स से संक्रमित लोगों में सामान्यतः बुखार, नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द और थकान जैसे हल्के लक्षण देखे जा रहे हैं। हालांकि ये वेरिएंट प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा दे सकते हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है कि ये गंभीर या लंबी बीमारी का कारण बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इन वेरिएंट्स को चिंताजनक श्रेणी में शामिल नहीं किया है। विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन स्थिति पर निरंतर निगरानी आवश्यक है। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि वे घबराएं नहीं बल्कि सतर्क रहें। सरकार सक्रिय रूप से हालात पर नजर बनाए हुए है और यदि कोरोना मामलों में वृद्धि होती है, तो सतर्कता बढ़ाने और आवश्यक तैयारियां करने पर जोर दिया जाएगा। अगर देखा जाए तो दुनिया मानकर चल रही थी कि कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी, लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। सप्ताह भर में ही बढ़े संक्रमण के मामलों में जो उछाल आया है, वो चिंताजनक है। चीन से भी छन छन कर जो निकल रहा है उससे इतना तो पता चल गया कि वहां भी बीते एक महीने में कोरोना के मामलों में काफी तेजी आई है, लेकिन दुनिया को कोरोना देकर भी छुपाने और तबाही की कगार पर पहुंचाने के बाद चीन से जितने सच सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा। इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वो ज्यादा हैं जो या तो कोमर्बिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियां होती हैं, जिसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोर्विटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं। लेकिन प्रभावित हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वालों बुजुर्गों, कोमोर्बिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है। कोरोना के बढ़ते हुए मामले को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरीके से तैयार है। स्वास्थ्य मंत्रालय पूरी तरीके से सतर्कता के साथ हर परिस्थिति पर नजर रख रहा है। हां, देश भर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि सतर्क रहें, सतर्क करें। ऑक्सीजन और वैक्सीन के इंतजाम पर्याप्त रखे जाएं। ईश्वर करे कि वो स्थिति न आए, जिसे हमने देखा और भोगा है। लेकिन पुराने कड़े अनुभव, काली यादें और कोरोना के कुछ साल का दौर कितना भयावह था, याद कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। हालांकि ऐसी स्थिति आने की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बावजूद अब समय आ गया है कि हमलोग सभी सतर्क हो जाए। कोरोना से कैसे लड़ना है, यह बताने की जरूरत है। सबको पता है कि कोरोना से कैसे निपटना है, इसलिए जरूरत है कि सभी सतर्क हो जाए और उन एहतियात का पालन करने, जो कोरोना के समय करते थे, ताकि इसको बढ़ने से पहले ही रोका जा सकें। कोरोना के लिए सरकार निपटने की तैयारियों में जुट गयी है नागरिकों को भी सुरक्षा उपायों को अमल करना चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## पनीर की पीड़ा

आपकी बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

हमारे मोहल्ले में एक पंडित जी रहते हैं—नाम नहीं लूँगा, क्योंकि नाम लेते ही वे आ जाते हैं और फिर कम से कम दो घंटे तक प्रवचन देते हैं कि "ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई और उसमें पनीर का क्या योगदान है।" पंडित जी ने अब प्रवचन देना बंद कर दिया है, अब वे पनीर ज्ञान बाँटते हैं। कहते हैं- "पनीर एक तत्व है, जैसे पंचतत्व-जल, अग्नि, वायु, आकाश और पनीर।" एक दिन बोले, "पनीर सबमें है, तुझमें है, मुझमें है, हरजीत की चाट में है, शर्मा जी के टिफिन में है। जो पनीर को पहचान गया, वह आत्मा को पहचान गया।" मैंने कहा-"पंडित जी, आत्मा तो कब की निकल चुकी है, अब पेट में गैस है। वो भी पनीर से।" पंडित जी ने गुस्से से देखा, फिर बोले-"इस अधम को भूतल पर पनीर की कृपा नहीं चाहिए।" अब उनकी कृपा से मोहल्ले में एक नया मंदिर बन रहा है-"श्री श्री पनीरेश्वर धाम"। वहाँ हर मंगलवार को "शाही पनीर आरती" होती है। बर्फी के बदले पनीर का प्रसाद बँटता है। एक बार मैंने मज़ाक में कह दिया कि "प्रसाद खट्टा था", तो मुझ पर "गौग्रास का अपमान" कहकर एफआईआर दर्ज हो गई।

अब स्कूलों में भी यही हाल है। एक सरकारी स्कूल में निरीक्षण के दौरान शिक्षिका ने बताया-"हमने बच्चों को विविधता का पाठ पढ़ाया है।" मैंने पूछा-"कैसे?" उन्होंने जवाब दिया-"बच्चों को पनीर की पाँच रेसिपी याद करवाई है—पनीर दो प्याज़ा, मटर पनीर, पालक पनीर, कढ़ाई पनीर और शाही पनीर।" मैंने कहा-"अरे देवी, ये विविधता नहीं, एकता में एकता है!" शिक्षिका बोलीं-"सर, नया पाठ्यक्रम आया है, 'राष्ट्रीय व्यंजन-निर्माण योजना।'" अब बच्चा रटता है-'सबका स्वाद, एक पनीर', जैसे पहले रटता था 'सबका साथ, सबका विकास।' एक बार एक बच्चा गलती से 'भिन्डी' लिख आया। पूरा स्कूल उठ खड़ा हुआ। उसकी कॉपी को गंगाजल से शुद्ध किया गया। बच्चे को समझाया गया-"ये देश का अपमान है। यहाँ पनीर बोलना ही देशभक्ति है।" अब स्कूल में झंडा फहराते समय राष्ट्रगान के बाद "पनीर वंदना" गाई जाती है-"पनीर तुंही महान, तेरे बिना न हो खान।" एक दिन मैं एक पुराने मित्र के घर गया। देखा तो उनकी पत्नी रसोई में रो रही थीं। मैंने पूछा-"क्या हुआ भाभीजी?" वे बोलीं-"हर दिन पनीर बना रही हूँ। अब तो हाथ कांपते हैं पनीर काटते-काटते। और सुनिए, वो तो हद कर दी इन साहब ने।" मैंने पूछा-"क्या?" बोलीं-"इन्होंने अपनी शादी की सालगिरह पर मुझे पनीर की साड़ी गिफ्ट की।" मैंने देखा, साड़ी पर छोटे-छोटे पनीर के टुकड़े प्रिंट थे, और बॉर्डर पर लिखा था-'पनीरलिशियस लव'। मैं स्तब्ध। उनकी बेटी आई, बोली-"चाचाजी, मेरा नाम अब 'पनीरिका' रख दिया है।" अब मोहल्ले में शादियाँ नहीं होतीं, पनीर महोत्सव होते हैं। बैंड वाले भी अब 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है' के बजाय 'तेरे बिना पनीर अधूरी सी लगती है' गाते हैं। और क्या कहें! **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

## विश्व पर्यावरण दिवस अनुष्ठान नहीं आचरण का पर्व

देश की बात



डॉ दीपक प्रसाद
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि मानवता के आत्मावलोकन का दिवस है। 5 जून को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें प्रकृति के साथ हमारे संबंधों की पुनः समीक्षा करने का अवसर देता है। आज जब ग्लोबल वॉर्मिंग, जैवविविधता का ह्रास, जलवायु परिवर्तन, जल संकट और प्रदूषण जैसे मुद्दे वैश्विक अस्तित्व को चुनौती दे रहे हैं, तब यह दिवस एक चेतावनी बनकर सामने खड़ा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) की हालिया रिपोर्टें संकेत देती हैं कि यदि अगले दशक में कार्बन उत्सर्जन में कठोर कमी नहीं की गई, तो पृथ्वी की औसत तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि होगी, जिसके विनाशकारी परिणाम होंगे। आर्कटिक की बर्फ पिघल रही है, जंगल जल रहे हैं, तूफान व बाढ़ की तीव्रता बढ़ रही है, और मरुस्थलीकरण बढ़ता जा रहा है। दुनिया के कई हिस्सों में पेयजल संकट विकराल रूप ले रहा है। भारत, जिसने "पृथ्वी को मां" के रूप में पूजा है, आज वैश्विक मंचों पर पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में नेतृत्व कर रहा है। 'इंटरनेशनल सोलर अलायंस', 'लाइफ मिशन' लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट, जल शक्ति अभियान, राष्ट्रीय हरित नीति और स्वच्छ भारत अभियान जैसे कार्यक्रम पर्यावरणीय जिम्मेदारी की मिसाल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने जी20, सीओपी26 जैसे वैश्विक मंचों पर "वन अर्थ, वन हेल्थ" और "नेट जीरो 2070" का संकल्प लेकर पर्यावरणीय नेतृत्व का परिचय दिया। आज पूरे विश्व में समसामयिक बदलावों से जनमानस त्राहिमाम कर रहा है, पर्यावरण के विविध क्षेत्र और उनमें हो रहे परिवर्तन से असामान्य मौसमी घटनाएं, जैसे समय से पहले मानसून, असहनीय गर्मी, और अनियंत्रित वर्षा, ज्वालामुखी, भू-स्खलन जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वहीं जैव विविधता में गिरावट से अनेक प्रजातियाँ विलुप्ति के कगार पर हैं। मधुमक्खियों, तितलियों जैसे परागणकर्ता तेजी से घट रहे हैं। वायु प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या आज के युवा पीढ़ी के सामने खड़ी है। शहरीकरण और औद्योगीकरण ने वायु को विषाक्त बना दिया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत के कई शहर विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में गिने जाते हैं। दूसरी ओर जल संकट बड़ी समस्याओं की ओर बढ़ती जा रही है। भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट और जल स्त्रोतों का प्रदूषण विकराल हो चुका है। प्लास्टिक प्रदूषण एक भारी समस्या बन गई है। समुद्री जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। 2050 तक महासागरों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक होने की आशंका जताई गई है। इस विकट परिस्थिति में अब सवाल उठता है कि हम मनुष्यों को क्या करना चाहिए? पर्यावरण संकट केवल सरकारों का नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। पुनरावृत्ति योग्य वस्तुओं का प्रयोग करें। प्लास्टिक त्याग और अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा दें। जल और ऊर्जा संरक्षण की ओर ध्यान दें। स्थानीय जैविक उत्पादों को अपनाएं। वृक्षारोपण को बढ़ावा दें एवं हरियाली बनाए रखें। हर छोटा कदम सामूहिक बदलाव का वाहक बन सकता है। युवाओं एवं बच्चों की भूमिका भी तय होनी चाहिए। भविष्य के निर्माता आज की सोच को दिशा दें। विद्यालयों में पर्यावरणीय पाठ्यक्रम लागू किया जाए। प्राकृतिक विज्ञान क्लब बनाया जाए। 'ग्रीन स्कूल' 'ग्रीन कॉलेज' 'ग्रीन यूनिवर्सिटी' अभियान चलाया जाए। ईको वॉरियर कार्यक्रम को लागू किया जाए। डिजिटल माध्यमों द्वारा जागरूकता फैलाना, जैसे उपायों से युवा पीढ़ी को प्रकृति के साथ आत्मीय संबंध स्थापित कराना अनिवार्य है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भारतीय आध्यात्मिक दर्शन में पर्यावरण का स्थान परम है। ऋग्वेद में कहा गया है: "माता भूमिः पुत्रोऽहम पृथिव्याः" (पृथ्वी मेरी माता है, और मैं उसका पुत्र हूं।) महर्षि वशिष्ठ, कणाद, पतंजलि, कबीर और तुलसी जैसे संतों ने प्रकृति को ईश्वर का ही रूप माना है। संत रविदास ने 'प्रकृति धर्म' को 'सहज धर्म' कहा। तुलसीदास लिखते हैं: "बृक्ष जल बिनु होहिं न हराही, जल बिनु सोई गति बृक्षन्ह कराही।" आज भी यह संतवाणी जीवन दर्शन की मूल चेतना बन सकती है। हिंदी साहित्य ने पर्यावरण को कभी उपेक्षित नहीं किया। जयशंकर प्रसाद की कामायनी में जल और प्रकृति का गहरा वर्णन मिलता है। नागार्जुन की कविताओं में प्रकृति का चित्रण अद्भुत किया गया है। राहुल सांकृत्यायन, महादेवी वर्मा, विनोद कुमार शुक्ल सभी ने पर्यावरणीय चेतना को स्वर दिया है। वर्तमान समय में साहित्यकारों की जिम्मेदारी है कि वे जलवायु चेतना को आम जन तक प्रभावशाली भाषा में पहुँचाएँ। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

क्या दिन थे जब घर नहीं, दिल थे बड़े विशाल।
हम बच्चों के सामने, बनते बड़े मिसाल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

## मां गंगा के अवतरण की याद दिलाता है गंगा दशहरा

अलग बात



डॉ श्रीगोपाल नारसन

भागीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने जिस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण किया,उस पवित्र दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए भागीरथ गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए थे।जिसके लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। गंगा दशहरा पर हर वर्ष गंगा में आस्था की डुबकी लगाई जाती हैं। ऐसा कहते हैं कि इस दिन गंगा में स्नान करने से 10 प्रकार के पाप मिट जाते हैं।गंगा ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हस्त नक्षत्र में धरती पर अवतरित हुई थी। इस साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 4 जून की रात 11 बजकर 54 मिनट पर शुरू हो रही है।ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए 5 जून, गुरुवार को गंगा दशहरा मनाया जा रहा है।गंगा दशहरा पर सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर सिद्धि योग है।इसके साथ ही इस दिन रवि योग और हस्त नक्षत्र भी है,जो दोपहर 1 बजकर 2 मिनट पर तैतिल करण रहेगा। गर करण योग दोपहर 2 बजकर 15 मिनट तक रहने वाला है। गंगा में डुबकी लगाते समय 'ऊँ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गंगायै नमः' मंत्र का उच्चारण करना चाहिए। घर में नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर भी स्नान किया जा सकता हैं। गंगा दशहरा के दिन दान करने का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन दान-धर्म के कार्य करना बहुत ही शुभ माना जाता है। दशहरा का अर्थ 10 मनोविकारों के विनाश से है। ये दस मनोविकार हैं-क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी।जिनसे मुक्ति के लिए ज्ञान गंगा का स्नान करने से हम विकारमुक्त होकर पवित्र बन सकते है। राजा भागीरथ की कठोर तपस्या, उनके अथक प्रयास और परिश्रम से इसी दिन गंगा ब्रह्मा जी के कमंडल से निकलकर शिव की जटाओं में विराजमान हुई थी और शिवजी ने अपनी शिखा को खोल कर गंगा को धरती पर जाने की अनुमति दी थी। इसलिए गंगा के धरा अवतरण दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। गंगा दशहरा के दिन प्रातः काल गंगा में स्नान करके मां गंगा की आरती करने से समस्त पापों का विनाश हो जाने की धार्मिक मान्यता है। गंगा का जल हमेशा पवित्र व गुणकारी होता है,उसमें कभी भी कीड़े नहीं पड़ते और इसका जल प्रदूषित नहीं होता । इसलिए इस जल में स्नान करने से रोगों का विनाश हो जाता है। गंगा दशहरा के दिन स्नान, ध्यान और तर्पण करने से शरीर शुद्ध और मानसिक विकारों से मुक्त हो जाता है।अमृत दायिनी मां गंगा के स्पर्श मात्र से ही चराचर जीवो के पापों का अंत हो जाता है और उसे मुक्ति मिल जाती है। कहते है कि एक बार महाराज सगर ने एक बड़ा यज्ञ किया। उस यज्ञ की रक्षा का भार उनके पौत्र अंशुमान ने संभाला। इंद्र ने सगर के यज्ञीय अश्व का अपहरण कर लिया। यह यज्ञ के लिए विघ्नथा। परिणाम स्वरूप अंशुमान ने सगर की साठ हजार प्रजा लेकर अश्व को खोजना शुरू कर दिया। सारा भूमंडल खोज लिया पर अश्व नहीं मिला।फिर अश्व को पाताल लोक में खोजने के लिए पृथ्वी को खोदा गया। खुदाई पर उन्होंने देखा कि साक्षात् भगवान महर्षि कपिल के रूप में तपस्या कर रहे हैं। उन्हीं के पास महाराज सगर का अश्व घास चर रहा है। प्रजा उन्हें देखकर चोर-चोर चिल्लाने लगी। महर्षि कपिल की समाधि टूट गई। ज्यों ही महर्षि ने अपने आग्नेय नेत्र खोले, त्यों ही सारी प्रजा भस्म हो गई। इन मृत लोगों के उद्धार के लिए ही महाराज दिलीप के पुत्र भगीरथ ने कठोर तपस्या की थी।भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने उनसे वर मांगने को कहा तो भगीरथ ने गंगा की मांग की। इस पर ब्रह्मा ने कहा- राजन! तुम गंगा का पृथ्वी पर अवतरण तो चाहते हो? परंतु क्या तुमने पृथ्वी से पूछा है कि वह गंगा के भार तथा वेग को संभाल पाएगी? मेरा विचार है कि गंगा के वेग को संभालने की शक्ति केवल भगवान शंकर में है। इसलिए उचित यह होगा कि गंगा का भार एवं वेग संभालने के लिए भगवान शिव का अनुग्रह प्राप्त कर लिया जाए। महाराज भगीरथ ने वैसा ही किया। उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने गंगा की धारा को अपने कमंडल से छोड़ा। तब भगवान शिव ने गंगा की धारा को अपनी जटाओं में समेटकर जटाएं बांध लीं। इसका परिणाम यह हुआ कि गंगा को जटाओं से बाहर निकलने का पथ नहीं मिल सका। अब महाराज भगीरथ को और भी अधिक चिंता हुई। उन्होंने एक बार फिर भगवान शिव की घोर तपस्या शुरू की। तब कहीं जाकर भगवान शिव ने गंगा की धारा को मुक्त करने का वरदान दिया। इस प्रकार शिवजी की जटाओं से छूट कर गंगाजी हिमालय की घाटियों में कल-कल निनाद करके मैदान की ओर आई।इस प्रकार भगीरथ पृथ्वी पर गंगा का वरण करके बड़े भाग्यशाली हुए। उन्होंने जनमानस को अपने पुण्य से उपकृत कर दिया। युगों-युगों तक बहने वाली गंगा की धारा महाराज भगीरथ की साधना की गाथा कहती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव शुरू 5 जून को राम दरबार की स्थापना



**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय समारोह शुरू हो गया है। संत मिथिलेश नंदनी शरण ने बुधवार को कहा कि जब से श्रीराम लला मंदिर के भूतल पर मुख्य गर्भगृह में विराजमान हुए हैं, तब से भक्तों और पूरे देश को शेष परिसर खासकर श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार है। आस्था और पूजा पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठान और उनकी पारंपरिक प्रक्रियाओं का ठीक से पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा को ध्यान में रखकर तीन दिनों का यह उत्सव हो रहा है। भगवान सीताराम जुगल सरकार, हनुमान जी महाराज, लक्ष्मण जी को साथ प्रथम तल पर विराजमान कराया जा रहा है। वहीं, गोस्वामी तुलसीदास महाराज और ऋषियों के विग्रह विराजमान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ परमब्रह्म परमात्मा और अयोध्या के आराध्य होकर दशरथ नंदन श्रीराम की स्थापना मंदिर में होगी। वहीं, दूसरी ओर समाज और मनुष्य से संबंध को भी आदर्श मनुष्यता के रूप में मंदिर परिसर में जीवंत किए जाने के लिए प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। यह बड़ी ही प्रसन्नता और प्रशंसा का विषय है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि आज हम श्री राम मंदिर का उत्सव मना पा रहे हैं। इसके अतीत में कई नायक हैं। लेकिन वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष योगदान रहा है, जिनकी वजह से यह उत्सव मनाया जा रहा है। वह अयोध्या के उत्थान के नायक बनकर निरंतर लगे रहे हैं और असाधारण सेवाएं दे रहे हैं। सीएम योगी का जन्मदिन भी 5 जून को है। गोरक्षपीठ के प्रमुख होने के कारण उनके अनुयायी उनका जन्मदिन मनाएंगे।

## दिल्ली और राजस्थान के रोहिंग्याओं को शामिल करने की थी कोशिश

# 'आरसा' का आतंकी नेटवर्क बेनकाब

**एजेंसी। कोलकाता**

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर बंगाल सहित पूर्वोत्तर भारत में आतंकी साजिश रच रहे 'अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी' यानी 'आरसा' के नेटवर्क को कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार की विशेष जांच टीम ने समय रहते बेनकाब कर दिया है। दिल्ली, राजस्थान और जम्मू के रोहिंग्याओं को इस साजिश में शामिल करने की कोशिश की जा रही थी। अब तक उत्तर भारत में ऐसे कम से कम 20 रोहिंग्याओं की पहचान की जा चुकी है, जिनका ब्रेनवॉश कर उन्हें हमले के लिए तैयार किया गया था। मार्च के मध्य में बांग्लादेश के नारायणगंज से आताउल्लाह अपने पांच साथियों के साथ रैपिड एक्शन बटालियन के हाथों गिरफ्तार हुआ। उसके पास से भारी मात्रा में अमेरिकी डॉलर, बांग्लादेशी टाका और अन्य विदेशी मुद्रा बरामद हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि आईएसआई के निर्देश पर भारत के विभिन्न हिस्सों में रोहिंग्याओं की मदद से हमले की साजिश रची जा रही है। इस जानकारी के आधार पर भारतीय खुफिया एजेंसियों ने राजस्थान, दिल्ली और जम्मू में अभियान चलाकर कम से कम 20 ऐसे रोहिंग्याओं की पहचान की, जिनका ब्रेनवॉश कर उन्हें स्लीपर सेल में तब्दील किया जा रहा था। इनमें से कई से पूछताछ कर उत्तर बंगाल के हिली सीमा क्षेत्र में दो अन्य रोहिंग्याओं को पकड़ा गया है, जिनसे फिलहाल पूछताछ जारी है।

● बांग्लादेश में आताउल्लाह समेत 5 लोग विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार



● भारतीय एजेंसियों ने हिली सीमा क्षेत्र से भी 2 रोहिंग्या पकड़े, पूछताछ जारी

### बंगाल में हमले की साजिश, आरसा और आईएसआई का गठजोड़

कोलकाता पुलिस मुख्यालय लाल बाजार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इन संदिग्धों से पूछताछ के बाद उत्तर बंगाल के बांग्लादेशी सीमा से सटे इलाकों में छिपे दो और रोहिंग्याओं की जानकारी मिली है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि इनकी मदद से बंगाल में किसी बड़ी हमले की साजिश की योजना तो नहीं थी। जानकारी के मुताबिक, आरसा' को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से समर्थन मिल रहा है। इस आतंकी संगठन का सरगना आताउल्लाह अबू अम्मार जुनूनी मूल रूप से रोहिंग्या है लेकिन उसका जन्म पाकिस्तान के कराची में हुआ था और उसने मध्य-पूर्व में शिक्षा प्राप्त की। म्यांमार के रखाइन राज्य में उसने 'अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी' की स्थापना की, जो मुख्य रूप से रोहिंग्याओं को शामिल कर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता है। पिछले साल आताउल्लाह ने बांग्लादेश के छिपकर आतंकी साजिशों को अंजाम देना शुरू किया। वहीं से उसका संपर्क आईएसआई से हुआ। रणनीति के तहत भारत में घुसे रोहिंग्या शरणार्थियों का इस्तेमाल किया गया ताकि अजनबी चेहरों के जरिए साजिश को अंजाम दिया जा सके।



## मध्य प्रदेश के झाबुआ में कार पर पलटा ट्राला, 9 की मौत

**एजेंसी। झाबुआ**



मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को एक बड़ा हादसा हो गया। एक कार के ऊपर ट्राला पलट गया, जिससे कार में सवार नौ लोगों की मौत हो गई है, वहीं तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को लगभग दो बजे झाबुआ जिले के थांदला मेघनगर के बीच में पड़ने वाले संजेली रेलवे फाटक के पास निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के करीब एक ट्राले का संतुलन बिगड़ा और वह करीब से गुजर रही कार पर पलट गया। कार में सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। बताया गया है कि ट्राला मेघनगर तहसील के अंतर्गत आने वाले संजेली रेलवे क्रॉसिंग के पास की जर्जर सड़क से गुजरते हुए निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज को पार कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे कार पर पलट गया। ट्राले पर सीमेंट लदा हुआ था, परिणामस्वरूप कार में सवार कुल नौ लोगों की मौत हुई है, वहीं तीन लोग घायल हुए हैं। मृतक थांदला के शिवगढ़ महुदा के निवासी बताए जा रहे हैं। कार में जो लोग सवार थे, वे एक शादी समारोह से लौट रहे थे। बताया गया है कि हादसा होने के बाद सड़क से गुजर रहे वाहनों में सवार लोग और अन्य लोगों ने राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस दल भी मौके पर पहुंचा और कार में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। कार के भीतर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। सभी को एंबुलेंस के जरिए स्वास्थ्य केंद्र तक भेजा गया। जिस सड़क पर यह हादसा हुआ है, उसकी हालत जर्जर है और उसी का नतीजा रहा कि सीमेंट से भरा ट्राला, जिस पर वजन काफी ज्यादा था, उसका संतुलन बिगड़ा और नौ लोगों की जान ले ली। नौ लोगों की तो मौत हुई है, वहीं तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

### 'ऐसी घटनाएं लोकतंत्र की जड़ों पर हमला'

# सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के बंगाल हिंसा मामले में छह आरोपियों की जमानत रद्द की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के पश्चिम बंगाल हिंसा मामले के छह आरोपियों की जमानत को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र की जड़ों पर हमला हैं। दरअसल, सभी आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता हैं और उन पर 2021 के पश्चिम बंगाल हिंसा के दौरान एक हिंदू परिवार पर हमला करने का आरोप है। इन सभी छह आरोपियों को कलकत्ता हाईकोर्ट ने जमानत दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मामले में सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के जमानत के आदेश को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में सभी आरोपियों की जमानत रद्द करते हुए उन्हें दो सप्ताह के अंदर निचली अदालत के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में निचली अदालत में चल रही सुनवाई में तेजी लाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत को छह महीने के भीतर सुनवाई पूरी करने का निर्देश भी दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि उसे यह पता चला है कि लगभग 40-50 हमलावरों ने पीड़ित के घर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। इतना ही नहीं, उसकी पत्नी को बालों से खींचा, जबरन उसके कपड़े उतारे और फिर उसका यौन शोषण किया। उसने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने की धमकी दी और उसके बाद वह वहां से भागने में सफल रही थी। सर्वोच्च अदालत ने आरोपियों की जमानत रद्द करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यकर्ताओं की कड़ी आलोचना भी की। कोर्ट ने कहा कि ऐसी घटनाएं 'लोकतंत्र की जड़ों पर हमला' हैं। आरोपियों के खिलाफ आरोप इतने गंभीर हैं कि उनका समाज पर 'प्रतिकूल प्रभाव' पड़ता है और 'अदालत की अंतरात्मा को झकझोरता है'।

### गुरुद्वारे की जमीन पर ठोका था दावा, दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि एक परिसर का इस्तेमाल गुरुद्वारे के तौर पर किया जा रहा है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने वक्फ बोर्ड की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उसने 2010 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा उसकी याचिका खारिज करने के फैसले के खिलाफ अपील की थी। जस्टिस शर्मा ने कहा कि बोर्ड को खुद ही अपना दावा छोड़ देना चाहिए था। हालांकि, बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने कहा कि निचली अदालतों ने माना था कि वहां मस्जिद थी लेकिन अब वहां किसी तरह का गुरुद्वारा है। कोर्ट ने अपील खारिज करते हुए कहा कि किसी तरह का नहीं। एक उचित ढंग से काम करने वाला गुरुद्वारा। एक बार गुरुद्वारा बन जाए तो उसे रहने दें। वहां पहले से ही एक धार्मिक संरचना काम कर रही है। आपको खुद ही उस दावे को छोड़ देना चाहिए। वक्फ बोर्ड के अनुसार शाहदरा में विवादित मस्जिद मस्जिद तकिया बब्बर शाह थी। बोर्ड का दावा है कि यह मस्जिद अनादि काल से अस्तित्व में है और धार्मिक उद्देश्यों के लिए समर्पित थी। हालांकि, प्रतिवादी ने तर्क दिया था कि संपत्ति वक्फ संपत्ति नहीं है क्योंकि संपत्ति के मालिक मोहम्मद अहसान ने इसे 1953 में उसे बेच दिया था।

## कोरोना के 64 नए मामले दर्ज, 461 हुई संक्रमितों की संख्या

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 64 केस दर्ज किए गए। इससे कुल संक्रमितों की संख्या 461 हो गई। राहत की बात यह है कि 461 सक्रिय मामलों में से केवल 20 मरीज वर्तमान में अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं, जबकि 441 घर पर ठीक हो रहे हैं। अहमदाबाद में सबसे ज्यादा 241 सक्रिय मामले सामने आए हैं। यह राज्य के कुल मामलों का आधे से भी अधिक है। मंगलवार को असरवा सिविल अस्पताल में 37 वर्षीय महिला को भर्ती कराया गया। यहां पर वर्तमान में चार मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें दो पुरुष, एक महिला और एक आठ महीने की बच्ची शामिल है। पिछले 24 घंटों में पूरे गुजरात में 64 नए मामले सामने आए, जबकि 36 मरीज ठीक हुए। जनवरी, 2025 से अब तक राज्य भर में कुल 156 मरीज ठीक हो चुके हैं। वहीं सक्रिय मामलों में केरल (1,416) और महाराष्ट्र (494) के बाद तीसरे स्थान पर है। इसके बाद दिल्ली में 393 केस और पश्चिम बंगाल में 372 केस हैं।देशभर के सक्रिय मामलों में से 10 प्रतिशत सिर्फ गुजरात में हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों से पता चलता है कि हल्के लक्षणों वाले ज्यादातर कोविड-19 मरीजों का इलाज घर पर ही किया जा रहा है। अस्पताल में भर्ती होने की व्यवस्था मुख्य रूप से गंभीर लक्षणों वाले मरीज के लिए आरक्षित है। कोविड-19 मामलों में हाल ही में हुई वृद्धि होने पर गुजरात सरकार सतर्क हो गई है और अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों को विशेष रूप से अहमदाबाद जैसे शहरी केंद्रों में, जहां अधिकांश मामले केंद्रित हैं, उच्च अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य ने परीक्षण बढ़ा दिया है और स्थानीय स्वास्थ्य निगरानी टीमों के माध्यम से क्लस्टरों की निगरानी कर रहा है। जिन जिलों में मामले बढ़ रहे हैं, वहां अस्पतालों को अलग से वार्ड तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल अस्पतालों और जिला स्वास्थ्य केंद्रों को आपातकालीन जरूरतों के लिए ऑक्सीजन बेड और आईसीयू तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।



# आज का राशिफल

**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला :** नवीन जिम्मेदारी बढऩे के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**धनु :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मङ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मकर :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

## महाराष्ट्र की राजनीति में दिखेगा अब तक का सबसे अलग 'भाई' चारा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की महाराष्ट्र इकाई आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले ठाकरे गुट (शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे) के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार दिखाई दे रही है। आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र के हित में सभी गैर-महायुति दलों से एक साथ आने की सार्वजनिक अपील की है। उन्होंने राज्य के कल्याण के लिए सभी दलों के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। इस्माइल ने कहा कि आदित्य की पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए एआईएमआईएम विधायक मुफ़्ती इस्माइल ने कहा कि मैं उद्धव ठाकरे और असदुद्दीन ओवैसी दोनों को साथ आते देखना चाहता हूँ। हम आदित्य ठाकरे के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करेंगे। धर्म हमारे लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है- हम विकास पर केंद्रित चर्चा के लिए तैयार हैं। अगर कोई हमें विकास पर बातचीत के लिए आमंत्रित करता है, तो हम सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुफ्ती ने आगे कहा कि हालांकि, अंतिम निर्णय एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निर्भर करेगा। पिछले विधानसभा चुनावों में, हमने गठबंधन बनाने का प्रयास किया था। हम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन हमें शामिल नहीं किया गया। उन्होंने अब निमंत्रण दिया है, लेकिन हमें अभी भी संदेह है कि क्या वे वास्तव में हमें शामिल करेंगे। बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव के नजदीक आते ही शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के नेता राज ठाकरे के साथ सुलह करने की इच्छा जताई है।

## ज्योति मल्होत्रा के बाद जासूसी के आरोप में जसबीर सिंह गिरफ्तार, तीन बार जा चुका है पाकिस्तान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने जासूसी के आरोप में जसबीर सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जसबीर सिंह की गिरफ्तारी खुफिया जानकारी के आधार पर की गई है। पंजाब पुलिस के डीजीपी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी गई है। पंजाब पुलिस के डीजीपी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर बताया, "मोहाली की स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है, जो पंजाब के रूपनगर के महलान गांव का निवासी है और जसबीर सिंह से जुड़े एक महत्वपूर्ण जासूसी नेटवर्क का पता लगाया गया है।" उन्होंने आगे कहा, "जसबीर सिंह, जो 'जान महल' नाम से यूट्यूब चैनल चलाता है, उसका संबंध आतंक समर्थित जासूसी नेटवर्क के पीआईओ शाकिर उर्फ जुट्ट रंधावा से पाया गया है। वह हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा (जासूसी के आरोप में गिरफ्तार) और पाकिस्तानी नागरिक तथा पूर्व पाक उच्चायोग अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के साथ भी संपर्क में था।" पंजाब डीजीपी के बयान के अनुसार, जांच में पता चला है कि जसबीर ने दानिश के निमंत्रण पर दिल्ली में पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया था, जहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और व्लॉगर्स से हुई।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री के निजी सचिव जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**एजेंसी। जयपुर**

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद के निजी सचिव शकूर खान से पूछताछ जारी है। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार शकूर खान पूछताछ में कतई सहयोग नहीं कर रहा है। वह किसी भी सवाल का ठीक जवाब नहीं दे रहा है। वह हर बात में यह कह रहा है कि उसे कोई जानकारी नहीं है। वह बार-बार बीमारी का भी बहाना बना रहा है। कभी ब्लड प्रेशर बढ़ने और कभी नींद आने की बातें करता है। वह पाकिस्तान से सालेह मोहम्मद के लिए तोहफा भी लाया था। सूत्रों के मुताबकि शकूर खान की मदद से जैसलमेर के कुछ अन्य लोग भी पाकिस्तान गए थे। जांच एजेंसियां अब उन लोगों के नाम और उनके पाकिस्तान जाने के मकसद को पता लगाने का प्रयास कर रही है। जरूरत पड़ने पर उनसे भी पूछताछ की जा सकती है। शकूर खान ने यह भी बताया है कि उसके पाकिस्तान जाने के बारे में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद को जानकारी रहती थी। यह भी जानकारी सामने आई है कि पूर्व मंत्री के ऑफिस से एक बार पाकिस्तान जाने के लिए उसे आर्थिक मदद भी दी गई थी।

## 'आप' के भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगी हैं : हरीश खुराना

**नई दिल्ली।** स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर से समन पर भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा कि आम आदमी पार्टी की भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगी हैं। वीडियो जारी कर भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमारी शिकायत के आधार पर एसीबी ने संज्ञान लेते हुए मनीष सिसोदिया को 9 जून और सत्येंद्र जैन को 6 जून को तलब किया है।


**Governmen of Jharkhand**
**NAGAR Parishad, Chatra**

**Procurement Notice**
ईच्छा की अभिव्यक्ति (Request for Proposal) ------------
(Very Short-Term Tender Notice)
NITNo.:-01/2025-26 Date:02/06/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Project | SELECTION OF FIRM/AGENCIES FOR REGISTRATION, COLLECTION, RENEWALAND MONITORING OF ADVERTISEMENT TAX/FEE UNDER MUNICIPAL AREA OF CHATRA MUNUCIPAL COUNCIL, JHARKHAND |
| 2. | Estimated Cost | Open Tender |
| 3. | EMD(In INR) | EMD–₹1,00,00.00 |
| 4. | Time of Completion | As mentioned in Time line in RFP |
| 5. | Date of Start of Submissionof Bids | 04/06/2025,11:00 hours |
| 6. | Last Date/Time for submission of Bids | 10/06/2025,upto 17:00 hours |
| 7. | Date of Technical Bid Opening | 11/06/2025, at 11:00 hours |
| 8. | PPT | 11/06/2025, at 13:00 hours |
| 9. | Date of financial bid opening | 12/06/2025 at 11:00 hours |
| 10. | Bid submission address | OFFICE OF CHATRA MUNICIPAL COUNCIL |
| 11. | Help line no. | |

Further details can be seen on website https://udhd.jharkhand.gov.in

ह0/–
प्रशासक
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.354219 Urban Development(25-26):D



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in
**e-Procurement very Short Notice**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/05/25-26 Dated 03.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required as per latest guidelines for Ghaghri (on Hunterganj-Chatra, NH-99) to Kauleshwari Mandir (on RCD Road) via Dantar road at Chatra in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length | 10.935 KM |
| 3- | Work completion time | 60 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs 20,000/- (Rupees Twenty Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 06.06.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 16.06.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 17.06.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 354253 Road(25-26)D

## मुंगेर : नक्सलियों की साजिश नाकाम, भीमबांध जंगल में शक्तिशाली आईईडी बम बरामद

**मुंगेर (आईएएनएस)** । मुंगेर जिले के नक्सल प्रभावित भीमबांध जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। राजासराय-कंदनी के बीच कच्ची सड़क के नीचे छिपाकर रखे गए 6-7 किलोग्राम के शक्तिशाली पाइप आईईडी बम को सुरक्षा बलों ने बरामद कर उसे निष्क्रिय कर दिया। यह ऑपरेशन मुंगेर पुलिस, एसटीएफ, और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान की गई। इस ऑपरेशन ने नक्सलियों के पुलिस और जवानों को निशाना बनाने के मंसूबों को विफल कर दिया।



### जेलेंस्की के 'मकड़ा बम' से हिला मॉस्को

## 1100 केजी के बम से कैसे उड़ा डाला पुतिन का ड्रीम प्रोजेक्ट



**मॉक्सो** । रूस से आई तस्वीरों ने एक बार फिर से रूस को हिला कर रख दिया है। यूक्रेन के लगातार स्पेशल ऑपरेशंस रूस को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। नई तस्वीरें क्रीमिया से सामने आई हैं, जहां यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने एक बड़े ऑपरेशन के तरह क्रीमिया ब्रिज पर तीसरी बार हमला किया। इस बाद उन्होंने पुल के अंदर यानी की अंडर वॉटर विस्फोटक लगाकर धमाका किया। सामने आई तस्वीरों में साफ पता चलता है कि किस तरह से एक बड़ा धमाका होता है और कुछ ही पल में पूरा पुल तहस नहस हो जाता है।

## भर दो झोली मेरी या...भारत के विरोध के बाद अब किसने पाकिस्तान को 800 मिलियन डॉलर दे दिया

**नई दिल्ली** । आतंकी मुल्क पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत से पड़ी मार के बाद बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। वो अपनी झोली लेकर तमाम दरवाजे मदद की भीख मांगता फिर रहा है। भीख का कटोरा और पाकिस्तान वैसे तो एक दूसरे के समानार्थी शब्द हैं। इसी के तहत पाकिस्तान दुनियाभर के देशों के सामने सहायता के नाम पर भीख मांगने पहुंच गया। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने राजकोषीय स्थिरता को बढ़ाने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से पाकिस्तान के लिए 800 मिलियन अमरीकी डालर के वित्तीय पैकेज को मंजूरी दी है। भारत ने आतंकवाद को फंडिंग करने के इतिहास के कारण पाकिस्तान को किसी भी तरह की सहायता पर कड़ी आपत्ति जताई थी। वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक बयान के माध्यम से इस विकास की पुष्टि की।



## 23 साल का युवक फांद गया राष्ट्रपति के घर की दीवार

### डोनाल्ड ट्रंप की पोती को करना था प्रपोज

**न्यूयॉर्क** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैमिली से जुड़ी एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। टेक्सास के एक 23 वर्षीय व्यक्ति को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की निजी फ्लोरिडा संपत्ति मार-ए-लागो के आलीशान बंगले में घुसने की कोशिश करने के आरोप में सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है। एंथनी थॉमस रेयस नामक ये व्यक्ति ट्रंप के निजी बंगले में क्यों घुसा उसकी वजह जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे। दरअसल, 23 साल का ये नौजवान डोनाल्ड ट्रंप की 18 साल की पोती से मिलने और उसे प्रपोज करने के इरादे से मार-ए-लागो के आलीशान बंगले में पहुंचा था। लेकिन वो इसमें नाकाम रहा।

**क्या है पूरा मामला :** टेक्सास के 23 वर्षीय एंथनी थॉमस रेयेस को 3 जून की सुबह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पाम बीच एस्टेट मार-ए-लागो की परिधि की दीवार फांदने के बाद गिरफ्तार किया गया है। लेकिन मार-ए-लागो में अनाधिकार एंट्री करने के पीछे एंथनी का मकसद क्या था? जवाब है डोनाल्ड ट्रंप की पोती काई ट्रंप। रेयेस ने कथित तौर पर सीक्रेट सर्विस एजेंटों से कहा कि वो काई ट्रंप को शादी के लिए प्रपोज करने के इरादे से दीवार फांदकर अंदर घुसा था।

### बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने जारी किया एक नया अध्यादेश

# बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान अब नहीं रहे 'स्वतंत्रता सेनानी'

**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 1971 के मुक्ति संग्राम के 400 से अधिक प्रमुख व्यक्तियों का स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा रद्द कर दिया है। इसमें बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान भी शामिल हैं। दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 'स्वतंत्रता सेनानी' को लेकर एक नया अध्यादेश जारी किया है। इस आदेश के जरिए उन्होंने 'स्वतंत्रता सेनानी' (बीर मुक्तिजोद्धा) की परिभाषा को बदलते हुए बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान समेत 400 प्रमुख व्यक्तियों का स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा रद्द कर दिया है। मंगलवार रात को जारी किए गए अध्यादेश में राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन किया गया है। इसमें स्वतंत्रता सेनानी शब्द को फिर से परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया है कि मुक्ति संग्राम के दौरान बनी मुजीबनगर सरकार से जुड़े राष्ट्रीय और प्रांतीय सभा के सदस्य, जो बाद में संविधान सभा के सदस्य बने, उन्हें 'स्वतंत्रता सेनानी' की बजाय 'मुक्ति संग्राम का सहयोगी' माना जाएगा। इसके अलावा, इस नई श्रेणी में वे पेशेवर भी शामिल हैं, जिन्होंने विदेश में रहकर मुक्ति संग्राम में योगदान दिया। साथ ही वैश्विक जनमत बनाने में मदद करने वाले बांग्लादेशी नागरिक, मुजीबनगर सरकार में अधिकारी और कर्मचारी, चिकित्सक, नर्स और अन्य सहायक भी इसमें शामिल हैं।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो की रिपोर्ट के मुताबिक, स्वाधीन बांग्ला बेतार केंद्र के सभी कलाकार और कर्मचारी, देश-विदेश में मुक्ति संग्राम का समर्थन करने वाले बांग्लादेशी पत्रकार और स्वाधीन बांग्ला फुटबॉल टीम भी इस परिभाषा में शामिल हैं। यह अध्यादेश अब बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान, पूर्व प्रधानमंत्री ताजुद्दीन अहमद, पूर्व कार्यवाहक राष्ट्रपति सैयद नजरूल इस्लाम और 400 से अधिक अन्य लोगों के स्वतंत्रता सेनानी के दर्जे को प्रभावित करेगा, जो संविधान सभा के सदस्य थे और अब तक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में पहचाने जाते थे।

नए अध्यादेश के अनुसार, मुक्ति संग्राम को परिभाषित किया गया है कि 'यह युद्ध 26 मार्च से 16 दिसंबर, 1971 तक लड़ा गया था, जिसका उद्देश्य बांग्लादेश के लोगों के लिए एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक राज्य के रूप में समानता, मानवीय गरिमा और सामाजिक न्याय स्थापित करना था। यह युद्ध पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और उनके सहयोगियों- रजाकार, अल-बदर, अल-शम्स, मुस्लिम लीग, जमात-ए-इस्लामी, निजाम-ए-इस्लाम और शांति समिति के खिलाफ था'। अध्यादेश में कहा गया, "बीर मुक्तिजोद्धा (स्वतंत्रता सेनानी) वह व्यक्ति है, जिसने 26 मार्च से 16 दिसंबर 1971 के बीच या तो देश के गांवों में युद्ध की तैयारी की और प्रशिक्षण लिया या भारत में विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में शामिल होने के लिए सीमा पार की, ताकि मुक्ति संग्राम में भाग ले सके। इन व्यक्तियों ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और उनके स्थानीय सहयोगियों के खिलाफ सक्रिय रूप से युद्ध में हिस्सा लिया। नए अध्यादेश में 'राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान' का नाम हटा दिया गया है और कानून के उन हिस्सों को भी हटा दिया गया है, जिनमें उनके नाम का जिक्र किया गया था।

### अफसान चौधरी बोले- मुक्ति संग्राम की सूची में राजनीति



मुक्ति संग्राम के शोधकर्ता अफसान चौधरी ने इस कदम को 'नौकरशाही का फैसला' बताया। बांग्लादेशी अखबार 'द डेली स्टार' से बात करते हुए उन्होंने कहा, "हम 1972 से यह देखते आ रहे हैं कि हर बार जब नई सरकार सत्ता में आती है, वे स्वतंत्रता सेनानियों की नई सूची बनाते हैं। इसमें व्यक्तिगत लाभ शामिल होते हैं। उन्होंने कहा, "लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे। आम लोगों के दिलों में मुक्ति संग्राम हमेशा की तरह ही रहेगा।

**400** से अधिक प्रमुख व्यक्तियों का स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा किया गया है रद्द

### पत्रकारों से पुलिस स्टेशन में मारपीट किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## मध्य प्रदेश सरकार को जारी किया नोटिस

मध्य प्रदेश में रेत माफिया के आतंक का मामला



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में बीते 20 वर्ष में रेत माफिया सत्ता व पुलिस से मिल रहे तथाकथित शह से इतने शक्तिशाली व निडर हो गये हैं कि अवैध रेत खनन का विरोध करने वाले शिक्षक , पटवारी से लगायत समाज सेवियों तक को ट्रैक्टर आदि से कुचल कर मार दिये । तमाम पत्रकारों को मारे - पीटे । फिलहाल जो घटना घटी है उसमें रेत माफिया ने खिलाफ रिपोर्टिंग करने पर पत्रकारों से पुलिस स्टेशन में मारपीट की। पत्रकार अमरकांत चौहान को भिंड के पुलिस अधीक्षक ने कथित रूप से उनकी पिटाई की।यह मामला जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा है तो सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट कोर्ट ने रेत माफिया पर रिपोर्टिंग करने के लिए पुलिस स्टेशन में पत्रकारों से मारपीट मामले में मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति संजय करोल व न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल व अमरकांत सिंह चौहान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई और मध्य प्रदेश को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। याचिकाकर्ताओं के वकील ने पीठ से कहा कि याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया जाए। पीठ ने कहा कि दूसरे पक्ष को जवाब देने दीजिए। राज्य को भी तथ्य पेश करने दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर नोटिस जारी किया और नौ जून को अगली सुनवाई तय की। इसके पहले 28 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने पत्रकार अमरकांत चौहान को सुरक्षा प्रदान की थी। उन्होंने दावा किया था कि भिंड के पुलिस अधीक्षक ने कथित रूप से की उनकी पिटाई की। इससे उनकी जान को खतरा है। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को चौहान को दो महीने तक सुरक्षा देने का निर्देश दिया था।

## पहले कोरोना वायरस और अब फंगस, चीन रच रहा नई बीमारी फैलाने की साजिश?

### तुरंत एक्टिव हुई एफबीआई

**नई दिल्ली । एजेंसी**

दुनियाभर में कोरोना वायरल फैलाने वाला चीन अब एक बार फिर से क्या कोई नई बीमारी फैलाने की साजिश रच रहा है? चीन के बायो वेपन इस्तेमाल को लेकर अमेरिका से एक बड़ी खबर सामने आई है। अमेरिका में चीन के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से फ्यूसैरियम ग्रैमिनियरम नामक फंगस मिला है। इसे बायो वेपन के तौर पर चीन की लैब से अमेरिका लाया गया था। अमेरिका का कहना है कि ये फंगस फसलों को बर्बाद करने के साथ साथ इंसानों और जानवरों को भी बीमार कर देता है। इसलिए अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इसे एग्रो टेररिज्म वेपन यानी कृषि आतंकवाद कहा है। जिससे जौ, गेहूं, धान और मक्का जैसी फसलें बर्बाद हो जाती हैं।

**चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से कनेक्शन :** साक्ष्य यह भी संकेत देते हैं कि जियान ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादारी व्यक्त की थी और चीन में इस रोगज़नक़ पर इसी तरह के काम के लिए चीनी सरकार से धन प्राप्त किया था। जियान के प्रेमी जुनयोंग लियू पर भी शिकायत में आरोप लगाया गया है। जुनयोंग एक चीनी विश्वविद्यालय में काम करता है जहाँ वह उसी रोगज़नक़ पर रिसर्च करता था। लियू पर आरोप है कि उन्होंने पहले झूठ बोला, फिर स्वीकार किया कि उन्होंने डेट्रॉयट मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डे के माध्यम से फ्यूजेरियम ग्रैमिनीरम की तस्करी अमेरिका में भी की थी, जिससे वो मिशिगन विश्वविद्यालय में इस पर रिसर्च कर सकें।



### कैसे चीन की साजिश का हुआ पर्दाफाश?

एफबीआई निदेशक काश पटेल ने पूरे मामले पर एक्स पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है। उन्होंने कहा कि मैं पुष्टि कर सकता हूँ कि एफबीआई ने संयुक्त राज्य अमेरिका में एक चीनी नागरिकको गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर देश में एक खतरनाक जैविक रोगज़नक़ फंगस की तस्करी की थी। युनकिंग जियान नामक व्यक्ति पर आरोप है कि उसने फ्यूसैरियम ग्रैमिनियरम नामक एक खतरनाक की तस्करी की है।

## भारत ने कितना मारा डोजियर बांट-बांट कर बिलावल भुट्टो ने दुनिया को बताया

**ढाका । एजेंसी**



अमेरिका पहुंचते ही बिलावल भुट्टो ने रोना शुरू कर दिया। भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के बारे में बिलावल जो डोजियर साथ में लेकर गए हैं, उसमें पाकिस्तान ने कई चौंकाने वाली बातें कही हैं। पाकिस्तान ने माना कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने बलूचिस्तान को छोड़कर उसके हर सूबे पर अटैक किया।

यानी पीओके के साथ साथ पंजाब, सिंध, खैबर पख्तूनवा पर भारत के जबरदस्त हमले की बात फॉर्मली पूरी दुनिया के सामने मान ली। पाकिस्तान के डोजियर में लिखा है कि भारत के निशाने पर खासतौर पर पाकिस्तान का पंजाब सूबा था। नॉर्थ में रावलपिंडी, गुजरात और लाहौर से लेकर साउथ पंजाब में रहीम यार खान तक पंजाब के 16 ठिकानों पर हमले किए गए। इसके अलावा भारतीय सेना ने राजधानी कराची और दूसरे सबसे बड़े शहर हैदराबाद के अलावा छोर, मानो और जकोवाबाद में उसके एयरबेस को निशाना बनाया। खैबर पख्तूनवा में पेशावर तक अटैक किया गया।

### वेबसाइट पर बुकिंग शुरू होते ही टिकट खत्म होने की हुई जांच

## आईआरसीटीसी ने बंद किए 2.5 करोड़ फर्जी यूजर आईडी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** यदि आप कुछ - कुछ माह पर कहीं जाने के लिए रेलवे टिकट बुकिंग कराने जाते होंगे तो इस बात से परेशान हो जाते होंगे कि कुछ खास ट्रेनों में टिकट बुकिंग शुरू होते ही मिनटों में ही दो माह तक की (60 दिन) यात्रा के टिकट वेटिंग में कैसे आ जाते हैं। इस बारे में जब लगातार मीडिया में आया , लोगों ने शिकायत की , तब रेल मंत्रालय सांस डकार लिया। जांच शुरू हुई तो आईआरसीटीसी को पता चला कि बीते पांच महीनों में, 2.9 लाख संदिग्ध पीएनआर वाले टिकट हैं। जो सामान्य व तत्काल टिकटों की बुकिंग शुरू होने के मात्र पांच मिनट के भीतर खरीदे गए थे।इन पीएनआर नंबर वाले टिकटों की बुकिंग के लिए फर्जी यूजर आईडी के उपयोग किये गये थे। जिसके बाद ऐसे 2.5 करोड़ फर्जी यूजर आईडी बंद की गईं।इसके अलावा 20 लाख यूजर आईडी को दोबारा जांच के लिए रखा गया है।कहा जा रहा है कि यह सब एक विशेष अभियान के तहत किया गया।एक अफसर के अनुसार राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर 134 शिकायतें दर्ज की गई हैं और 6,800 से ज्यादा डिस्पोजेबल ईमेल डोमेन को ब्लॉक कर दिया गया है। इस अभियान को और तेज किया जाएगा। डिस्पोजेबल ईमेल एड्रेसिंग का मतलब है कि हर संपर्क या काम के लिए एक अलग ईमेल एड्रेस का इस्तेमाल करना। या फिर इसे कुछ ही बार इस्तेमाल करना। धोखेबाज लोग इन तरीकों का इस्तेमाल टिकट बुक करने और मजबूर यात्रियों से ज्यादा पैसे वसूलने के लिए कर रहे हैं। रही बात सभी टिकटों के जल्दी बुक हो जाने की समस्या , तो ये कुछ खास रूटों और ट्रेनों तक ही सीमित हैं। एक अधिकारी के अनुसार - हमारा ध्यान उन यूजर्स को हटाने पर है जो सिस्टम को धोखा दे रहे हैं। यात्रियों को दोष नहीं दिया जा सकता, क्योंकि कंफर्म टिकट की सही में कमी है। इसलिए, क्षमता बढ़ाने व ज्यादा ट्रेनें चलाने की कोशिश की जा रही है, विशेषकर यात्रा के व्यस्त समय में। इसके बारे में रेलवे के साहबों का कहना है कि आईआरसीटीसी ने सिस्टम में सुधार के लिए बहुत से नये -नये कदम उठाए हैं। इसमें लीडिंग कंटेंट डिलीवरिंग नेटवर्क व एंटी-बाट एप्लीकेशन का इस्तेमाल शामिल है। एंटी-बाट एप्लीकेशन एक तरह की सुरक्षा तकनीक है। इसका उपयोग यह पहचानने के लिए किया जाता है कि टिकट बुक करने वाला आदमी है या कोई कंप्यूटर प्रोग्राम (बॉट)। इससे असली यात्रियों के लिए बुकिंग प्रक्रिया आसान हो जाती है।लेकिन इस तरह पहचान के लिए पहले भी तो हो ही रहा था, इस सवाल पर अफसर साहब कोई सटीक जवाब नहीं दिये।




● 20 लाख यूजर आईडी को दोबारा जांच के लिए रखा गया है






अभिनेता प्रभास और निर्देशक मारुति की लंबे समय से अटकी फिल्म 'द राजा साब' इस साल के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने मंगलवार को रिलीज की तारीख और टीजर रिलीज की तारीख की घोषणा की।




## लंबे समय से टल रही 'द राजा साब' की रिलीज डेट घोषित...

### 16 जून को आएगा प्रभास की फिल्म का टीजर

**अभिनेता प्रभास** और निर्देशक मारुति की लंबे समय से अटकी फिल्म 'द राजा साब' इस साल के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने मंगलवार को रिलीज की तारीख और टीजर रिलीज की तारीख की घोषणा की। 'द राजा साब' को गर्मियों के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। हालांकि, वित्तीय और प्रोडक्शन मुद्दों के कारण फिल्म में देरी हुई है। 'द राजा साब' का पोस्टर शेयर करते हुए, फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉरर जॉनर के साथ तालमेल रखते हुए, फिल्म का टीजर 16 जून को रात 10:52 बजे लॉन्च किया जाएगा।

### राजा साहब की रिलीज डेट

मारुति दासारी द्वारा लिखित और निर्देशित, तमिल भाषा की इस फिल्म में प्रभास, निधि अग्रवाल, संजय दत्त, साई पल्लवी, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का नया पोस्टर शेयर करके मेकर्स ने खुलासा किया कि 'द राजा साहब' 5 दिसंबर, 2025 को बड़े पर्दे पर आएगी।

# रांची में तेज आंधी और बारिश, कई जगहों पर गिरे पेड़, कार क्षतिग्रस्त

● बाइपास रोड में गिरा पेड़, रास्ता हुआ बंद

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** बुधवार की दोपहर राजधानी में अचानक मौसम ने करवट ली, जिसके बाद जमकर बारिश हुई। बारिश के बीच तेज हवाओं के चलने से कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। पेड़ गिरने की वजह से रांची में कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। बता दें कि अभी तक झारखंड में मानसून की एंट्री नहीं हुई है। फिलहाल प्री मानसून बारिश हो रही है। राज्य में मानसून की एंट्री 10 जून से होने के आसार हैं। फिलहार गुरुवार से राज्य में तापमान बढ़ने की संभावना है। फिलहाल लोगों को मानसून की बारिश के लिए एक सप्ताह का इंतजार करना होगा।

बुधवार की दोपहर रांची में हुए तेज बारिश के बीच हरमू बाइपास के पास एक बड़ा पेड़ जमीन पर आ गिरा। पेड़ गिरने की वजह से सड़क के किनारे खड़े कई वाहन उसकी चपेट में आ गए। पेड़ की चपेट में आने से एक कार सहित कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं बीच सड़क पर पेड़ गिरने की वजह से काफी देर तक हरमू बाइपास रोड पर एक तरफ वाहनों का आना-जाना बंद रहा। जिसके बाद नगर निगम की मदद से स्थानीय लोगों ने पेड़ की डाली को काटकर उसे रास्ते से हटाया। तब जाकर सड़क पर आवागमन शुरू हो सका।

### कार और बाइक क्षतिग्रस्त

हरमू बाइपास के पास में पेड़ गिरने की वजह से एक कार और तीन से चार बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। स्थनीय लोगो ने मिलकर पेड़ की डालियों को काट काट कर अलग किया, जिसके बाद दबी हुई कार और बाइक को बाहर निकाला जा सका।

## राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान

# बीएयू ने 6 दिनों में 63 हजार से अधिक किसानों को किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के किसानों को नवीनतम कृषि एवं पशुपालन तकनीक से अवगत कराने तथा झारखंड सरकार एवं केंद्र सरकार की किसान कल्याण योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने बताया कि 29 मई से प्रारंभ हुआ यह अभियान 12 जून तक चलेगा। उन्होंने बताया कि बीएयू के नियंत्रणाधीन राज्य के 16 जिलों में अवस्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों के नेतृत्व में 29 मई से 3 जून तक इन जिलों के 646 गांवों में 63,207 किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया। अभियान के तहत खरीफ मौसम की मुख्य फसलों जैसे – धान, मक्का, मोटे अनाज (श्री अन्न), अरहर, उड़द, मूँग, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, सरगुजा की खेती की उन्नत तकनीक, मिट्टी जाँच का महत्व तथा मिट्टी जाँच के आधार पर पोषक तत्वों का व्यवहार, फसल सुरक्षा के उपाय, फलों एवं सब्जियों की उन्नत कृषि तकनीक, गर्मी एवं बारिश के मौसम में पशु–पक्षियों की देखभाल, पोषण, प्रबन्धन एवं रोग निदान आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी प्रकार प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मोटे अनाज की खेती, किसानों की स्वदेशी किस्मों एवं पद्धतियों के संरक्षण, कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन विषय पर भी विस्तृत तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी गयी।

इसके अलावा केंद्र एवं झारखंड सरकार की कृषि से संबंधित योजनाओं जैसे – प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पारम्परिक कृषि विकास योजना, कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन, कृषि विस्तार पर उप मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड, मिलेट मिशन योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखंड किसान समृद्धि योजना, बिरसा बीज उत्पादन एवं फल विस्तार योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा किसानों से इन योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कुलपति डॉ दुबे ने बताया कि अभियान के तहत 16 जिलों में 36 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों के 56 वैज्ञानिक, विश्वविद्यालय के मुख्यालय, महाविद्यालयों एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों से 24 वैज्ञानिक, झारखंड में अवस्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों से 29 वैज्ञानिक एवं राज्य सरकार के कृषि विभाग एवं संबन्धित विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तर के 78 पदाधिकारी शामिल हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**बकरीद को लेकर पुलिस सतर्क...**
और जहां भी तनाव की संभावना हो, वहां विशेष सतर्कता बरतने की बात कही है। पुलिस को निर्देशित किया गया है कि चौकीदारों और एसपीओ के माध्यम से सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए, चौकीदारों की जनरल परेड कराई जाए और हर छोटी-बड़ी सूचना को गंभीरता से लिया जाए। डीआईजी ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रशासन को पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए किसी भी संभावित विवाद को समय रहते सुलझाने की दिशा में कार्य करना होगा, ताकि बकरीद का पर्व शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो सके।

**अभिव्यक्ति की आजादी का...**
में हमारे सैनिकों की पिटाई करने के बारे में एक भी सवाल नहीं पूछेंगे। भारतीय प्रेस उनसे इस बारे में एक भी सवाल नहीं पूछता। क्या यह सच नहीं है? देश यह सब देख रहा है। ऐसा दिखावा न करें कि लोगों को पता नहीं है। उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया था और निचली अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्यवाही और समन को रद्द करने की मांग की। मानहानि की शिकायत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने दर्ज कराई थी।

**गीग वर्कर्स के कल्याण के लिए...**
पहले यह अधिकार केवल राज्य सरकार के पास था। साथ ही, जेएसएमडीसी के अध्यक्ष अब खान सचिव होंगे और प्रबंध निदेशक का पद निदेशक, खान को सौंपा जाएगा। इसी प्रकार राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के 35 सहायक शिक्षकों को फिर से बहाल करने की स्वीकृति दी गई है। इन्हें पहले सेवा से हटाया गया था, लेकिन कोर्ट के आदेश के अनुसार इनकी सेवा बहाल की जाएगी या इन्हें पेंशन लाभ दिया जाएगा। इससे सरकार पर 30 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ आएगा। इसके अलावा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का पुनर्गठन किया गया है। इसके तहत विभाग में 506 पदों को सरेंडर कर 36 नए पदों का सृजन किया गया है। इससे सरकार को 24 करोड़ 17 लाख 9 हजार 160 रुपए की वित्तीय बचत होगी।

**दो चरणों में होगी जातीय गणना के...**
भारत की पिछली जनगणना वर्ष 2011 में दो चरणों में की गई थी- 1. चरण-1 - मकान सूचीकरण (एचएलओ) (1 अप्रैल से 30 सितंबर 2010) और 2. चरण-2 - जनगणना (पीई) (09 फरवरी से 28 फरवरी 2011) संदर्भ तिथि - मार्च 2011 के पहले दिन 00:00 बजे, तथा जम्मू -कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बर्फ से ढके असमकालिक क्षेत्रों के लिए यह 11 से 30 सितंबर 2010 के दौरान आयोजित की गई थी और संदर्भ तिथि अक्टूबर 2010 के पहले दिन 00.00 बजे थी । जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था, पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। 2021 में आयोजित की जाने वाली जनगणना के पहले चरण की सभी तैयारियां पूरी हो गई थीं और 1 अप्रैल, 2020 से कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में क्षेत्रीय कार्य शुरू होने वाला था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा था।

**झारखंड बंद का रहा...**
पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रांची के कोकर शिव मंदिर, डेलाटोली मुख्य मार्ग, हिनू, खेलगांव, कांके, पिस्का मोड़ , कचहरी चौक, कडरु, सिरमटोली चौक, टाटीसिल्वे के समीप बंद समर्थकों ने घंटो सड़क जाम रखा। कई जगहों पर बंद समर्थकों ने टायर जलाकर भी प्रदर्शन किया। इससे हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशनों जाने वाले यात्रियों वालों को असुविधा हुई। रांची में अन्य दिनों की अपेक्षा वाहन कम चले। अल्बर्ट एक्का चौक के समीप की सभी दुकानें बंद रहीं। रांची से पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव को हिरासत में लिया गया। आदिवासी संगठनों की ओर से बुलाया गया झारखंड बंद गुमला जिले में काफी असरदार रहा। दुकाने बंद रहीं। बाजार बंद रहे। वाहन नहीं चले। वहीं, झारखंड बंद का लोहरदगा जिले में मिलाजुला असर देखा गया। बंद समर्थकों ने सड़कों पर उतरकर आवागमन को बाधित करने का प्रयास किया। इससे लंबी दूरी की बसें एवं बॉक्साइट ट्रैकों का परिचालन कम हुआ। यात्री बसों के कम चलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री ट्रेन सामान्य रूप से चली। कई चौक चौराहो में बंद समर्थकों ने बंद कराने का प्रयास किया गया, हालांकि अधिसंख्य दुकानें आम दिनों की तरह खुली रहीं। बंद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन हर चौक-चौराहे पर मुस्तैद रही। झारखंड बंद का खूंटी जिले में भी मिला-जुला असर रहा। जिला मुख्यालय में बंद को आंशिक असर देखा गया। वहीं, तोरपा, कर्रा, रनिया जैसे कस्बाई इलाके में बंद पूरी तरह फ्लॉप रहा। वाहनों का आवागमन सामान्य ढंग से हुआ। आदिवासी नेत्री दुर्गावती ओड़ेया, चंद्र प्रभात मुंडा तीन-चार समर्थकों के साथ दुकान को बंद कराने निकलीं, पर इसका कोई खास असर नहीं देखा गया। बंद को सफल बनाने के लिए आदिवासी संगठनों से जुड़े लोग सड़कों पर नहीं उतरे। सिमडेगा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), चतरा में भी बंद का कोई खास असर नहीं देखा गया। रामगढ़ जिले में बंद का मिलाजुला असर देखा गया। पुलिस मुख्यालय की ओर से बताया गया कि आदिवासी बचाओ मोर्चा और केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा की ओर से झारखंड बंद कराने के दौरान विभिन्न जगहों पर सड़क जाम कराया गया और दुकाने बंद कराई गइं। बंद के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने प्रभावी सुरक्षा उपाय किए थे। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई थी, ताकि कोई भी अप्रिय घटना ना हो सके।

**आदिवासी विकास विरोधी नहीं : बबलू मुंडा**
केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा, हम पिछले पांच महीने से राज्य सरकार से विनती करते आ रहे हैं, लेकिन हमारी मांगों को नहीं सुना जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी के हितों रीति-रिवाज, परंपराओं और संस्कृति की रक्षा करने की बात कहकर सत्ता में दूसरी बार आए हैं। जबकि, मुख्यमंत्री बनने के बाद से वे आदिवासी विरोधी काम कर रहे हैं।

**संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से...**
संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।


## समाहरणालय, लातेहार
### (भू-अर्जन शाखा)

परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–165 दिनांक– 23.04.2025 के द्वारा M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को S.I.A.(Social Impact Assessment) हेतु कार्यादेश निर्गत किया गया। ग्राम–हेमपुर में अधिग्रहित भूमि का रकबा– 215.83 एकड़ है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक नं0 | ग्राम का नाम | थाना नं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी रकबा: एकड़ में | कुल खतियानी रकबा: हेक्टेयर में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में): एकड़ में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में): हेक्टेयर में | खतियानी रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेमपुर | 208 | 3 | 960P | टांड़ दो | 1.21 | 0.490 | 0.94 | 0.380 | अमीर महतो वो रामकृत महतो वो किशुन महतो, पिता – सहजू महतो |
| 2 | हेमपुर | 208 | 9 | 813 | टांड़ दो | 1.25 | 0.506 | 1.25 | 0.506 | मोहम्मद इम्तियाज खान,पिता – मोहम्मद जलील खान और रेयाज खान, पिता – मोहम्मद सादिक खान |
| 3 | हेमपुर | 208 | 9 | 852 | टांड़ दो | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 4 | हेमपुर | 208 | 9 | 1153 | टांड़ दो | 0.64 | 0.259 | 0.64 | 0.259 | |
| 5 | हेमपुर | 208 | 10 | 975 | टांड़ दो | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | उगन महतो, सहदु महतो, लालमन महतो, रामकृत महतो, नगेसर महतो, छकु महतो, पिता – मनोहर महतो |
| 6 | हेमपुर | 208 | 10 | 976 | टांड़ दो | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | |
| 7 | हेमपुर | 208 | 10 | 977 | धान दो | 0.62 | 0.251 | 0.62 | 0.251 | |
| 8 | हेमपुर | 208 | 10 | 978 | टांड़ दो | 1.58 | 0.639 | 1.58 | 0.639 | |
| 9 | हेमपुर | 208 | 10 | 985 | धान दो | 0.55 | 0.223 | 0.55 | 0.223 | |
| 10 | हेमपुर | 208 | 10 | 986 | धान दो | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 11 | हेमपुर | 208 | 10 | 987 | धान दो | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 12 | हेमपुर | 208 | 10 | 1034 | टांड़ दो | 0.85 | 0.344 | 0.85 | 0.344 | |
| 13 | हेमपुर | 208 | 11 | 1014 | टांड़ एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | कन्हारी देवी, पिता–सुखलाल महतो और मुसमात उगनी कुँवर, पति–सुखलाल महतो और मुसमात मतवा कुँवर, पति – बुधु अहीर एवं बलदेव महतो और जगेसर महतो, पिता – हरगोविंद महतो |
| 14 | हेमपुर | 208 | 11 | 1016 | टांड़ एक | 1.28 | 0.518 | 1.28 | 0.518 | |
| 15 | हेमपुर | 208 | 11 | 1017 | मकान | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 16 | हेमपुर | 208 | 11 | 1018 | टांड़ एक | 0.62 | 0.251 | 0.62 | 0.251 | |
| 17 | हेमपुर | 208 | 11 | 1020 | टांड़ एक | 0.62 | 0.251 | 0.62 | 0.251 | |
| 18 | हेमपुर | 208 | 11 | 1022 | टांड़ एक | 1.18 | 0.478 | 1.18 | 0.478 | |
| 19 | हेमपुर | 208 | 17 | 1136 | टांड़ दो | 0.74 | 0.299 | 0.74 | 0.299 | किशुन ठाकुर, मुनेश्वर ठाकुर, पिता – काइल ठाकुर |
| 20 | हेमपुर | 208 | 22 | 1143 | धान दो | 0.58 | 0.235 | 0.58 | 0.235 | कंगलू गंझू पुत्र तेजा गंझू |
| 21 | हेमपुर | 208 | 22 | 1155 | धान दो | 1.04 | 0.421 | 1.04 | 0.421 | |
| 22 | हेमपुर | 208 | 23 | 1174 | धान दो | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | कंगलू गंझू, किटकंडा गंझू, पिता – तेजा गंझू |
| 23 | हेमपुर | 208 | 24 | 832 | टांड़ दो | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | कंचन महतो सबुर महतो पुत्र और दरगाही महतो, अकाल महतो, खेलाबोन महतो पिता देबा महतो |
| 24 | हेमपुर | 208 | 24 | 1096 | टांड़ दो | 0.57 | 0.231 | 0.57 | 0.231 | |
| 25 | हेमपुर | 208 | 24 | 1237 | मकान | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 26 | हेमपुर | 208 | 24 | 1238 | मकान | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 27 | हेमपुर | 208 | 24 | 1247 | टांड़ एक | 1.22 | 0.494 | 1.22 | 0.494 | |
| 28 | हेमपुर | 208 | 24 | 1252 | टांड़ दो | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 29 | हेमपुर | 208 | 24 | 1254 | धान दो | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 30 | हेमपुर | 208 | 24 | 1256 | धान दो | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 31 | हेमपुर | 208 | 24 | 1269 | धान दो | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 32 | हेमपुर | 208 | 26 | 965P | टांड़ दो | 3.65 | 1.477 | 3.64 | 1.473 | गजाधर महतो, बच्चू महतो, जेहल महतो, पिता – गुलाब महतो और बाबुन महतो, पिता – बीरबल महतो |
| 33 | हेमपुर | 208 | 27 | 1149 | टांड़ दो | 0.73 | 0.295 | 0.73 | 0.295 | गजाधर महतो, बच्चू महतो, जेहल महतो, पिता–गुलाब महतो एवं बबुन महतो, पिता–बीरबल महतो एवं बिगन महतो, सुखारी महतो, पिता–इंद्रासन महतो |
| 34 | हेमपुर | 208 | 30 | 1087 | टांड़ दो | 3.23 | 1.307 | 3.23 | 1.307 | गांसु गंझू, मंसु गंझू पिता लालू गंझू और मुलिया कुँवर पति लालू गंझू |
| 35 | हेमपुर | 208 | 41 | 1011 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | चौथी गंझू पिता नारो गंझू और मुस्मात फुलिया कुँवर पति नारो गंझू |
| 36 | हेमपुर | 208 | 42 | 815 | टांड़ दो | 0.86 | 0.348 | 0.86 | 0.348 | जहरू गंझू,महगू गंझू,पिता – माखो गंझू |
| 37 | हेमपुर | 208 | 42 | 767 | टांड़ दो | 1.64 | 0.664 | 1.64 | 0.664 | |
| 38 | हेमपुर | 208 | 45 | 1092 | टांड़ दो | 0.92 | 0.372 | 0.92 | 0.372 | जीतनी देवी, चरकी देवी, पिता जेठू गंझू और गणशा, धनदेव गंझू, पुत्र रूपु गंझू और भौली देवी, पिता धोवड़ा गंझू एवं मुसमात तेजानी कुँवर, पति जेठू गंज और राघो गंझू, पिता बाली गंझू |
| 39 | हेमपुर | 208 | 47 | 1060P | टांड़ दो | 0.23 | 0.093 | 0.11 | 0.045 | जंगबहादुर महतो, पिता – बंशी महतो और हरिलाल महतो, दिलामन,तिरपाल महतो, पिता – बैजू महतो |
| 40 | हेमपुर | 208 | 47 | 1061P | टांड़ दो | 0.24 | 0.097 | 0.23 | 0.093 | |
| 41 | हेमपुर | 208 | 49 | 1124 | टांड़ दो | 1.40 | 0.567 | 1.40 | 0.567 | झालो ठाकुर, पुत्र गजू ठाकुर और मिस्टर ठाकुर पिता चुरामन ठाकुर और सूरज ठाकुर, पिता बालो ठाकुर |
| 42 | हेमपुर | 208 | 49 | 1125 | टांड़ दो | 0.74 | 0.299 | 0.74 | 0.299 | |
| 43 | हेमपुर | 208 | 49 | 1126 | टांड़ दो | 0.49 | 0.198 | 0.49 | 0.198 | |
| 44 | हेमपुर | 208 | 50 | 284P | टांड़ दो | 1.37 | 0.554 | 0.67 | 0.271 | झूमर गंझू,पिता – गुना गंजु और पूरन गंजू, पिता – पेचाव गंजु और भाकुड़ी देवी, कपुरवा देवी, पिता – नेमन गंजू |
| 45 | हेमपुर | 208 | 50 | 766 | टांड़ दो | 1.18 | 0.478 | 1.18 | 0.478 | |
| 46 | हेमपुर | 208 | 50 | 771 | टांड़ दो | 0.76 | 0.308 | 0.76 | 0.308 | |
| 47 | हेमपुर | 208 | 50 | 1154 | टांड़ दो | 0.64 | 0.259 | 0.64 | 0.259 | |
| 48 | हेमपुर | 208 | 50 | 1166 | टांड़ दो | 1.48 | 0.599 | 1.48 | 0.599 | |
| 49 | हेमपुर | 208 | 50 | 1181 | टांड़ दो | 2.15 | 0.870 | 2.15 | 0.870 | |
| 50 | हेमपुर | 208 | 50 | 1185 | टांड़ दो | 1.19 | 0.482 | 1.19 | 0.482 | |
| 51 | हेमपुर | 208 | 51 | 1184 | टांड़ दो | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | झूमर गंझू, पिता – गुना गंझू |
| 52 | हेमपुर | 208 | 53 | 281P | टांड़ दो | 0.64 | 0.259 | 0.15 | 0.061 | तीभी गंझू, बनौधी गंझू, पिता – चरण गंझू और टेपी देवी, पिता – जानकी गंझूऔर मुस्मात जगनी कुँवर, पति – जानकी गंझू औरसखीचन, थोपा गंझू, लालधारी गंझू, पिता – जानकी गंझू |
| 53 | हेमपुर | 208 | 53 | 728P | टांड़ दो | 1.53 | 0.619 | 0.75 | 0.304 | |
| 54 | हेमपुर | 208 | 53 | 860P | टांड़ दो | 1.28 | 0.518 | 1.13 | 0.457 | |
| 55 | हेमपुर | 208 | 53 | 1168 | टांड़ दो | 1.91 | 0.773 | 1.91 | 0.773 | |
| 56 | हेमपुर | 208 | 59 | 797 | टांड़ दो | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | ढेला गंझू, पिता – शोधा गंझू |
| 57 | हेमपुर | 208 | 60 | 304 | धान दो | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | तनु ठाकुर, पिता – लालजी ठाकुर और अलियार ठाकुर, भोला ठाकुर, पिता – पेचा ठाकु और चुटुर ठाकुर, गाजू ठाकुर, बालो ठाकुर, चुरामन ठाकुर, पिता – शिवन हजाम और तैतु ठाकुर, पिता – काली ठाकुर और बदन ठाकुर, किशुन ठाकुर, मुनेश्वर ठाकुर, पिता– काइल ठाकुर एवं मुसमात छठनी कुँवर, पति– बुधन ठाकुर एवं मुसमात सुगारी कुँवर, पति– खैता ठाकुर एवं मिसिया देवी, पिता– काइल ठाकुर एवं रामनाथ ठाकुर, रामजीत ठाकुर, पूरन ठाकुर, महावीर ठाकुर, पिता – बुधन ठाकुर और लक्ष्मण ठाकुर, पिता – संघार ठाकुर |
| 58 | हेमपुर | 208 | 60 | 305P | टांड़ दो | 0.36 | 0.146 | 0.35 | 0.142 | |
| 59 | हेमपुर | 208 | 60 | 307P | धान दो | 0.44 | 0.178 | 0.08 | 0.032 | |
| 60 | हेमपुर | 208 | 60 | 474P | टांड़ दो | 1.56 | 0.631 | 0.19 | 0.077 | |
| 61 | हेमपुर | 208 | 60 | 753 | टांड़ दो | 0.80 | 0.324 | 0.80 | 0.324 | |
| 62 | हेमपुर | 208 | 60 | 825 | धान दो | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 63 | हेमपुर | 208 | 60 | 827 | धान दो | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 64 | हेमपुर | 208 | 60 | 828 | टांड़ दो | 0.98 | 0.397 | 0.98 | 0.397 | |
| 65 | हेमपुर | 208 | 60 | 1127 | टांड़ दो | 1.18 | 0.478 | 1.18 | 0.478 | |
| 66 | हेमपुर | 208 | 60 | 1133 | टांड़ दो | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 67 | हेमपुर | 208 | 60 | 1140 | टांड़ दो | 0.56 | 0.227 | 0.56 | 0.227 | |
| 68 | हेमपुर | 208 | 60 | 1141P | टांड़ दो | 0.05 | 0.020 | 0.04 | 0.016 | |
| 69 | हेमपुर | 208 | 61 | 1119 | टांड़ दो | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | तुलसी प्रजापती पिता काहिल प्रजापती और जीतन प्रजापती पिता चिंतामन प्रजापती और महाबीर प्रजापति पिता चमन प्रजापति |
| 70 | हेमपुर | 208 | 61 | 1120 | टांड़ दो | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 71 | हेमपुर | 208 | 61 | 1121 | टांड़ दो | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 72 | हेमपुर | 208 | 69 | 853 | टांड़ दो | 0.36 | 0.146 | 0.36 | 0.146 | |
| 73 | हेमपुर | 208 | 69 | 854 | टांड़ दो | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 74 | हेमपुर | 208 | 69 | 856 | टांड़ दो | 0.58 | 0.235 | 0.58 | 0.235 | |
| 75 | हेमपुर | 208 | 69 | 857 | टांड़ दो | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 76 | हेमपुर | 208 | 69 | 1159 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | दिलेश्वर महतो पुत्र सहोदर महतो |
| 77 | हेमपुर | 208 | 69 | 1160 | टांड़ दो | 0.56 | 0.227 | 0.56 | 0.227 | |
| 78 | हेमपुर | 208 | 69 | 1167 | टांड़ दो | 0.94 | 0.380 | 0.94 | 0.380 | |
| 79 | हेमपुर | 208 | 69 | 1239 | टांड़ दो | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 80 | हेमपुर | 208 | 69 | 1168/1289 | टांड़ दो | 0.44 | 0.178 | 0.44 | 0.178 | |
| 81 | हेमपुर | 208 | 67 | 972 | टांड़ दो | 0.66 | 0.267 | 0.66 | 0.267 | दशई, गंशा गंझू, पिता – गदोरी गंझू और झुबरी कुँवर, पति – गंदोरी गंझू और मुसमात काइली कुँवर, पिता – गंदोरी गंझू |
| 82 | हेमपुर | 208 | 70 | 292 | टांड़ दो | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | दिलेश्वेर महतो पिता सहोदर महतो औरमुस्मात तेजनी कुम्भेर पति शोडर महतो |
| 83 | हेमपुर | 208 | 70 | 831 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 84 | हेमपुर | 208 | 70 | 1097 | टांड़ दो | 0.54 | 0.219 | 0.54 | 0.219 | |
| 85 | हेमपुर | 208 | 70 | 1240 | मकान | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 86 | हेमपुर | 208 | 70 | 1242 | टांड़ एक | 2.25 | 0.911 | 2.25 | 0.911 | |
| 87 | हेमपुर | 208 | 70 | 1251 | टांड़ दो | 0.32 | 0.130 | 0.32 | 0.130 | |
| 88 | हेमपुर | 208 | 70 | 1259 | धान दो | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 89 | हेमपुर | 208 | 72 | 1207 | टांड़ दो | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | देबचरण गंजू पुत्र दुखन गंजू |
| 90 | हेमपुर | 208 | 72 | 1208 | टांड़ दो | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 91 | हेमपुर | 208 | 71 | 477P | टांड़ दो | 1.94 | 0.785 | 1.93 | 0.781 | देवचरण गंझू पिता दुखन गांजू और जग्रनाथ गंजु पिता लेधा गांजू |
| 92 | हेमपुर | 208 | 71 | 481P | गढा | 0.45 | 0.182 | 0.07 | 0.028 | |
| 93 | हेमपुर | 208 | 71 | 822 | टांड़ दो | 1.13 | 0.457 | 1.13 | 0.457 | |
| 94 | हेमपुर | 208 | 71 | 829 | टांड़ दो | 0.97 | 0.393 | 0.97 | 0.393 | |
| 95 | हेमपुर | 208 | 71 | 1116 | टांड़ दो | 0.63 | 0.255 | 0.63 | 0.255 | |
| 96 | हेमपुर | 208 | 71 | 1209 | टांड़ दो | 2.37 | 0.959 | 2.37 | 0.959 | |
| 97 | हेमपुर | 208 | 76 | 290 | टांड़ दो | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | धर्मनाथ महतो, सूरज महतो, बारात महतो, नन्हकू महतो पुत्र बाबर महतो |
| 98 | हेमपुर | 208 | 76 | 293 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 99 | हेमपुर | 208 | 76 | 296 | टांड़ दो | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 100 | हेमपुर | 208 | 76 | 834 | टांड़ दो | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 101 | हेमपुर | 208 | 76 | 1095 | टांड़ दो | 0.46 | 0.186 | 0.46 | 0.186 | |
| 102 | हेमपुर | 208 | 76 | 1176 | टांड़ दो | 0.47 | 0.190 | 0.47 | 0.190 | |
| 103 | हेमपुर | 208 | 76 | 1180 | धान दो | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 104 | हेमपुर | 208 | 76 | 1243 | मकान | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 105 | हेमपुर | 208 | 76 | 1244 | टांड़ एक | 0.86 | 0.348 | 0.86 | 0.348 | |
| 106 | हेमपुर | 208 | 76 | 1245 | मकान | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 107 | हेमपुर | 208 | 76 | 1248 | टांड़ एक | 0.66 | 0.267 | 0.66 | 0.267 | |
| 108 | हेमपुर | 208 | 76 | 1255 | धान दो | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 109 | हेमपुर | 208 | 76 | 1258 | धान दो | 0.09 | 0.036 | 0.09 | 0.036 | |
| 110 | हेमपुर | 208 | 76 | 1260 | धान दो | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 111 | हेमपुर | 208 | 76 | 1267 | धान दो | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 112 | हेमपुर | 208 | 76 | 1272 | धान दो | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 113 | हेमपुर | 208 | 82 | 971 | टांड़ दो | 0.80 | 0.324 | 0.80 | 0.324 | पुजार गंझू, पिता – खैता गंझू और चरण गंझू और मथुरा गंझू, पिता – लोहान गंझू और जगन गंझू, पिता – पूरन गंझू और तेतरी देवीमछिया देवी, पिता – लोहान गंझू और लक्ष्मी देवी, मालो देवी, थुपी देवी, पिता – खैता गंझू |
| 114 | हेमपुर | 208 | 84 | 970P | टांड़ दो | 1.80 | 0.728 | 0.93 | 0.376 | फूलदेव महतो, जगदेव महतो, बाबू लाल महतो, रूपलाल महतो, कंगलू महतो, पिता – तुलसी महतो |
| 115 | हेमपुर | 208 | 85 | 1056P | टांड़ दो | 0.88 | 0.356 | 0.28 | 0.113 | फूलदेव महतो, लालदेव महतो, जगदेव महतो, रूपलाल महतो, कंगलू महतो, महेश महतो, पिता–तुलसी महतो एवं वंशी महतो, बैजू महतो पिता–रघुनाथ महतो एवं हरिलाल महतो, बिमल महतो, कुंजल महतो, पिता – दिलामन महतो |
| 116 | हेमपुर | 208 | 86 | 1162 | टांड़ दो | 1.40 | 0.567 | 1.40 | 0.567 | बौधा महतो, मणि महतो, पिता–सूरज महतो |
| 117 | हेमपुर | 208 | 87 | 1111 | टांड़ दो | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | बौधा महतो, मनी महतो, बलराम महतो, पिता सूरज महतो |
| 118 | हेमपुर | 208 | 88 | 956P | टांड़ दो | 1.20 | 0.486 | 0.55 | 0.223 | बरन महतो पिता सखन महतो |
| 119 | हेमपुर | 208 | 88 | 964P | धान दो | 0.41 | 0.166 | 0.14 | 0.057 | |
| 120 | हेमपुर | 208 | 88 | 967P | धान दो | 0.47 | 0.190 | 0.42 | 0.170 | |
| 121 | हेमपुर | 208 | 88 | 968P | धान एक | 0.21 | 0.085 | 0.20 | 0.081 | |
| 122 | हेमपुर | 208 | 88 | 1229 | मकान | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 123 | हेमपुर | 208 | 88 | 1230 | टांड़ दो | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 124 | हेमपुर | 208 | 89 | 1088 | टांड़ दो | 1.17 | 0.473 | 1.17 | 0.473 | बदन ठाकुर, पिता – कैल ठाकुर |
| 125 | हेमपुर | 208 | 89 | 1178 | टांड़ दो नई परती एक साल | 1.16 | 0.469 | 1.16 | 0.469 | |
| 126 | हेमपुर | 208 | 89 | 1186 | टांड़ दो नई परती एक साल | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 127 | हेमपुर | 208 | 95 | 782 | टांड़ दो | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | बरियात गंझू, पिता – सोदे गंझू |
| 128 | हेमपुर | 208 | 95 | 1084 | मकान मय शहन | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 129 | हेमपुर | 208 | 93 | 285P | टांड़ दो | 2.11 | 0.854 | 2.10 | 0.850 | बबुन गंझू वो मुगल गंझू वो ननका गंझू वो लेरवा गंझू, पिता – जेहल गंझूवो मंगरा गंझू, पिता – बुलका गंझूवो मुसमात धकनया कुंवर, पिता – जेहल गंझूवो वरतनी देवी वो यमुनी देवी वोरमनी देवी, पिता – जेहल गंझू |
| 130 | हेमपुर | 208 | 93 | 286 | टांड़ दो | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 131 | हेमपुर | 208 | 93 | 288 | टांड़ दो | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 132 | हेमपुर | 208 | 93 | 289 | टांड़ दो | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 133 | हेमपुर | 208 | 93 | 316P | टांड़ दो | 4.18 | 1.692 | 3.41 | 1.380 | |
| 134 | हेमपुर | 208 | 93 | 478 | टांड़ दो | 3.66 | 1.481 | 3.66 | 1.481 | |
| 135 | हेमपुर | 208 | 93 | 773 | टांड़ दो | 5.88 | 2.380 | 5.88 | 2.380 | |
| 136 | हेमपुर | 208 | 93 | 855 | टांड़ दो | 1.20 | 0.486 | 1.20 | 0.486 | |
| 137 | हेमपुर | 208 | 93 | 1152 | टांड़ दो | 2.93 | 1.186 | 2.93 | 1.186 | |
| 138 | हेमपुर | 208 | 93 | 1161 | टांड़ दो | 0.82 | 0.332 | 0.82 | 0.332 | |
| 139 | हेमपुर | 208 | 94 | 287P | टांड़ दो | 0.90 | 0.364 | 0.58 | 0.235 | बरियात गंझू, पिता – सोदे गंझू |
| 140 | हेमपुर | 208 | 94 | 475P | टांड़ दो | 1.10 | 0.445 | 0.80 | 0.324 | |
| 141 | हेमपुर | 208 | 94 | 783 | टांड़ दो | 0.96 | 0.389 | 0.96 | 0.389 | |
| 142 | हेमपुर | 208 | 94 | 821 | टांड़ दो एक साल | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 143 | हेमपुर | 208 | 94 | 1083P | टांड़ दो | 1.14 | 0.461 | 0.99 | 0.401 | |
| 144 | हेमपुर | 208 | 96 | 297 | टांड़ दो | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | बरियात गंझू, पिता – सोदे गंझू औरगंजू गंझू, पिता – जोगल गंझू और सोमर गंझू, पिता – भोगल गंझू |
| 145 | हेमपुर | 208 | 96 | 298P | टांड़ दो | 0.70 | 0.283 | 0.69 | 0.279 | |
| 146 | हेमपुर | 208 | 96 | 479 | टांड़ दो | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 147 | हेमपुर | 208 | 96 | 480P | टांड़ दो | 1.47 | 0.595 | 1.37 | 0.554 | |
| 148 | हेमपुर | 208 | 96 | 785 | टांड़ दो | 1.30 | 0.526 | 1.30 | 0.526 | |
| 149 | हेमपुर | 208 | 96 | 787 | टांड़ दो | 0.65 | 0.263 | 0.65 | 0.263 | |
| 150 | हेमपुर | 208 | 96 | 791 | टांड़ दो | 0.77 | 0.312 | 0.77 | 0.312 | |
| 151 | हेमपुर | 208 | 96 | 803 | टांड़ दो | 2.16 | 0.874 | 2.16 | 0.874 | |
| 152 | हेमपुर | 208 | 96 | 805 | टांड़ दो | 1.46 | 0.591 | 1.46 | 0.591 | |
| 153 | हेमपुर | 208 | 96 | 808 | पुरानी परती काबिल अबाद | 0.22 | 0.089 | 0.22 | 0.089 | |
| 154 | हेमपुर | 208 | 96 | 836 | धान दो | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 155 | हेमपुर | 208 | 96 | 837 | टांड़ दो | 1.64 | 0.664 | 1.64 | 0.664 | |
| 156 | हेमपुर | 208 | 96 | 846 | धान दो | 0.32 | 0.130 | 0.32 | 0.130 | |
| 157 | हेमपुर | 208 | 96 | 849 | धान दो | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 158 | हेमपुर | 208 | 101 | 1134 | टांड़ दो | 0.89 | 0.360 | 0.89 | 0.360 | मोहम्मद बाबूजान खान, पिता – अक्कू खान |
| 159 | हेमपुर | 208 | 101 | 1171 | टांड़ दो | 1.40 | 0.567 | 1.40 | 0.567 | |
| 160 | हेमपुर | 208 | 101 | 1172 | धान दो | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 354238 Land Reforms (25-26)_D

# आरसीबी की विजय गाथा: नौ साल बाद फाइनल और सीधा चैंपियन




## तारीफ करते थके नहीं विराट कोहली

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल की कड़ी मेहनत और समर्पण के बाद आखिरकार अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब हासिल किया है। इस मौके पर विराट कोहली ने कप्तान रजत पाटीदार को सराहा है। रजत पाटीदार को साल 2022 में नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद लवनीथ सिसोदिया के चोटिल होने के चलते टीम में शामिल किया गया था। आज पाटीदार आरसीबी को पहला आईपीएल खिताब जिताने वाले कप्तान हैं। पाटीदार आरसीबी के आठवें कप्तान हैं। साल 2021 में टीम में शामिल होने के बाद से तीन सीजन खेल चुके हैं। रजत पाटीदार ने आईपीएल 2024 में 13 पारियों में 395 रन बनाए। फाफ डु प्लेसिस के फ्रेंचाइजी छोड़ने के बाद रजत पाटीदार को 2025 सीजन के लिए कप्तान बनाया गया। कोहली आरसीबी के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एबी डिविलियर्स के साथ ड्रेसिंग रूम में दाखिल होते नजर आए। विराट कोहली ने ऐतिहासिक जीत के बारे में बोलते कहा, "बताना बहुत मुश्किल है यार। मुझे लगता है कि जब हम बेंगलुरु पहुंचकर शहर और फैंस के साथ जश्न मनाएंगे, तो मैं जीत का असली रूप महसूस करूंगा। जीत में अलग-अलग स्टेज से आए लोगों ने अपनी भूमिका निभाई और टीम के लिए योगदान दिया।

उनमें जीत की भूख और खेल के प्रति आत्मविश्वास था। कोहली ने रजत के नेतृत्व, जितेश शर्मा की चतुराई और इस ऐतिहासिक ट्रॉफी को हासिल करने के लिए टीम के एकजुट होने के बारे में आगे बात की। विराट कोहली ने कहा, "इन लोगों की मानसिकता अलग है। वे अलग तरह से बने हैं। वे इस काम को बहुत अच्छे से कर रहे हैं। रजत ने आगे बढ़कर और धैर्य के साथ नेतृत्व किया। उनके गेंदबाजी परिवर्तन, साथ ही दबाव में उनकी शांति, पूरे टूर्नामेंट में बिल्कुल अद्भुत थी। उनके पास वास्तव में एक संतुलित व्यक्तित्व है, जो सच में उन्हें शांत रहने में मदद करता है। जितेश के पास भी शानदार क्रिकेटिंग ब्रेन है। आप देख सकते हैं कि खेल के सबसे महत्वपूर्ण क्षण में उन्होंने कैसे कदम बढ़ाया।

## नाकामुरा की चाल भारी, डी. गुकेश की रफ्तार पर लगा ब्रेक




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एक उच्च-दांव संघर्ष में, हिकारू नाकामुरा ने क्लासिकल प्रारूप में विश्व चैंपियन डी. गुकेश पर एक शानदार जीत के साथ अपने अभियान को फिर से जीवंत कर दिया, पांच गेम की जीत रहित लकीर को तोड़ दिया और लीडरबोर्ड को पूरी तरह से खोल दिया। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नाकामुरा ने राउंड 3 में गुकेश से अपनी पिछली हार का बदला लेते हुए एक सटीक प्रदर्शन किया। यह परिणाम गति में एक नाटकीय बदलाव को दर्शाता है, खासकर युवा भारतीय प्रतिभा के लिए जो मैग्नस कार्लसन और अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ बैक-टू-बैक क्लासिकल जीत के बाद उच्च स्थान पर था। इस जीत के साथ, नाकामुरा 11.5 अंकों के साथ गुकेश के साथ जुड़ गए, जिससे दोनों खिलाड़ी तीसरे स्थान के लिए बराबरी पर आ गए क्योंकि टूर्नामेंट अपने चरम पर पहुंच गया है। यह जीत अमेरिकी ग्रैंडमास्टर के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से भी फायदेमंद है, जो इस इवेंट में पहले कुछ निराशाजनक नतीजों के बाद सवालों के घेरे में आ गए थे। गुकेश के लिए, यह हार एक छोटा सा झटका है, क्योंकि यह एक ब्रेकआउट टूर्नामेंट रहा है।

## विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में लड़कियों को मिला शानदार प्लेटफॉर्म : स्मृति मंधाना



**पुणे (आईएएनएस)**। विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्लूएमपीएल) की शुरुआत पांच जून से होने जा रही है। सात दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में चार टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें रत्नागिरी जेट्स, रायगढ़ रॉयल्स, पुणे वॉरियर्स और पुष्प सोलापुर शामिल हैं। विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का आयोजन महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन कर रहा है। भारत की स्टार महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना रत्नागिरी जेट्स की कप्तानी कर रही हैं। मंगलवार को पुणे के केसरी वाड़ा में टीम की जर्सी लॉन्च की गई। इस मौके पर स्मृति मंधाना ने लीग की तारीफ करते हुए कहा, "ये विमेंस क्रिकेट के लिए शानदार है। विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग महाराष्ट्र की लड़कियों को प्लेटफॉर्म देती है। इस लीग का हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी है। रत्नागिरी जेट्स का हिस्सा बनकर खुशी है। उम्मीद है कि ये सीजन अपने लिए शानदार होगा।

## डीडीसीए ने आईपीएल 2025 के लिए 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए प्रतिष्ठित 'बेस्ट पिच एंड ग्राउंड' पुरस्कार जीता है। यह सम्मान अरुण जेटली स्टेडियम के ग्राउंड स्टाफ के उत्कृष्ट प्रयासों का जश्न मनाता है, जिन्होंने पूरे आईपीएल सीजन में शीर्ष स्तर की खेल स्थितियां प्रदान कीं। यह पुरस्कार पिच की गुणवत्ता, आउटफील्ड रखरखाव और समग्र ग्राउंड प्रबंधन में उत्कृष्टता को मान्यता देता है - खिलाड़ियों के लिए एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी सतह और प्रशंसकों के लिए एक असाधारण अनुभव सुनिश्चित करता है। डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, "यह पुरस्कार हमारे क्यूरेटर, कर्मचारियों और प्रबंधन के अथक परिश्रम का प्रमाण है। हम क्रिकेट के बुनियादी ढांचे में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डीडीसीए की उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, "यह सम्मान अरुण जेटली स्टेडियम को विश्व स्तरीय क्रिकेट स्थल बनाने के हमारे सामूहिक दृष्टिकोण को प्रमाणित करता है। यह दिल्ली क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है।

### हम अगले सीजन में और भी मजबूत होकर वापसी करेंगे : पोंटिंग

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के आईपीएल 2025 के फाइनल में



पहुंचने की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में बहुत कम अंतर्राष्ट्रीय अनुभव के साथ यहां तक का सफर किया। श्रेयस अय्यर उनके पास एकमात्र कैप्ड भारतीय बल्लेबाज थे और यहां तक कि वह अभी तीन अंतर्राष्ट्रीय प्रारूपों में से दो में बाहर हैं। जॉश इंगलिस, जो शायद अब खुद को ऑस्ट्रेलिया का नियमित खिलाड़ी मान सकते हैं, ने 17 में से केवल 11 मैच खेले। ग्लेन मैक्सवेल ने सात मैच खेले। मार्कस स्टॉयनिस ने बहुत कम बल्लेबाजी की।

### सुनील शेट्टी बोले- 'यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि एक प्रेम कहानी है'



**मुंबई (आईएएनएस)**। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की और इसी के साथ इतिहास भी रच दिया। 18 साल में पहली बार आरसीबी ने आईपीएल खिताब जीता है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को छह रनों से हराया। इस जीत को लेकर टीम और क्रिकेट फैंस में जोश देखने को मिल रहा है। वहीं बॉलीवुड भी इसका जश्न मना रहा है। इस कड़ी में बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने अपनी खुशी सोशल मीडिया पर साझा की।

## हार से निराश अय्यर ने की पंजाब किंग्स की तारीफ, कहा- हमें अगले साल ट्रॉफी जीतनी है

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ छह रन से




हार के बाद निराश हैं, लेकिन अय्यर को उम्मीद है कि उनकी टीम में अगले साल वापसी करने और ट्रॉफी उठाने की क्षमता है। आईपीएल-2025 में पंजाब किंग्स 11 साल में पहली बार फाइनल में पहुंची थी। ऐसा सिर्फ दूसरी बार था, जब ये टीम आईपीएल का फाइनल खेल रही थी। श्रेयस अय्यर साल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने के बाद लगातार दूसरे आईपीएल फाइनल में खेल रहे थे। श्रेयस अय्यर आईपीएल फाइनल में तीन फ्रेंचाइजी की कप्तानी करने वाले इकलौते कप्तान हैं। खिताबी मैच के बाद अय्यर ने इस पूरे सीजन अपनी टीम के साहसी प्रदर्शन की तारीफ की। इसके साथ ही क्रुणाल पांड्या की मैच पलटने वाले प्रयास की भी सराहना की। श्रेयस अय्यर ने मैच के बाद दिए इंटरव्यू में कहा, "ईमानदारी से कहूं तो निराश हूं। पिछले मैच को देखते हुए, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगा कि 200 का स्कोर चेज किया जा सकता है। उन्होंने शानदार गेंदबाजी की, खासकर क्रुणाल ने, जो काफी अनुभवी हैं।

## राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता आशीष सिंह को डीएम ने किया सम्मानित



**मुरादाबाद (हि.स.)**। राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले मुरादाबाद के आशीष सिंह को बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपने कार्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि आशीष सिंह ने उप्र के साथ मुरादाबाद का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता 29 मई से 2 जून तक देहरादून में आयोजित हुई थी। आशीष सिंह शहर के उभरते हुए ताइक्वांडो के जाबाज़ खिलाड़ी है। आशीष का चयन एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के कैंप में हो गया है जो अगले माह नाशिक में आयोजित होने वाला है। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी सहित केशव थापा, सुमित शर्मा, शोभित भारद्वाज, अरविंद सिंह, संदीप कुमार, शिप्रा सिंह, रोहित कुमार आदि ने आशीष सिंह का स्वागत कर शुभकामनाएं दी।



## फ्रेंच ओपन: स्वियाटेक चौथे सेमीफाइनल में पहुंची, अब सबालेंका से होगी भिड़ंत

**पेरिस (आईएएनएस)**

पोलैंड की विश्व की 5वें नंबर की खि
कुछ ही क्षणों बाद, मैच को अपने रैकेट पर रखते हुए, उसने लगातार दो ऐस लगाए - मैच का उसका दूसरा और तीसरा - 1 घंटे और 41 मिनट में मुकाबला समाप्त कर दिया।

हालांकि वह 2020 के बाद पहली बार बिना क्ले टाइटल के रौलां गैरो में उतरी थी, स्वियाटेक अब पांचवें फ्रेंच ओपन खिताब से दो जीत दूर है - और शायद यह उसका अब तक का सबसे सार्थक खिताब होगा। इसके बाद, उनका सामना मौजूदा विश्व नंबर 1, आर्यना सबालेंका के रूप में एक जानी-पहचानी और दुर्जेय प्रतिद्वंद्वी से होगा। अप्रैल 2022 से, इन दोनों ने शीर्ष रैंकिंग पर एकाधिकार कर लिया है, जिसमें स्वियाटेक ने शीर्ष पर 125 सप्ताह बिताए हैं और सबालेंका अब अपने 41वें सप्ताह में हैं। उनकी प्रतिद्वंद्विता, जो पहले से ही 12 मैचों की है, स्वियाटेक के पक्ष में 8-4 समग्र और क्ले पर 5-1 से झुकी हुई है। फिर भी यह सबालेंका ही थीं जिन्होंने अपनी सबसे हालिया मुलाकात में जीत का दावा किया - पिछले साल सिनसिनाटी हार्ड कोर्ट पर 6-3, 6-3 की एक प्रभावशाली जीत।

गुरुवार का सेमीफाइनल रौलां गैरो में उनकी पहली मुलाकात होगी, जिसमें क्ले-कोर्ट की कहानी अब सामने और केंद्र में होगी। स्वियाटेक ने कहा, "निश्चित रूप से हमारी प्रतिद्वंद्विता हम दोनों को आगे बढ़ा रही है। लेकिन यह सिर्फ टेनिस के बारे में नहीं है। यह इस बारे में भी है कि हम कैसे काम करते हैं, हम कितने पेशेवर हैं - पूरा दृष्टिकोण।

## 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया से और अधिक प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद मिलेगी': ओलंपियन अंजुम मुद्गिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



अर्जुन पुरस्कार विजेता राइफल शूटर अंजुम मुद्गिल ने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की शुरुआत पर खुशी जाहिर की है और कहा है कि इससे और अधिक प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद मिलेगी और एथलीटों को वैश्विक आयोजनों के लिए तैयार होने में बहुत मदद मिलेगी। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के उद्घाटन संस्करण की घोषणा पिछले महीने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने की थी और यह टूर्नामेंट 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में कुछ प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नाम एक्शन में दिखेंगे। अंजुम ने कहा, "यह अपनी तरह की पहली लीग है और मैं वाकई बहुत उत्साहित हूं। मैं पिछले 17 सालों से इस खेल को खेल रही हूं और मैंने इसे बहुत आगे बढ़ते देखा है। शूटिंग के लिए लीग होने से हमारे खेल की छवि में वाकई सुधार आएगा और लोग इसके बारे में बारीक से बारीक जानकारी हासिल कर पाएंगे। 31 वर्षीय एथलीट का मानना है कि इस तरह का टूर्नामेंट एथलीटों के लिए वैश्विक आयोजनों की तैयारी करने में बहुत मददगार होगा। उन्होंने कहा, "लीग होने से एथलीटों को वैश्विक टूर्नामेंटों की तैयारी करने में वाकई मदद मिलेगी क्योंकि हम वरिष्ठ एथलीट कई सालों से एक खास पैटर्न का पालन करते आ रहे हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## घरेलू यात्रा में उछाल, टूरिज्म सेक्टर की चमकेगी किस्मत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर का योगदान देश की अर्थव्यवस्था में 2035 तक बढ़कर 42 लाख करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि देश को प्रतिस्पर्धी बने रहने और इस सेक्टर की विकास की गति को बनाए रखने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और डेस्टिनेशन मार्केटिंग में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, "2024 में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों द्वारा देश में किया जाने वाला खर्च प्री-कोविड स्तर को पीछे छोड़ते हुए ऑल-टाइम हाई 3.1 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस दौरान घरेलू यात्रियों ने करीब 15.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे, जो कि 2019 के मुकाबले 22 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त, डब्ल्यूटीटीसी की ओर से बताया गया कि भारत के ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर में 2035 तक नौकरियों की संख्या बढ़कर 6.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी, जो कि फिलहाल 4.65 करोड़ पर है। हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट 2025' में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था कि ग्लोबल इकोनॉमी में 10 प्रतिशत



**2019** की तुलना में भारत का ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर 22% अधिक बढ़ा।

योगदान टूरिज्म सेक्टर का होता है और मुझे यकीन है कि ग्लोबल पैरामीटर के तहत 2030 तक हमारा पर्यटन क्षेत्र भी देश की जीडीपी में 10 प्रतिशत का योगदान देगा। हम इस विजन पर तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "भारत के टूरिज्म सेक्टर को प्रमोट करने और वैश्विक स्तर पर देश की क्षमता को बढ़ाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएशन पहली जरूरत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़कें, एक्सप्रेसवे और डेढ़ लाख किलोमीटर के हाइवे बने, नया मॉडर्न रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ। नए एयरपोर्ट्स बने।" उन्होंने आगे कहा, "हालांकि, अभी भी बहुत से काम किए जाने बाकी हैं।

## सकारात्मक वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार हरे निशान में बंद

### सेंसेक्स 260 अंक उछला

**मुंबई (आईएएनएस)**। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 260.74 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 और निफ्टी 77.70 अंक या 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 407.55 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,924.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 142.95 अंक या 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,257.10 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। केवल रियल्टी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ है।



## अदाणी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 750 मिलियन डॉलर

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने बुधवार को कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के कंसोर्टियम से बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) के जरिए 750 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। भारत के सबसे बड़े निजी हवाई अड्डा संचालक और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की सहायक कंपनी के अनुसार, इस राशि का उपयोग मौजूदा 40 मिलियन डॉलर के लोन को रीफाइनेंस करने, इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड में निवेश करने और छह हवाई अड्डों- अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में क्षमता विस्तार के साथ-साथ खुदरा, एफएंडबी, ड्यूटी फ्री और हवाई अड्डे के नेटवर्क में सेवाओं सहित नॉन-एयरोनॉटिकल व्यवसायों को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। एएएचएल के सीईओ अरुण बंसल ने कहा, "अग्रणी वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा हम पर जताया गया भरोसा भारत के विमानन बुनियादी ढांचे में दीर्घकालिक मूल्य और क्षमता को दिखाता है। एएएचएल बेहतरीन ग्राहक अनुभव प्रदान करने, निर्बाध संचालन के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग और हवाई अड्डे के नेटवर्क में सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता देने के अपने मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। बंसल ने कहा कि हमारी कोशिश एएएचएल को 'गेटवे टू गुडनेस' बनाने, ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान करने और विश्व स्तरीय हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की है, जो सर्विस और सस्टेनेबिलिटी में वैश्विक मानक स्थापित करता हो। इस फंडिंग का नेतृत्व अबू धाबी बैंक, बार्कलेज पीएलसी, और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक द्वारा किया गया।



## वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय बैंकों की एसेट क्वालिटी स्थिर : मूडीज

**मुंबई (आईएएनएस)**

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बीच भी भारतीय बैंक अगले 12 महीनों के लिए स्थिर एसेट क्वालिटी बनाए रखने में सक्षम हैं। मूडीज के अनुसार, घरेलू आर्थिक स्थितियां विकास के लिए सहायक बनी हुई हैं, जिससे भारतीय बैंकों को अपने लोन अकाउंट का प्रभावी प्रबंधन करने में मदद मिल रही है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अगले एक साल में भारतीय बैंकों का नॉन-परफॉर्मिंग लोन (एनपीएल) रेश्यो 2 से 3 प्रतिशत के बीच में रह सकता है। दिसंबर 2024 तक बैंक का एनपीएल रेश्यो 2.5 प्रतिशत के करीब था, जो कि इस सेक्टर में एसेट क्वालिटी स्थिर होने का मजबूत सूचकांक है। रेटिंग एजेंसी ने सकारात्मक आउटलुक ऐसे समय पर जारी किया है, जब आरबीआई एमपीसी में ब्याज दरों में कटौती की संभावना के कारण बैंकिंग शेयरों की ओर निवेशकों का झुकाव देखा जा रहा है।

## भारत का क्विक कॉमर्स मार्केट 2030 तक 57 बिलियन डॉलर का होगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

छोटे शहरों और कस्बों में ऑनलाइन ऑर्डर में उछाल के कारण भारत में क्विक कॉमर्स (क्यूसी) टोटल एड्रेसेबल मार्केट (टीएएम) 2030 तक 57 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। देश भर में क्विक कॉमर्स को तेजी से अपनाए जाने के बीच मॉर्गन स्टेनली ने अपने पहले के पूर्वानुमान 42 बिलियन डॉलर को अपडेट किया है। ग्लोबल ब्रोकरेज ने भारत में क्विक कॉमर्स सेगमेंट के लिए अपने ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू (जीओवी) पूर्वानुमान को वित्त वर्ष 2026-2028 के लिए 9-11 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। ब्रोकरेज ने आने वाली तिमाहियों में इस सेक्टर के लिए प्रमुख कैटेलिस्ट की भी पहचान की, जिसमें क्विक कॉमर्स जीओवी में निरंतर वृद्धि, फूड डिलिवरी मार्जिन में निरंतर सुधार और एक स्थिर प्रतिस्पर्धी माहौल शामिल है।